माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 82, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार 16

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 15

आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

श्रीनगर में टारगेट किलिंग

▸▸ हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

मेडिकल कॉलेज से लौटाया, सड़क पर प्रसव, नवजात की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : जिम्मेदारों की लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। प्रसव कराने के लिए परिजनों के साथ पहुंची महिला को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने भर्ती करने से इनकार कर दिया।

मजबूरन परिवार को इमरजेंसी के बाहर सड़क पर अन्य महिलाओं की मदद से प्रसव कराना पड़ा। जिसमें नवजात की जान चली गई। घटना के बाद अधिकारियों ने महिला को एमसीएच विंग में संचालित महिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, परिजनों ने स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

इमरजेंसी के बाहर सड़क पर प्रसव करातीं महिलाएं।

▸▸ पीलीभीत में फिर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई

▸▸ इमरजेंसी के बाहर सड़क पर अन्य महिलाओं की मदद से कराया प्रसव

बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी कृष्णपाल दो दिन पहले पत्नी मुन्नी देवी और पुत्रवधू सुमन के साथ अपने बहनोई पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा निवासी पप्पू के यहां शादी में शामिल होने आए थे। बेटा अनिल कुमार उत्तराखंड के धारचूला में मजदूरी करने गया है। पुत्रवधू सुमन नौ माह की गर्भवती थी।

> इमरजेंसी के बाहर सड़क पर प्रसव होने की जानकारी मिली है। एसीएमओ को मौके पर भेज रिपोर्ट मांगी है। प्रत्येक बिंदु पर जांच कराई जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराएंगे।
> –डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

बुधवार दोपहर करीब 1 बजे सुमन को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन ई-रिक्शा से लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। ई-रिक्शा चालक ने इमरजेंसी के पास उतार दिया। महिला दर्द से तड़प रही थी। उसे इमरजेंसी के बाहर बेंच पर लिटाकर परिजनों ने इमरजेंसी कक्ष में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ का जानकारी दी लेकिन उन लोगों ने प्रसूता को महिला अस्पताल ले जाने की बात कहकर टाल दिया। कोई मदद भी करने से मना कर दिया तक नजदीक के पार्क में बैठी महिलाएं मदद को आईं और सड़क पर ही प्रसव कराया लेकिन नवजात की मौत हो गई। घटना की सूचना पर करीब 15 मिनट बाद महिला विंग के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। परिवार का कहना है कि इमरजेंसी के स्टाफ ने मदद की होती तो शायद नवजात को बचाया जा सकता था।

एक नजर

आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार लोगों में जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह उर्फ काला है।

हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

रांची। भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था जो बुधवार को समाप्त हो गई।

महाभारत न हो इसलिए अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा है

▸▸ कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म

▸▸ राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब

▸▸ विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश

अपनी बात को आगे बढाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं। तंज कसा कि, अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोईघर शुरू हो चुका है। माता शबरी के अनुयायी पीडीए के पार्ट हैं या नहीं। निषाद राज के नाम पर रैन बसेरे शुरू हुए हैं, निषादराज के अनुयायी पीडीए का हिस्सा हैं या नहीं। योगी ने सदन में मौजूद शिवपाल यादव का संज्ञान लेते हुए सवाल उठाया कि सपा की लोस उम्मीदवारों वाली सूची में परिवार के तीन सदस्यों के नाम थे, चच्चू का नाम क्यों नहीं था। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते।

पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश

नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक

सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलेपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

दिल्ली आबकारी मामला

ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब किया गया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था।

रिश्वत लेते जिला उद्योग केंद्र का सहायक प्रबंधक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ लोन पर सब्सिडी दिलाने के लिए महिला से ले रहा था पांच हजार

अमृत विचार : जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव बुधवार को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते धर लिया गया। एक महिला को लोन पर सब्सिडी दिलाने की एवज में पैसा लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने उसके कार्यालय में ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि शहर के मोहल्ला सुर्खा में रहने वाली रितु सक्सेना ने कौशल श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि जिला उद्योग कार्यालय से बुटिक खोलने के लिए उनका पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ जिसकी पहली किस्त जारी हो गई थी। लोन पर 25 प्रतिशत सब्सिडी दिलाने के बदले सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव पांच हजार रुपये मांग रहा था। एंटी करप्शन टीम की योजना के मुताबिक बुधवार को रितु जिला उद्योग केंद्र पहुंचीं। कौशल श्रीवास्तव ने जैसे ही उनसे पांच हजार रुपये लिए, टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

एससी-एसटी की स्थिति हर मामले में समान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सात जजों की संविधान पीठ 23 याचिकाओं पर कर रही सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि सभी अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) अपने आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक दर्जे के हिसाब से एक समान नहीं हो सकतीं। कोर्ट इसका परीक्षण कर रहा है कि क्या राज्य कोटा के अंदर कोटा देने के लिए एससी-एसटी को उप-वर्गीकृत कर सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 23 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा, 'वे (एससी और एसटी) एक निश्चित उद्देश्य के लिए एक वर्ग हो सकते हैं, लेकिन वे सभी उद्देश्यों के लिए एक वर्ग नहीं हो सकते हैं।' शीर्ष अदालत ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में 2004 के पांच जजों की संविधान पीठ के फैसले पर फिर से विचार करने के संदर्भ में सुनवाई कर रही है, जिसमें यह कहा गया था कि एससी और एसटी समरूप समूह हैं।

फैसले के मुताबिक, इसलिए राज्य इन समूहों में अधिक वंचित और कमजोर जातियों को कोटा के अंदर कोटा देने के लिए एससी और एसटी के अंदर वर्गीकरण पर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। पीठ ने कहा, 'इस अर्थ में एकरूपता है कि उनमें से प्रत्येक अनुसूचित जाति से संबंधित है, लेकिन आपका तर्क यह है कि समाजशास्त्रीय, आर्थिक विकास, सामाजिक उन्नति, शिक्षा उन्नति के संदर्भ में भी कोई एकरूपता नहीं है।' पीठ में न्यायमूर्ति बार गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा भी शामिल हैं।

केंद्र ने आरक्षण देने को उप-वर्गीकरण का किया समर्थन

केंद्र ने आरक्षण के अंदर आरक्षण देने के लिए एससी-एसटी के उप-वर्गीकरण का शीर्ष अदालत में समर्थन किया और कहा कि वह सैकड़ों वर्षों के भेदभाव से पीड़ित लोगों के लिए सकारात्मक कार्रवाई के रूप में आरक्षण नीति के प्रति प्रतिबद्ध है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईवी चिन्नैया फैसले का विरोध किया और कहा, 'उप-वर्गीकरण आरक्षण के पीछे के वास्तविक उद्देश्य को आगे बढ़ाता है।

क्या है मामला : संविधान पीठ 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पंजाब सरकार द्वारा दायर प्रमुख याचिका भी है। इसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 2010 के फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने पंजाब कानून की धारा 4(5) को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था, जो वाल्मीकियों और मजहबी सिखों को अनुसूचित जाति का 50 फीसदी आरक्षण देती थी।

वास्तुशास्त्री खुशदीप 65 करोड़ की ठगी में गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पुराने संसद भवन की लाइब्रेरी में बताया था वास्तुदोष

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है।

उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी।

▸▸ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा। धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन आंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है।

यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्यः धामी

यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है।

ऐसे बनी संहिता

- पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने तैयार की यह संहिता
- समिति ने सुझाव लेने को 43 जनसंवाद कार्यक्रम किए
- समिति को मिले कुल 32 लाख 32 हजार 961 सुझाव
- 2 फरवरी को संहिता का प्रारूप मुख्यमंत्री को सौंपा
- 4 फरवरी को धामी मंत्रिमंडल ने इसे दी अपनी मंजूरी
- 6 फरवरी को विधानसभा में रखा गया यूसीसी विधेयक
- 7 फरवरी को दो दिन की चर्चा के बाद हो गया पारित
- 202 पृष्ठों की इस संहिता में हैं कुल 392 धाराएं

सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ

लखनऊ। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित किया है। दिसंबर- जनवरी में 562 केन्द्रों पर आयोजित हुई परीक्षा में करीब 30 फीसद अभ्यर्थी सफल हुए हैं। परिणाम अधिकारिक वेबसाइट पर भी देखे जा सकते हैं। पुरुष वर्ग के सफल अभ्यर्थियों की संख्या 21 हजार 728 यानि 30.19 प्रतिशत है। जबकि 19 हजार 404 यानि 29.77 प्रतिशत महिला वर्ग से उत्तीर्ण हैं। सीए फाउंडेशन-2023 परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों ने आवेदन दिसंबर में किए थे। इसी के बाद परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर, 2 जनवरी, 4 जनवरी और 6 जनवरी को कराया गया था।

उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ कार्रवाई

▸▸ दिल्ली और हरियाणा स्थित आवासों से टीम ने कब्जे में लिए अहम दस्तावेज

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापेमारी की। ईडी ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड, दिल्ली व हरियाणा के 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

ईडी ने रावत के श्रीनगर स्थित भवन पर भी छापा मारा। वहां मौजूद रावत की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। रावत के दिल्ली और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के घर से भारी मात्रा में कैश मिला। हरिद्वार में पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद के आवास पर ईडी ने छापा मारा। ईडी ने काशीपुर में भाजपा के जिला मंत्री अमित सिंह के घर पर भी छापा मारा।

शहर में आज

- संजय कम्युनिटी हॉल में आशा दिवस सम्मेलन सुबह 10 बजे से।
- बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा दोपहर 2 बजे।
- राजकीय बालिका गर्ल्स इंटर कॉलेज में अटल आवासीय स्कूल प्रवेश परीक्षा सुबह 8 बजे से।
- स्टेडियम में बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से।
- श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 23वां दीक्षांत समारोह सुबह 10:30 बजे।
- आईडीएपीएल की ट्राफी का अनावरण रामपुर गार्डन स्थित राय डेंटल क्लिनिक पर दोपहर 2.30 बजे।

यहां भविष्य अब अंधकारमय...बोलकर सपा छोड़ भाजपा में पहुंचे सत्येंद्र

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का मिशन तोड़फोड़ शुरू, सपा में रहते हुए परिवार में 10 साल से है ब्लॉक प्रमुखी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : करीब 25 साल के राजनीतिक जीवन में दो बार सपा के टिकट पर फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के प्रमुख का पद परिवार में रखने वाले और खुद जिला महासचिव पद पर रहे सत्येंद्र यादव ने बुधवार को यह कहकर भाजपा ज्वाइन कर ली कि सपा में रहने का मतलब अपना राजनीतिक भविष्य अंधकारमय करना है। सत्येंद्र के भाजपा में जाने से मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में सपा को तगड़ा झटका लगा है।

सत्येंद्र यादव ने बुधवार को लखनऊ में हुए एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सत्येंद्र ने 1998-99 से राजनीति की शुरुआत सपा की ही छत्रछाया में शुरू की

थी। 2004 में वह युवजन सभा के उपाध्यक्ष रहे, फिर महानगर इकाई में उपाध्यक्ष रहे। इसके बाद लोहिया वाहिनी में प्रदेश सचिव और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भी रहे। पिछली जिला कार्यकारिणी में उन्हें जिला महासचिव बनाया गया था। फतेहगंज पश्चिमी में फिलहाल उनकी भाभी ब्लॉक प्रमुख हैं। इससे पिछले कार्यकाल में उनकी पत्नी प्रमुख रही थीं। सत्येंद्र इस समय खुद भी जिला पंचायत सदस्य हैं।

> क्या..! सत्येंद्र भाजपा में चले गए। उनकी गतिविधियां पहले से संदिग्ध थी। शहर में भाजपा के होर्डिंग-बैनर लगाए थे। पार्टी के कार्यक्रम में आते नहीं थे। उनके भाजपा में जाने की जानकारी नहीं है। जाने वाले को कोई रोक नहीं सकता है। उनके जाने से यादव वोटों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। - **शिवचरन कश्यप,** जिलाध्यक्ष सपा

भाजपा में जाते ही सपा नेतृत्व पर आरोपों की बौछार

लखनऊ से लौट रहे सत्येंद्र यादव ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि मुलायम सिंह यादव के समय में पार्टी में मेहनती कार्यकर्ताओ की कद्र थी, लेकिन अब वह बात नहीं है। सपा की नीतियां अब समझ से परे हैं। नए लोगों को सिर पर बैठाकर पुराने कर्मठ कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा। पार्टी में अनुभवी नेतृत्व होना चाहिए लेकिन ऐसा भी नहीं है। पुराने कार्यकर्ता उपेक्षा से जिले के कार्यक्रमों में नहीं जाते। उन्हें संगठन में कोई जिम्मेदारी तक नहीं दी जा रही है। भाजपा में काम करने वालों का सम्मान में कमी नहीं रखी जाती। मोदी-योगी की नीतियां जनता को प्रभावित कर रही हैं। इसी कारण उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया।

योगेश पटेल भी लौटे, बोले- सम्मान से हुई घरवापसी

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा के ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल ने बुधवार को लखनऊ में फिर से भाजपा ज्वाइन कर ली। वह 20 साल से भी ज्यादा समय से भाजपा में थे लेकिन कुछ समय के लिए अलग हो गए। उन्होंने बताया कि अब सम्मान के साथ घर वापसी हो गई है। भाजपा को मजबूत किया था और अब और मजबूत करेंगे। कई शिक्षण संस्थाओं को संचालित कर रहे योगेश की ब्लाक और पड़ोसी ब्लाक में कुर्मी मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है। इसकी वजह से उन्हें ब्लाक प्रमुख की कुर्सी से कोई हिला नहीं पाया है। योगेश पटेल ने बताया कि पिछली बार से ज्यादा वोट इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को यहां से मिलेंगे। इसमें कुर्मी, यादव और अन्य जातियों के वोट होंगे।

निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते फतेहगंज पूर्वी के चेयरमैन ने भी की घरवापसी

बरेली, अमृत विचार : फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय पाठक ने भी बुधवार को लखनऊ में भाजपा का दामन थाम लिया। वैसे, संजय पाठक पहले भी भाजपा के ही सदस्य थे। पिछले साल निकाय चुनाव में टिकट न दिए जाने पर उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। भाजपा की ओर से उनके सामने उतारे गए प्रदीप अग्रवाल दूसरे नंबर पर रहे थे।संजय पाठक ने बुधवार को लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा ज्वाइन की। आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह के अनुसार संजय पाठक उनके प्रयास से भाजपा में शामिल हुए है। पार्टी के निर्देश पर उन्होंने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा कि संजय पाठक के शामिल होने से भाजपा को फायदा मिलेगा। करीब 50-60 और लोग हैं जिन्हें पार्टी में शामिल कराने की तैयारी की जा रही है। इनमें कुछ दूसरी पार्टियों के बड़े पदाधिकारी भी हैं। संजय पाठक ने कहा कि वह 1984 से भाजपा से जुड़े हुए हैं। टिकट नहीं मिला तो वह निर्दलीय चुनाव लड़कर करीब चार सौ वोटों से जीते। उन्हें पार्टी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने पर निष्कासित कर दिया था। अब घर वापसी के बाद नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

एक नजर

अगले सप्ताह बढ़ना शुरू होगा अधिकतम तापमान

बरेली, अमृत विचार : मौसम साफ होने से लोगों को काफी राहत मिली है लेकिन दिन में तेज धूप को ठंडी हवाएं बेअसर कर रही हैं। रात में हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी और रात में गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। हालांकि रात और सुबह के समय कोहरा और धुंध छायी रह सकती है। बुधवार को अधिकतम तापमान 21.2 और न्यूनतम सामान्य से तीन डिग्री कम 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी धुंध के आसार रहेंगे। शाम को तेज हवाओं से पारे में गिरावट हो सकती है। एक सप्ताह में अधिकतम तापमान 23 डिग्री तक जाने का पूर्वानुमान है।

पॉश कॉलानियों समेत कई जगह गुल रही बिजली

बरेली, अमृत विचार : अनुरक्षण कार्यों के चलते रोजाना अलग-अलग इलाकों में बिजली कटौती की जा रही है। बुधवार को कई पॉश कालोनी में कटौती से लोग परेशान हुए। वहीं कुतुबखाना उपकेंद्र के फाल्ट को ठीक कर दिया गया है। हरुनगला उपकेंद्र से जुड़े रामगंगा नगर फीडर पर बुधवार को मरम्मत का काम कराया गया। जिसके चलते आशीष रॉयल पार्क, शिव गार्डन, महेंद्र नगर, डोहरा रोड, सनराइज, रामगंगा सेक्टर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा किला उपकेंद्र पर मंगलवार की रात और बुधवार को तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की गई। वहीं सिविल लाइंस और महानगर क्षेत्र में भी कटौती और ट्रिपिंग से लोग परेशान हुए।

आज यहां गुल रहेगी बिजली : उपकेंद्र नवाबगंज तहसील और ग्रामीण से संबंधित 33 और 11 केवी लाइन पर काम कराने के चलते सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि कांधरपुर और ठिरिया निजावत खां में पेड़ों की टहनियों की छंटाई के चलते दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

मौलाना तौकीर की जेल भरो आंदोलन की तैयारी जारी, प्रशासन ने भी कसना शुरू किया शिकंजा

सामूहिक गिरफ्तारी के साथ बाजार बंद कराने के लिए संपर्क अभियान जारी, गरमाने लगा शहर का माहौल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा की अनुमति दिए जाने के खिलाफ आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के जेल भरो आंदोलन के एलान के बाद शहर का माहौल गरमाने लगा है। प्रशासन की ओर से बगैर अनुमति के आंदोलन न होने देने की मंशा जताने के बाद भी आईएमसी की तैयारियां जारी हैं। दूसरी ओर प्रशासन ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

मौलाना तौकीर ने शुक्रवार को नमाज के बाद इस्लामिया कॉलेज ग्राउंड में इकट्ठे होकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का एलान किया है। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर मौलाना ने साफ किया था कि यह आंदोलन ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के साथ मदरसों और मजारों में तोड़फोड़ की कार्रवाई के भी विरोध में है। बाद में उन्होंने मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी का मुद्दा भी अपने एजेंडे में शामिल कर लिया। मौलाना तौकीर की ओर से मुस्लिम कारोबारियों से बाजार बंद का भी आह्वान किया है। संपर्क अभियान के साथ इसकी भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

उधर, पुलिस की ओर से मंगलवार को इस्लामिया कॉलेज प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया था कि मौलाना ने अपने कार्यक्रम के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली है, इसलिए उन्हें इस्लामिया ग्राउंड पर कार्यक्रम करने की अनुमति न दी जाए। प्रशासन की मंशा साफ होने के बाद भी बुधवार तक आईएमसी की ओर से तैयारियां चलती रहीं। उधर, मुस्लिम बहुल सैलानी बाजार के भी ज्यादातर कारोबारियों ने मौलाना के फैसले का समर्थन किया है। उधर, सैलानी बाजार के दुकानदार सैयद इमरान अली, मेराज अली, मुजीब अहमद और काशिफ खान ने बताया कि ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की अनुमति दे दिए जाने पर मुसलमानों में भारी नाराजगी है। शुक्रवार को मौलाना तौकीर के बाजार बंद के आह्वान का वे समर्थन करते हैं। मुसलमानों पर हो रही ज्यादती के खिलाफ किसी को तो आगे आना होगा। कानून के दायरे में आवाज उठाने में कुछ गलत नहीं है। दुकानदारों ने यह भी कहा कि दूसरे इलाकों के व्यापारियों को भी मौलाना का साथ देना चाहिए।

मौलाना तौकीर के एलान को लेकर बुधवार को पुलिस ने मिश्रित आबादी के इलाकों में पैदल गश्त की। ● अमृत विचार

खानदान के दूसरे सदस्यों ने भी किया मौलाना तौकीर का समर्थन

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा के जेल भरो आंदोलन के एलान का आला हजरत खानदान के दूसरे सदस्यों ने भी समर्थन शुरू कर दिया है। खानदान के मौलाना कैफ और सिराज मियां उन्हें समर्थन देने का एलान किया है। दरगाह उस्ताद-ए-जमन ट्रस्ट के मौलाना कैफ रजा ने कहा कि मुसलमानों को तौकीर मियां के जेल भरो आंदोलन में शामिल होकर अपनी बेदारी का सुबूत पेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमान संविधान की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस्लामिया ग्राउंड पहुंचें। अन्याय का विरोध करना प्रत्येक भारतीय का मौलिक अधिकार है और इसकी इजाजत हमारा संविधान हमें देता है। उन्होंने कहा कि आज मस्जिदें और मजार महफूज नहीं रह गई हैं। उलमा की बेवजह गिरफ्तारियां की जा रही हैं जिससे देश का माहौल खराब हो रहा है। पुलिस-प्रशासन और न्याय व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि किसी के अधिकारों का हनन न हो लेकिन हालात इसके उलट हैं। नबीर-ए-आला हजरत सिराज रजा खां नूरी ने भी लोगों से अपील की है कि शुक्रवार को पूरी शांति के साथ देश की अखंडता और मस्जिदों-मदरसों को बचाने के लिए वे इस्लामिया मैदान पहुंचें और आईएमसी प्रमुख की आवाज को मजबूती दें।

- **मौलाना कैफ और सिराज की ओर से भी जारी की गई मुसलमानों के नाम अपील**
- **कहा- भारी संख्या में इस्लामिया ग्राउंड पहुंचकर अपनी बेदारी का सुबूत पेश करें**

भड़काऊ पोस्टर बांटने पर अज्ञात पर रिपोर्ट, तौकीर समेत 30 को नोटिस

बरेली, अमृत विचार : आईएमसी के नाम से शहर की मस्जिदों में बांटे जा रहे पर्चों को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत पार्टी के 30 लोगों को सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस दिया है। जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, यदि वह नौ जनवरी को खुराफात करेंगे तो उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं कोतवाली पुलिस ने भड़काऊ पोस्टर बांटने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बुधवार शाम को पैदल गश्त भी की।

वाराणसी में ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में मूर्तियों की कोर्ट के आदेश पर पूजा शुरू होने के मामले में रविवार को तौकीर रजा खां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। जिसमें शुक्रवार को गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया था। इसके बाद शहर में कुछ स्थानों पर आईएमसी की तरफ से पर्चे बांटे जा रहे हैं। पुलिस ने माहौल खराब करने वाले मौलाना तौकीर रजा समेत 30 पदाधिकारियों को नोटिस दिया है। शुक्रवार सुबह ही पुलिस फोर्स तैनात कर दी जाएगी। पुलिस अधिकारी समेत खुफिया विभाग भी अलर्ट हो गया है। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बुधवार को सीओ प्रथम संदीप सिंह और कोतवाली प्रभारी डीके शर्मा समेत भारी पुलिस फोर्स के साथ बिहारीपुर, मलूकपुर, आला हजरत, खलील तिराहा, अयूब खां समेत मिश्रित आबादी, मुख्य बाजार व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की।

आईएमसी का पर्चे बांटने से इन्कार

आईएमसी के नाम से शहर की कई मस्जिदों में पर्चे भी बांटे गए हैं जिनमें मुसलमानों से भारी संख्या में शुक्रवार को इस्लामिया ग्राउंड पर पहुंचने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से बगैर कार्यक्रम की अनुमति लिए पर्चे बंटवाए जाने पर आपत्ति किए जाने के बाद आईएमसी ने पर्चे बंटवाने से इन्कार कर दिया है। पार्टी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि पार्टी ने आधिकारिक तौर पर ऐसा कोई पर्चा नहीं छपवाया है। हालांकि पर्चों में कोई गलत बात नहीं लिखी है और वह उसका समर्थन भफी करते हैं।

देर रात नाटकीय घटनाक्रम

सुरक्षा में तैनात सिपाही लौटे तो भड़के मौलाना बोले- मेरी हत्या कराना चाहती है सरकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसएसपी ने किया साफ- सुरक्षा वापस नहीं ली, ट्रेनिंग पर भेजे गए हैं सिपाही**
- **दूसरे सिपाहियों के ड्यूटी पर पहुंचने से पहले ही लौट आने से हुई गफलत**

अमृत विचार : मौलाना तौकीर और प्रशासन के बीच तनातनी के बीच बुधवार देर रात नाटकीय घटनाक्रम हुआ। हल्ला मचा कि मौलाना तौकीर की सुरक्षा में राज्य सरकार की ओर से तैनात सिपाही वापस बुला लिए गए हैं। इसके बाद आननफानन मौलाना ने आरोप भी मढ़ दिया कि राज्य सरकार उनकी हत्या कराना चाहती है। यहां तक कह दिया कि दिल्ली से बरेली लौटते हुए उनकी हत्या की योजना बनाई गई है। कुछ देर बाद पुलिस अफसरों ने साफ किया कि मौलाना की सुरक्षा वापस नहीं ली गई है। उनकी सुरक्षा में तैनात सिपाहियों को ट्रेनिंग पर भेजा गया है। उनकी जगह दूसरे सिपाही तैनात किए जा रहे हैं।

बुधवार रात आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने मीडिया को बताया गया कि प्रदेश सरकार ने मौलाना तौकीर रजा की सुरक्षा वापस ले ली है और सुरक्षा में तैनात सिपाहियों को वापस बुला लिया गया है। बताया गया कि सुरक्षा उस समय वापस ली गई जब मौलाना तौकीर मुस्लिम राजनीतिक पार्टियों की बैठक और प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल होने दिल्ली गए हुए थे। सिपाहियों के उन्हें वहीं छोड़कर चले आने पर भड़के मौलाना ने आरोप लगाया कि उनके एलान से परेशान प्रदेश सरकार उनकी हत्या कराना चाहती है। उनकी दिल्ली से बरेली लौटते हुए हत्या की प्लानिंग की गई है। रास्ते में उनका एक्सीडेंट कराया जा सकता है या फिर आतंकवादी हमला हो सकता है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने कभी सुरक्षा नहीं मांगी थी बल्कि इसे उन पर थोपा गया था। कई लोग उन्हें मारने का एलान कर चुके हैं। ऐसे समय में सुरक्षा हटाने का मतलब साफ है कि सरकार की नीयत खराब है।

देर रात एसएसपी की ओर से साफ किया गया कि मौलाना की सुरक्षा में तैनात सिपाहियों को ट्रेनिंग पर भेजा गया है। उनकी जगह दूसरे सिपाही तैनात किए जा रहे हैं। इसके बाद आईएमसी के मीडिया प्रभारी ने भी साफ किया कि उनकी एसएसपी से बात हो गई है। मौलाना की सुरक्षा में तैनात सिपाहियों को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है। सुरक्षा कर्मियों ने यह गलती की कि दूसरे सिपाहियों के दिल्ली पहुंचने से पहले ही वे लौट आए।

तौकीर के भतीजे की दुकानों को ढहाने पहुंची बीडीए टीम

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा के भतीजे की बिना नक्शा पास बनी दुकानों को बीडीए की टीम ढहाने पहुंच गई, जिससे वहां हड़कंप मच गया। दुकानें बंद होने के कारण टीम चेतावनी देकर लौट गई।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के भाई तौसीफ रजा खां के बेटे फैज रजा ने कुछ समय पहले परमात्मा शरण के बेटे धीरज माथुर और नीरज माथुर से कोतवाली थाना क्षेत्र के बिहारीपुर में रावण वाली गली के पास जमीन खरीदी थी। आरोप है कि फैज रजा ने उस जमीन पर बीडीए की अनुमति के बिना दुकानों का निर्माण करा लिया। जानकारी में आने के बाद बीडीए ने 9 अगस्त 2023 को नोटिस दिया। फैज रजा ने नोटिस का जवाब नहीं दिया तो 12 दिसंबर 2023 को भवन गिराने का नोटिस देते हुए कहा कि सुनवाई का पर्याप्त समय देने के बाद भी समुचित उत्तर नहीं दिया गया। इस नोटिस में 25 दिन का समय देते हुए अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त करने को कहा गया। नोटिस में यह भी कहा गया कि 6 जनवरी को बीडीए न्यायालय में उपस्थित होकर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बारे में स्पष्टीकरण दें। उक्त तिथि तक स्वयं ध्वस्तीकरण नहीं करने पर प्रवर्तन दल को ध्वस्तीकरण कार्यवाही करने का आदेश दिया गया था। बुधवार की दोपहर बीडीए की टीम फैज रजा की मार्केट को ध्वस्त करने गई थी।

बिहारीपुर में तौकीर के भतीजे की दुकानों को ढहाने पहुंची बीडीए की टीम।

नोटिस में नाम अलग

बीडीए के नोटिस में जो नाम दर्ज है वह मौलाना के भाई का नहीं है। बीडीए ने तौफीक रजा खां के नाम ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया है जबकि मौलाना तौकीर रजा के भाई का नाम तौसीफ रजा खां है। अब इसे लिपिकीय त्रुटि बताया जा रहा है क्योंकि मोहल्ला और जमीन सही दर्ज है।

तारीख पर तारीख... कहीं चुनाव को भी पार न कर जाए कुतुबखाना पुल

पीडब्ल्यूडी मंत्री से किया था 15 फरवरी को पुल शुरू करने का वादा, अब दी पहली मार्च की तारीख, चुनाव नजदीक आने के साथ बढ़ रही जनप्रतिनिधियों की बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अधबना कुतुबखाना पुल कभी व्यापारियों के लिए सिरदर्द बना हुआ था, अब लोकसभा चुनाव से पहले उद्घाटन की इच्छा संजोए जनप्रतिनिधियों के लिए बन गया है। कार्यदायी संस्था और सेतु निगम के अफसरों पर लगातार दबाव बनाए रखने के बावजूद पुल शुरू करने की एक और तारीख हाथ से निकली जा रही है। अफसरों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद से हर हालत में 15 फरवरी को पुल शुरू करने का वादा किया था लेकिन अब पहली मार्च की तारीख दे दी है। हालांकि जितना काम बकाया है, उसे देखते हुए पहली मार्च को भी पुल शुरू होना मुश्किल माना जा रहा है।

कुतुबखाना पुल का निर्माण पूरा करने के लिए अफसरों की ओर से इतनी तारीखें दी जा चुकी हैं कि सांसद संतोष गंगवार ने पीडब्ल्यूडी मंत्री के निरीक्षण के दौरान ही आरोप मढ़ दिया था कि कार्यदायी संस्था का ठेकेदार और स्मार्ट सिटी के अफसर लगातार झूठ बोलकर दुकानदारों के साथ छल कर रहे हैं और जनप्रतिनिधियों की भी फजीहत करा रहे हैं। अब वे भरोसा करने के लायक नहीं बचे हैं। इस पर जितिन प्रसाद ने सख्ती के साथ चेतावनी दी थी कि अगर अब घोषित समयसीमा में काम पूरा न हुआ तो ठेकेदार जुर्माना झेलेगा और अफसर कठोर कार्रवाई।

जितिन ने कहा था कि चुनाव नजदीक है, अब बहाने नहीं चलेंगे। इसके बाद अफसरों ने वादा किया था कि 30 जनवरी तक काम पूरा हो जाएगा और 15 फरवरी को पुल का उद्घाटन कराने के साथ वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी लेकिन 15 फरवरी को भी पुल का उद्घाटन होने के आसार नहीं लग रहे हैं।

बता दें कि कुछ ही दिन पहले मेयर उमेश गौतम ने भी कुतुबखाना पुल का निरीक्षण किया था। अफसरों ने उनके सामने भी दावा किया था कि पुल का निर्माण निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

कुतुबखाना पुल पर तेजी से निर्माण चल रहा है लेकिन अब भी कई काम बाकी रह गए हैं। ● अमृत विचार

ठेकेदार ने अब जीएम को फंसा दिया

जितिन ने निरीक्षण के बाद सेतु निगम के जीएम केएन ओझा से पूछा- काम कब तक पूरा होगा तो उन्होंने पहले 26 जनवरी की तारीख बताई लेकिन कुछ देर बाद ठेकेदार के कहने पर 30 जनवरी को निर्माण पूरा होने का वादा करने लगे। जितिन ने फिर तल्ख तेवर दिखाए तो वादा किया कि 30 जनवरी तक पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा और 15 फरवरी तक सड़क बनाने के साथ बाकी काम भी पूरे कर लिए जाएंगे।

दो बार में 55 लाख का लगाया जा चुका है जुर्माना

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 111 करोड़ रुपये की लागत से 1280 मीटर लंबे कुतुबखाना पुल का निर्माण 31 दिसंबर तक पूरा किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। निर्माण में देरी पर कार्यदायी संस्था पर दो बार में 55 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है। अब 15 फरवरी तक काम पूरा नहीं होने पर 22 लाख रुपये का जुर्माना डालने की बात कही जा रही है।

व्यू कटर समेत कई काम अधूरे

पुल पर सड़क पड़नी बाकी है और फिलहाल व्यू कटर और बिजली के पोल लगाए जाने का काम चल रहा है। इस काम को पूरा करने में कम से कम एक महीने का समय लगेगा। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों की बात पर यकीन किया जाए तो यह काम मार्च में होली के आसपास ही पूरा हो सकेगा।



फरीदपुर कांड : पांच लोगों की मौत को हादसा साबित करने की कोशिश में खुद सवालों में उलझ रही पुलिस

अग्निशमन विभाग की संभावनाओं पर आधारित रिपोर्ट पर जोर, विद्युत सुरक्षा विभाग की स्पष्ट रिपोर्ट नजरंदाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुलिस के हर नए दावे के साथ फरीदपुर में अपने कमरे में सोते हुए पति-पत्नी और तीन बच्चों की आग में जलकर मौत होने की घटना पर नए सवाल खड़े होते जा रहे हैं। शुरू से इस घटना को हादसा साबित करने पर अड़ी पुलिस अब मुख्य अग्निशमन अधिकारी की उस गोलमोल रिपोर्ट को अपने दावे का आधार बनाने की कोशिश कर रही है जिसमें आग लगने का कारण ही स्पष्ट नहीं किया गया है। लेकिन विद्युत सुरक्षा अधिकारी की उस रिपोर्ट को पूरी तरह नजरंदाज किया जा रहा है, जिसमें शॉर्ट सर्किट या अलाव की वजह से हादसा होने की सारी संभावनाओं को स्पष्ट तौर पर खारिज किया गया है।

फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में एक कमरे के मकान में रहने वाले अजय गुप्ता नान का स्टाल लगाते थे। 28 जनवरी की सुबह उनके चचेरे भाई राजेंद्र ने कमरे से धुआं उठता पाया। कमरे के दरवाजे पर बाहर से ताला पड़ा हुआ था। पुलिस को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर अजय, उनकी पत्नी अनीता और तीनों बच्चों के जले हुए शव मिले। छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि घर के बरामदे में खड़ी तीनों मोटर साइकिलों के पेट्रोल सप्लाई के पाइप कटे हुए हैं और तीनों के टैंक पेट्रोल से पूरी तरह खाली हैं। अनुमान लगाया गया कि तीनों मोटर साइकिलों का पेट्रोल निकालकर ही कमरे में डाला गया और आग लगाने के बाद बाहर से ताला डाल दिया गया।

बड़ा सवाल : विद्युत सुरक्षा अधिकारी को कमरे में क्यों नहीं मिला ब्लोअर या हीटर

फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में अजय गुप्ता, उनकी पत्नी अनीता और तीन बच्चों की 27 जनवरी की रात में कमरे में लगी आग में जलकर मौत होने के बाद अग्निशमन और विद्युत सुरक्षा दोनों विभागों की टीमों ने अगले दिन 28 जनवरी को कमरे की जांच कर आग लगने के कारण पता लगाने की कोशिश की थी। पुलिस मुख्य अग्निशमन अधिकारी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए ब्लोअर या हीटर से आग लगने का अंदेशा जता रही है लेकिन विद्युत सुरक्षा अधिकारी का साफ कहना है कि उन्हें कमरे में न ब्लोअर मिला था न हीटर। इससे सवाल खड़ा हो गया है कि विद्युत सुरक्षा जांच से पहले ब्लोअर-हीटर कहां गायब हो गया।

हत्या की ओर इशारा करने वाले सुबूत

1- बिजली सुरक्षा टीम के अनुसार कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग नहीं लगी।
2- ऐसा भी कोई प्रमाण नहीं मिला कि कमरे में अलाव जलाया गया हो।
3- कमरे में बाहर से ताला लगा था, पुलिस ने अंदर से हाथ निकालकर बाहर ताला लगाने का दावा किया जो सिद्ध नहीं हो सका।
4- बरामदे में खड़ी तीन बाइक के पाइप काटकर पेट्रोल निकाला गया था।
5- कोई ऐसा ठोस प्रमाण नहीं मिला जो घटना को हादसा साबित कर सके।
6- मृतकों के परिवार और आसपास के लोग भी घटना को बता रहे हैं हत्या।

पुलिस के तर्क

1- अंदर सिटकनी नहीं थी, संभावना है कि दरवाजों के गैप से हाथ निकालकर खुद ताला डाला गया होगा।
2- हत्या करने वालों को दरवाजे पर बाहर ताला डालने की जरूरत नहीं थी, वह आसानी से भाग सकते थे।

विद्युत सुरक्षा अधिकारी की दो टूक- हादसा होने का कोई प्रमाण नहीं, गंभीरता से जांच करे पुलिस

घटना के बाद एसडीएम के कहने पर 28 जनवरी को टीम के साथ जांच करने पहुंचे विद्युत सुरक्षा अधिकारी एके चौधरी दावे के साथ कहते हैं कि अजय के पूरे परिवार की मौत की वजह हादसा नहीं है। उन्होंने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगती है कि तार आपस में चिपककर बेकार हो जाते हैं। बाहर से आग लगती है तो उनकी प्लास्टिक (इंसुलेशन) पिघल जाती है। उनकी जांच के दौरान कमरे में शॉर्ट सर्किट का कोई प्रमाण नहीं मिला। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर उन्हें ब्लोअर भी नहीं मिला। वह प्रमाणित भी कर सकते हैं कि किसी भी यंत्र या बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट नहीं हुआ था। विद्युत सुरक्षा अधिकारी ने यह भी कहा कि कमरे में अंदर रहते हुए बाहर ताला भी नहीं लगाया जा सकता। पुलिस को मौत के कारणों का पता लगाने के लिए घटना को हादसा बताने के बजाय गंभीरता से जांच करनी चाहिए ताकि असलियत सामने आ सके। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगती तो कमरे में सोए हुए लोग उठकर अपनी जान बचाने के लिए भागते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिस को पता लगाना चाहिए कि बाहर से ताला क्यों और किसने लगाया था।

▸▸ बोले- कमरे के अंदर से बाहर ताला लगाना भी संभव नहीं

सीएफओ ने भी झुठलाया पुलिस अफसरों का दावा बोले- कारण साफ नहीं, रिपोर्ट में सिर्फ संभावनाएं

मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एक बार फिर घटना को हादसा बताया है लेकिन खुद उनका कहना है कि उनकी जांच में आग लगने के कारणों का संकेत तो मिला है, मगर आग लगने का कारण पूरी तरह साफ नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में मुख्य बिंदु यह होता है कि आग कहां से शुरू हुई और कहां तेज हुई। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक आग लगने का कारण बिजली उपकरण या तार भी हो सकते हैं। हीटर भी भी कारण हो सकता है लेकिन परिजनों का कहना था कि हीटर का प्लग बोर्ड से निकला हुआ था। उन्होंने बताया कि कमरा 12 गुणा 14 फुट का था जिसमें सामान भी भरा था। कमरे के अंदर बायीं तरफ सोफा रखा था। उनकी रिपोर्ट में अंदेशा जताया गया है कि चिंगारी गिरने से सोफे के फोम में आग लगी जिसके जहरीले धुएं से भी मौत हो सकती है। कमरे में रखा सारा सामान पूरी तरह राख हो गया था। ऐसे में सभी रिपोर्टों का मिलान करने के बाद ही कुछ साफ कहा जा सकता है। उनकी रिपोर्ट कई बिंदुओं पर अंदेशा जताते हुए दी गई है। अब तक आग लगने के कारणों का साफ पता नहीं चल सका है।

▸▸ कहा- सभी रिपोर्टों का मिलान करने के बाद हो सकेगा कुछ साफ

पुलिस ने घटनास्थल पर जांच के बाद संभावित कारणों के आधार पर घटना को हादसा बताया और फिर इसी दावे पर अड़ गई। तर्क दिया कि कमरे के दरवाजे के दोनों पल्लों के बीच गैप है और उन्हें अंदर से बंद करने के लिए सिटकनी नहीं थी, इसलिए संभावना है कि अजय ने दरवाजे के गैप से हाथ निकालकर खुद ताला लगाया होगा। अंदर शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद धुएं से पांचों बेहोश हो गए और उनकी जलकर मौत हो गई। अजय के पिता की ओर से हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बावजूद पुलिस अब तक इसी दावे पर अड़ी हुई है। अब मुख्य अग्निशमन अधिकारी की रिपोर्ट का हवाला देकर भी घटना को हादसा बताया जा रहा है।

राजनीति चमकाने के बाद गायब हुए व्यापारी नेता : घटना के बाद दो दिन तक व्यापारी नेताओं का फर्रखपुर पहुंचने का सिलसिला चलता रहा था। व्यापारी नेताओं ने चेतावनी दी थी कि अगर घटना की ठीक से जांच न हुई तो वे बाजार बंद कराएंगे लेकिन इसके बाद सब गायब हो गए।

सहायक प्रबंधक की गिरफ्तारी के बाद पूरे दिन सन्नाटे में डूबा रहा जिला उद्योग केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ उद्यमियों ने कहा- सहायक प्रबंधक ने मुंह खोला तो कई और अधिकारी फंसेगे

▸▸ नए उद्योगों की स्थापना के साथ कई योजनाओं की जिम्मेदारी थी कौशल श्रीवास्तव पर

अमृत विचार : लोन पर सब्सिडी देने के बदले रिश्वत लेते हुए जिला उद्योग केंद्र में सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव को गिरफ्तार किए जाने के बाद कार्यालय के दूसरे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी जैसे सांप सूंघ गया। शाम तक कार्यालय सन्नाटे में डूबा रहा। सहायक प्रबंधक की गिरफ्तारी की खबर उद्यमियों के बीच फैली तो उद्योग विभाग में चल रहे खेलों पर भी चर्चा शुरू हो गई। उद्यमियों ने दावा किया पुलिस जांच में अगर सहायक प्रबंधक ने अपना मुंह खोला तो उद्योग विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मुश्किल में पड़ जाएंगे।

कौशल श्रीवास्तव।

जिला उद्योग केंद्र के जरिए ओडीओपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार समेत कई योजनाओं के तहत लाभार्थियों को 25 फीसदी तक अनुदान दिया जाता है, कहा जा रहा है कि इन सभी योजनाओं में कमीशनखोरी पुरानी बात है। जिले के कई उद्यमियों ने नाम न छापने का आग्रह करते हुए बताया कि जिला उद्योग केंद्र के भ्रष्टाचार के खिलाफ अक्सर शिकायतें होती हैं लेकिन कहीं कोई सुनने वाला नहीं मिलता।

उल्टे आवेदक की फाइल ही इसके बाद आगे नहीं बढ़ती। अफसरों और कर्मचारियों का यही रवैया उद्यमियों के साथ रहता है। उद्यमियों के मुताबिक सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव के पास नए उद्योगों की स्थापना के साथ कई प्रमुख योजनाओं की जिम्मेदारी थी। हर फाइल पर बाबू से अधिकारी तक को कमीशन देना पड़ता था।

भूखंडों आवंटन में बाबुओं ने किया था खेल

भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एक उद्यमी ने बताया कि दो साल पहले किसान जैम की फैक्ट्री बिकी थी। इसके 40 प्लाट आवंटित किए जाने थे। इसमें बड़े पैमाने पर मनमानी की गई। दो दशकों से एक ही पटल पर जमे बाबू ने तत्कालीन अधिकारी से सांठगांठ कर सभी प्लाटों के आवंटन में लाखों का खेल किया और अफसरों के साथ चहेते उद्यमियों को नाजायज फायदा पहुंचाया। जिला उद्योग केंद्र में कई और बाबू ऐसे हैं जो तमाम बरसों से एक ही पटल पर जमे हैं और बखूबी जानते हैं कि सिस्टम में बैठे अधिकारियों को कैसे मैनेज करना है।

उद्योग केंद्र के जरिए मिलता है अनुदान

पीएमजीएसवाई समेत कई और योजनाओं के तहत यदि कोई नया उद्योग या प्रोजेक्ट शुरू करना चाहता है तो उद्योग विभाग में साक्षात्कार के बाद उसके लोन स्वीकृति की फाइल बैंक भेजी जाती थी। इसी दौरान लाभार्थी से अनुदान पर मिलने वाली धनराशि पर 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन तय कर लिया जाता है। चूंकि अनुदान का पैसा उद्योग केंद्र के माध्यम से भेजा जाता है इसलिए लाभार्थी को न चाहते हुए भी पैसा देना पड़ता है।

जेई संगठन की हड़ताल की धमकी से बैकफुट पर अधिकारी

बरेली, अमृत विचार: जेई संगठन की हड़ताल की धमकी से बिजली अधिकारी एक दिन में ही बैकफुट पर आ गए। समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला तो संगठन ने हड़ताल का फैसला वापस ले लिया।

▸▸ गलत तरीके से किए गए ट्रांसफर वापस लेने का दिया आश्वासन

तबादलों में मनमानी का आरोप लगाकर अवर अभियंता संगठन ने अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मंगलवार को बैठक की थी। वहीं शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर कहा था कि विभाग में मनमाने तरीके से ट्रांसफर किए जा रहे हैं। ये स्थानांतरण तत्काल निरस्त नहीं होने पर बुधवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी देकर राजस्व वसूली ठप करने को कहा था। इसके बाद अधिकारी बैकफुट पर आ गए। संगठन के जोन अध्यक्ष आरके शर्मा ने बताया कि बेनियम स्थानांतरण को वार्ता में निरस्त करने के लिए स्पष्ट सहमति बनी है। इसके बाद प्रस्तावित हड़ताल फैसला वापस ले लिया।

महिला सिपाही से अश्लीलता करने वाले आरपीएफ इंस्पेक्टर पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ पीड़िता ने यांत्रिक कारखाना में तैनाती के दौरान अश्लील हरकतों का लगाया था आरोप

▸▸ महिला आयोग के आदेश पर रिपोर्ट, तीन महीने पहले दी गई थी मेजर चार्जशीट

अमृत विचार : इज्जतनगर थाना में महिला आयोग के आदेश पर यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर पोस्ट में तैनात रहे आरपीएफ इंस्पेक्टर के खिलाफ महिला सिपाही से अश्लील हरकतें करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तीन महीने आरोप लगने पर इंस्पेक्टर को आरपीएफ कंट्रोल रूम में संबद्ध कर दिया गया था। गुरुवार तक निलंबन की कार्रवाई हो सकती।

पूरे मामले की जांच विशाखा गाइडलाइन के अनुसार पांच सदस्यीय टीम ने की थी। बाद में मेजर चार्जशीट भी इंस्पेक्टर के खिलाफ जारी की गई थी। अब इंस्पेक्टर को गोरखपुर मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है।

महिला सिपाही ने आरोप लगाया था कि उसके ससुर ने साल 2022 में पारिवारिक परिवाद दर्ज कराया था। जिसकी जांच आरपीएफ निरीक्षक गजेंद्र सिंह मीणा को दी गई, लेकिन जांच के नाम पर इंस्पेक्टर उन्हें अपने चेंबर में बुलाकर अश्लील हरकतें करते और विरोध करने पर गाली-गलौज करते।

बोला- मेरा साथ दे, बदनामी से ज्यादा कुछ नहीं होगा...

महिला सिपाही का आरोप है कि इंस्पेक्टर की अश्लील हरकतों से परेशान होकर उन्होंने ड्यूटी बदलवाकर कार्यालय जाना बंद कर दिया, लेकिन वह उसकी बीट में भी जा धमके। गाली-गलौज करते हुए कहा, तू मेरा साथ दे, ज्यादा कुछ नहीं होगा सिर्फ बदनामी होगी। इंस्पेक्टर ने एक एसआई से बात करने को भी मना करता था। रात में फोन कर तंग किया और एक दिन अपनी पत्नी के साथ उसके आवास पर आ गए थे। आरोप लगाया कि एक दिन चाय वाला चाय लेकर आया और गजेंद्र मीणा सो रहे थे। उन्होंने इंस्पेक्टर को जगाकर चाय दी तो कहा कि तुम चाय लेकर आई हो, ऐसा लगा जैसे मानो कोई नई नवेली दुल्हन चाय लेकर आई है। मुझे तुझमें अपनी पत्नी नजर आती है।

दोस्त की हत्या करने वाला एक गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोर दोस्त की मफलर से गला कस कर हत्या करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अभी भी दो आरोपी मौके से फरार चल रहे हैं। पदारथपुर गांव निवासी आजाद (16) की पड़ोसी कल्लू ने पिता हीरे खां और भाई सोनू के साथ मिलकर मफलर से गला कसकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी कल्लू को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि, उसके पिता और भाई की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

बरातें फिर सिरदर्द...

बरात निकलने के दौरान सड़क पर जाम न लगे इसके लिए रस्सा डालकर रास्ता निकालने के निर्देश दिए गए थे। एक-दो दिन तो नियमों का पालन हुआ लेकिन फिर से वही हालात हो गए। बुधवार रात में बदायूं रोड पर बरात निकलने के दौरान लंबा जाम लगा।
● अमृत विचार

रिटायर्ड रोडवेज कर्मी को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 4.5 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एसएसपी के आदेश पर तथाकथित पत्रकार समेत चार पर रिपोर्ट

▸▸ वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कर रहे थे ब्लैकमेल

अमृत विचार : रोडवेज के रुहेलखंड डिपो के सेवानिवृत्त कर्मी को जाल में फंसाकर साढ़े चार लाख रुपये वसूल लिए गए। उन्हें तथाकथित पत्रकार समेत चार आरोपी वीडियो वायरल की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करते रहे। सुभाषनगर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, इसमें एक रोडवेज का ड्राइवर भी है।

नेकपुर गल्ला मंडी निवासी चक्रपाल सिंह ने बताया कि वह 12 जुलाई 2023 की सुबह 5.30 बजे वह घर की सफाई कर रहे थे। घर में अचानक मढ़ीनाथ के रहने वाले तथाकथित पत्रकार सत्यप्रकाश शर्मा उर्फ सत्यम एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति के साथ घुस आए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इस दौरान महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। सत्यप्रकाश वीडियो कैमरा निकाल कर महिला की वीडियो रिकार्डिंग करने लगा। इसके बाद तीनों ने धमकाते हुए जेल भिजवाने की धमकी दी और थाने चलने की बात कहने लगे। जब चक्रपाल थाने चलने को तैयार हो गए तो सत्य प्रकाश और महिला ने पांच लाख रुपये में मामला खत्म करने की बात कही। सत्य प्रकाश ने धमकाया कि उसके पिता शाहजहांपुर के थाना कलान में दरोगा हैं और रुपये नहीं दिए तो वह झूठे मुकदमे में फंसा देगा। तीनों ने उनके कमरे की तलाशी ली और बिस्तर के नीचे रखे साढ़े चार लाख रुपये लेकर फरार हो गए। आरोप है कि दो दिन बाद सत्य प्रकाश ने वीडियो वायरल की धमकी देकर और 50 हजार रुपये मांगे। परेशान होकर जब चक्रपाल ने पूछा कि उनके घर का पता और नंबर किसने दिया तो सत्य प्रकाश ने बताया कि रुहेलखंड डिपो में तैनात ड्राइवर विजय प्रकाश शर्मा ने दी है। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुफ्ती सलमान अजहरी को रिहा किया जाए: अदनान मियां

बरेली, अमृत विचार : नबीर-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के नायब सदर मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि मुफ्ती सलमान अजहरी को फौरन रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को परेशान करने की साजिशें दिन व दिन बढ़ती जा रही हैं। इनसे निपटने के लिए आरएसी सड़क पर प्रदर्शन से लेकर न्यायालय तक संघर्ष की तैयारी कर रही है। वहीं नबीरा-ए- आला हजरत मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी ने कहा कि भाजपा 2024 की तैयारी मस्जिद व मंदिर से हटकर करे। मुसलमान किसी भी कीमत पर ज्ञानवापी के मामले में समझौता नहीं करेगा। अब्दुल्लाह मियां ने भी मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी का विरोध किया।

शहर में जल्द ही ई-बसों का शुरू होगा ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ परिवहन निगम छोटे रूटों पर करेगा संचालन, रोडवेज के बेड़े में भी शामिल होंगी ई-बसें

अमृत विचार : रोडवेज के बेडे. में जल्द ई-बसें शामिल होंगी। इसके लिए ट्रायल किया जाएगा। इज्जतनगर में निर्माणाधीन बस अड्डे के पास वर्कशाप बनाने पर अफसरों में सहमति बनी है। पहले चरण में बरेली रीजन को 100 ई-बसें मिलने के बाद उन्हें छोटे रूटों पर चलाया जाएगा।

डीजल से चलने वाली बसों की जगह पर रोडवेज इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता देगा। मुख्यालय को इसकी रिपोर्ट भेज दी गई है। सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बताया कि ई बसों का संचालन रोडवेज की तरफ से जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इज्जतनगर में वर्कशाप बनाई जाएगी। वहीं बसों के चार्ज करने के लिए भी एक स्टेशन बनाने को जगह देखी जा रही है। बसों के ट्रायल के बाद उन्हें छोटे रूटों पर चलाया जाएगा। झुमका चौराहे पर बस अड्डे के लिए जमीन का चयन जिले में गांवों में बसें चलेंगी। मुख्यालय से बस चलाने को अनुमति मिल गई है। इसके लिए अनुबंधित बसों को चलाया जाएगा।

इससे सेटेलाइट और पुराना बस अड्डे पर लोड बढ़ने की संभावना है। इससे निजात पाने के लिए अधिकारियों ने झुमका चौराहे के पास नया बस अड्डा बनाने के लिए जगह का चयन करके मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। इज्जतनगर क्षेत्र में भी नए बस अड्डे का निर्माण चल रहा है।

सटोरियों से उगाही करने पर एसपी सिटी एस्कोर्ट में तैनात सिपाही निलंबित

बरेली, अमृत विचार : एसपी सिटी की एस्कोर्ट में तैनात सिपाही को जुआरियों और सटोरियों से उगाही करने के मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने निलंबित कर दिया है। एसपी सिटी राहुल भाटी की रिपोर्ट पर उसपर कार्रवाई की गई है।

पुलिस लाइन में तैनात सिपाही नागेन्द्र कुमार की लंबे समय से एसपी सिटी के एस्कोर्ट में ड्यूटी लगी थी। वह ड्यूटी से जाने के बाद जुआरियों और सटोरियों को धमकाकर उगाही करता था। इसकी शिकायत एसपी सिटी के पास पहुंची तो एसपी सिटी ने जांच कराई। इसके बाद रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी। बुधवार रात एसएसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया।

मोबाइल लूटने के बाद हत्या की झूठी सूचना देने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ मंगेतर की हत्या की सूचना पर युवती ने फंदा लगाकर कर ली थी आत्महत्या

▸▸ डॉ. केशव को भी गोली मारने का भी आरोपी है गिरफ्तार गैंगस्टर

अमृत विचार : गैंगस्टर ने युवक का मोबाइल लूटकर उसकी होने वाली पत्नी को फोन कर हत्या की झूठी सूचना दे दी। इससे परेशान होकर युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मोबाइल लूटने और झूठी सूचना देने वाले गैंगस्टर आकाश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। झूठी सूचना पर युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी थी।

आकाश को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल को गोली मारने के मामले में भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस के अनुसार थाना कटरा चांद खां निवासी सरिता ने 18 दिसंबर 2023 को आकाश ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सरिता की बेटी की शादी एक युवक से तय हुई थी। आकाश ठाकुर निवासी अतरछरी बिशारतगंज गैंगस्टर ने जिस युवक से शादी तय हुई थी उसके साथ मारपीट कर मोबाइल लूट लिया था। इसके बाद उसी मोबाइल से युवती को फोन कर कहा कि उसने उसके पति की हत्या कर दी है। जिस पर युवती ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

फर्जी लेफ्टिनेंट से एटीएस एसटीएफ ने की पूछताछ

बरेली, अमृत विचार : एयरफोर्स स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार किए गए वायुसेना के फर्जी फ्लाईट लेफ्टिनेंट इन्दर कुमार माली से एटीएस, एसटीएफ समेत अन्य जांच टीमों ने बुधवार को भी पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इज्जतनगर थाने की पुलिस आरोपी का इतिहास खंगालने के लिए गुरुवार को उत्तराखंड रवाना होगी।इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि पूछताछ में इन्दर कुमार ने बताया कि वह खुद को वायुसेना में फ्लाईट लेफ्टिनेंट बताकर लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करता था। तीन साल पहले वह हल्द्वानी चला गया। उसने अपनी पत्नी से भी झूठ बोला कि वह एयरफोर्स में पायलट अफसर है और आस-पास के लोगों में यही प्रचार करने लगा। आरोपी सिर्फ ठगी का काम करता था या जासूसी के लिए यह सब किया, इसकी जांच-पड़ताल करने के लिए इज्जतनगर पुलिस गुरुवार को उत्तराखंड जाएगी। जासूसी के एंगल पर जांच की जाएगी।

एक दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर बुधवार को भी उपासना एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। ब्लॉक के कारण उपासना एक्सप्रेस को नौ घंटे से ज्यादा रिशेड्यूल किया गया था, इसलिए ट्रेन 12 घंटे से ज्यादा लेट रही। वहीं डाउन लाइन की अवध असम एक्सप्रेस लेट होने से भी यात्री परेशान हुए।

बुधवार को 12327 उपासना एक्सप्रेस 12 घंटा, 13151 सियालदह एक घंटा नौ मिनट, 13009 दून एक घंटा 36 मिनट, 14205 अयोध्या दिल्लीएक घंटा 27 मिनट, 15073 त्रिवेणी दो घंटा, 14649 सरयू यमुना तीन घंटा 11 मिनट, 12357 दुर्गियाना एक घंटा 13 मिनट, 12232 चंडीगढ़ लखनऊ एक घंटा, 15098 अमरनाथ एक घंटा 21 मिनट और 15623 भगत की कोठी कामाख्या एक्सप्रेस दो घंटा 33 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी करते यात्री। ● अमृत विचार

सर गंगाराम अस्पताल के विशेषज्ञ देंगे धमनियों के बारे में मुफ्त परामर्श

बरेली, अमृत विचार : भारतीय चिकित्सा संघ बरेली की ओर से आईएमए भवन में धमनियों का निशुल्क जांच शिविर 11 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली के चेयरमैन डॉ. वीएस बेदी, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अजय यादव, डॉ. ध्रुव अग्रवाल जांच करेंगे। इसमें मधुमेह के कारण पैरों में समस्या, चलने में दर्द, गैंग्रीन, पैरों में सूजन, वैरिकोज वेन, न सूखने वाले घाव, गंदे व साफ खून की नसों का ब्लाकेज बीमारियों की जांच और परामर्श दिया जाएगा। आईएमए साइंटिफिक एडवाइजर एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल ने बताया कि सर्जन कमांडर डॉ. वीएस बेदी वेस्कुलर सर्जरी के शीर्ष स्तर के सर्जन हैं और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वेस्कुलर सर्जन्स संस्था के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सर्जरी की कुछ नई तकनीक भी विकसित की हैं।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

सड़क नहीं बनी तो लोकसभा चुनाव में नहीं करेंगे मतदान

बहेड़ी की ग्राम पंचायत बिजौरिया के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बदहाल सड़क की समस्या लंबे समय बाद भी दूर न होने से बहेड़ी की ग्राम पंचायत बिजौरिया के लोग नाराज हैं। लोगों ने सड़क न बनने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने एसडीएम बहेड़ी को पत्र भेजकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत बिजौरिया के पूर्व प्रधान रंपूरा निवासी जयदीप सिंह के अनुसार बहेड़ी केसर मिल से रंपुरा तक करीब दो किलोमीटर की सड़क की करीब आठ साल पहले मरम्मत की गई थी। इसके अलावा रंपुरा से मितापुर जागीर को जाने वाली डेढ़ किलोमीटर की सड़क भी जर्जर है। इसकी मरम्मत दस साल पहले हुई थी। लंबे समय से दोनों सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी ने बड़े-बड़े गड्ढों में पत्थर डलवा दिए थे, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। कहा कि सड़कों की स्थिति सही नहीं होने पर बोर्ड लगाकर लोकसभा चुनाव में लोगों ने वोट नहीं डालने का निर्णय लिया है। बताया कि करीब ढाई हजार मतदाता है। दोनों सड़कों की बदहाली को लेकर 16 जनवरी को भाजपा सांसद वरुण गांधी और 30 सितंबर 2023 को पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार भी अफसरों को पत्र लिख चुके हैं लेकिन समाधान नहीं हुआ।

जर्जर सड़क का निर्माण कराने के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

▸▸ एडीएम वित्त एवं राजस्व ने समस्या के समाधान के लिए एसडीएम बहेड़ी को लिखा पत्र

पूर्वोत्तर राज्यों में पशु चिकित्सा में मदद करेगा आईवीआरआई

बरेली,अमृत विचार: भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक उत्तर पूर्वी राज्यों में पशु चिकित्सा में सहयोग करेंगे। इस संबंध में आईवीआरआई क्षेत्रीय स्टेशन कोलकाता द्वारा बुधवार को चौथी इंटरफेस बैठक में आठ उत्तर पूर्वी राज्यों के निदेशकों और पशु चिकित्सा कर्मियों ने भाग लिया।

आईवीआरआई निदेशक डॉ त्रिवेणी दत्त ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में पशुपालन के क्षेत्र में चुनौतियों को उन राज्यों के पशुपालन विभागों के सहयोग से दूर किया जा सकता है। संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा), डॉ. रूपसी तिवारी ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों ने पशु चिकित्सकों के प्रशिक्षण, पशुओं की नस्लों के संरक्षण, उत्पादन और पोषण, रोगों के प्रकोप व अन्य में आईवीआरआई से सहायता मांगी है। मानकीकरण विभाग के अध्यक्ष डा. प्रणव धर और आईटीएमयू प्रभारी डा. अनुज चौहान ने तकनीकी जानकारी साझा की। बैठक में आईवीआरआई में संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एसके मेंदीरत्ता, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ. एसके सिंह, क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता के प्रभारी डॉ. अर्नब सेन व अन्य मौजूद रहे।

निकाले गए संविदा कर्मियों को वापस रखने की मांग

अधिशासी अभियंता से वार्ता करते विद्युत संविदा मजदूर संगठन के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: ओटीएस योजना में बेहतर काम नहीं करने पर संविदा कर्मचारियों को हटा दिया गया था। इन कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने की मांग की गई है। इसके अलावा ईपीएफ के साथ समय से वेतन दिलाने की भी मांग की है।

विदयुत संविदा मजदूर संगठन ने बुधवार को सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय में अधिशासी अभियंता यूसी सोनकर के साथ वार्ता की जिसमें पांच मांगें रखीं। कहा गया कि ओटीएस योजना के दौरान लापरवाही के आरोप में काम से निकाले गए संविदा कर्मचारियों को वापस रखा जाए। वेतन समय से मिले और कर्मचारियों को ईपीएफ का भी लाभ दिया जाए। कर्मचारियों का शोषण बंद करने की मांग की गई। अधिशासी अभियंता ने संविदा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रदेश महामंत्री सुनील गोस्वामी, जिला अध्यक्ष जहीर खान, मंडल अध्यक्ष नरेश, कोषाध्यक्ष रामनिवास मिश्रा, कासिम चौधरी, राशिद खान, नदीम, सुनील के साथ उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता मौजूद रहे।

▸▸ पांच बिंदुओं पर कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता से की वार्ता

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

लाइन लॉस पर जेई के साथ लाइनमैन पर भी होगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार: पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने लखनऊ में समीक्षा बैठक में कहा कि लाइन लॉस बढ़ रहा है और बिजली चोरी नहीं रुक रही है तो अवर अभियंता के साथ लाइनमैन पर भी कार्रवाई की जाएगी। अवर अभियंता और लाइनमैन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एचडी को भी बिजली चोरी और लाइन लॉस बढ़ाने की जानकारी देंगे।

अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी हाल में पिछले साल की तुलना में बिल वसूली काम नहीं होना चाहिए। उन्होंने फरवरी माह तक अनुरक्षण काम पूरा करने के निर्देश दिए जिससे आगामी गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिल सके। बरेली से बैठक में मुख्य अभियंता जोन प्रथम रण विजय सिंह, मुख्य अभियंता जोन द्वितीय अनिल तिवारी, एसई अंबा प्रसाद, अधिशासी अभियंता अमित कुमार आनंद, सत्येंद्र चौहान और गौरव शुक्ला शामिल रहे।

नगर निगम टीम ने 37 लाख बकाया पर पांच मोबाइल टॉवरों के कनेक्शन काटे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम ने 37 लाख रुपये बकाये पर बुधवार को पांच मोबाइल टावरों के कनेक्शन काट दिये। इससे क्षेत्र में संचार सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। संचार कंपनियों के एग्रीमेंट के बाद भूमि मालिकों ने निगम में टैक्स नहीं जमा किया। एक बकायेदार की मां निगम में कर्मचारी है। टैक्स टीम ने उसका भी कनेक्शन काट दिया है।

निगम की टीम ने जोन- 1 में वसूली के लिए कार्यवाही की। कर निर्धारण अधिकारी विपिन कुलदीप के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक नीरज गंगवार के साथ सीबीगंज में छत्रकली मौर्य के प्लाट पर लगे मोबाइल टावर पर टैक्स अदा नहीं करने पर इसका कनेक्शन काट दिया। निरीक्षक ने बताया कि टावर पर बिजली और जेनरेटर का कनेक्शन होता है। पोल से आ रहे बिजली कनेक्शन को न छेड़कर मीटर से टावर में जा रही बिजली को काट दिया गया है। बिजली जाने पर आटोमेटिक जनरेटर तो चलेगा लेकिन जब तक उसमें तेल होगा तभी तक टावर चल सकेगा। इसके बाद टावर बंद हो जाएगा। टावरों पर लगे उपकरणों की दिशा को भी बदल दिया गया है।

नीरज गंगवार ने बताया कि इस टावर पर 7 लाख का बकाया था। यहीं पर वेदराम मौर्य के प्लाट पर भी लगे टावर का टैक्स अदा नहीं होने पर इसे भी काट दिया गया। यहां 10 लाख का बकाया था। बिधौलिया में बड़े मियां के टावर पर 7.5 लाख रुपये का बकाया होने पर इसे काट दिया गया है। परसाखेड़ा में जितेन्द्र के प्लाट पर दो मोबाइल टावर लगाए थे और उसी में खाली जगह पर मुर्गी पालन केन्द्र संचालित कर रहे थे। इन पर 7 लाख का बकाया था। जितेन्द्र की मां निगम में कर्मचारी बताई जा रही हैं। सैदपुर हाकिंस में मकान की खाली जगह पर लगे मोबाइल टावर के कनेक्शन को काटा गया है। इस पर 5.5 लाख रुपये का बकाया था। टावर के कनेक्शन कटने से क्षेत्र में संचार सेवाएं प्रभावित हुई हैं। वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व निगम अपने टैक्स राजस्व को बढ़ाने की कवायद में जुटा है।

मोबाइल टावरों के कनेक्शनों को काटती निगम की टीम। ● अमृत विचार

▸▸ सीबीगंज, कर्मचारी नगर में प्रभावित हुईं संचार सेवाएं

▸▸ वित्तीय वर्ष के अंत में राजस्व वसूली बढ़ाने की कवायद

घर के पते पर कराए जीएसटी पंजीकरण रद्द कर रहा विभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जीएसटी में पंजीकरण कर घर के पते पर कारोबार करने की अनुमति मांगने वाले व्यापारी अधिकारियों के निशाने पर हैं। ऐसे व्यापारियों के पंजीकरण रद्द किए जा रहे हैं। राज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन ओपी चौबे ने अफसरों को निर्देश दिए कि जीएसटी नंबर देने से पहले मौका मुआयना जरूर करें।

जीएसटी में बिना पंजीकरण कारोबार करने वाले कई व्यापारी अब पंजीकरण पर जोर दे रहे हैं। इनमें अधिकांश ऐसे हैं जिन्होंने घर से कारोबार शुरू करने के लिए जीएसटी में पंजीकरण कर विभाग से अनुमति मांगी है। स्क्रैप समेत कई अन्य तरह का काम करने के आवेदनों पर अफसरों की विशेष नजर है। अधिकारियों के अनुसार जिन व्यापारियों ने घर के पते पर जीएसटी में पंजीकरण कराया है उसे रद्द किया जा रहा है। इसी तरह से जो नए व्यापारी घर के पते पर जीएसटी पंजीकरण की मांग कर रहे हैं उन्हें भी निरस्त किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है जीएसटी विभाग की ओर से बोगस बिलिंग रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

▸▸ जीएसटी नंबर देने से पहले एडिशनल कमिश्नर ने मौका मुआयना के दिए निर्देश

आईटीसी मिसमैच में व्यापारियों से सिर्फ टैक्स का अंतर लिया जाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जीएसटी की विसंगतियों को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। इसमें जीएसटी कानून में विसंगतियां दूर करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी का नया कानून वर्ष 2017-18 में लागू किया गया, तब से ऑनलाइन पोर्टल पर सुधार व संशोधन जारी है। इसमें तमाम विसंगतियां हैं। वर्ष 2017-18 और 2018-19 में जीएसटी आर- 2ए व जीएसटी आर-2बी पोर्टल पर चालू नहीं था। सिर्फ 3बी रिटर्न फाइल हो सकती थी। इससे व्यापारी खरीद के बिल पोर्टल पर चेक नहीं कर सकते थे। खरीद के वास्तविक बिलों के आधार पर 3 बी फाइल कर आईटीसी क्लेम की जाती थी। इस कारण आईटीसी मिसमैच हो रही थी। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि 2017-18 और 2018-19 के आईटीसी मिसमैच मामलों में सिर्फ टैक्स का अंतर व्यापारी से लिया जाना चाहिए। पेनाल्टी और ब्याज नहीं लगाया जाना चाहिए। व्यापारियों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर राहत दिलाने की मांग की। चेतावनी दी कि मांगों के प्रति अविलंब कदम नहीं उठाने पर व्यापारी सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

▸▸ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने वित्तमंत्री को भेजा ज्ञापन

भाजपा ने महिलाओं को दिया सुरक्षा और सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शक्ति वंदन अभियान को लेकर स्वयं सहायता समूह और एनजीओ की भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई। मुख्य वक्ता वीर सिंह पाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र व प्रदेश की सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा सम्मान दिया है। नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणी स्थान मिला है। शक्ति वंदन अभियान के जरिये महिला स्वयं सहायता समूह, एनजीओ की महिलाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए योजना बनाई गई है।

गुलशन आनंद ने कहा भाजपा ने हमेशा नारी शक्ति का सम्मान किया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा है। डॉ. तृप्ति गुप्ता ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पदाधिकारी करेंगे। संचालन महिला मोर्चा की महानगर महामंत्री मंगलेश सक्सेना ने किया।

बैठक में पार्षद शालिनी जौहरी, रेखा श्रीवास्तव, शीतल गुलाटी, प्रतेश पांडेय, बंटी ठाकुर, सुधा सक्सेना, गीता छाबड़ा, रचना सक्सेना, शन्नो वर्मा, सुधा वाला अग्रवाल, अनीता गोयल, नीरू सक्सेना, सीमा अरोड़ा, तारावती, अर्चना अग्निहोत्री, मनोरमा श्रीवास्तव, आरती गुप्ता, राजीव गुप्ता, सूर्यकांत मौर्य, गौरव गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

शक्ति वंदन अभियान के तहत हुई बैठक में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी।

▸▸ शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह और एनजीओ की बैठक

एक महीने में 1590 लोगों को लगी एआरवी

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में एआरवी लगवाने वालों की भीड़ लग रही है। इस साल जनवरी में 1590 लोगों ने कुत्ता और बंदर काटने पर वैक्सीन लगवाई।

सीएमओ कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में 1590 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई, इसमें 1434 लोगों को कुत्तों, 76 को बिल्लियों, 71 को बंदरों और नौ को अन्य जानवरों ने काटा था। इसमें 1496 मामले काटने के दौरान बिना खून निकलने और 94 मामलों में खून निकलने की शिकायत की गई है। फरवरी में एक सप्ताह में 746 लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के कोर्स को पूरा किया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से एआरवी लगाने का काम जारी है।

सार-संक्षेप

दिशा इंटर कॉलेज में डिजिटल स्मार्ट क्लास स्थापित

बरेली, अमृत विचार : एसोसिएशन ऑफ 41 क्लब ऑफ इंडिया और बीआरटी रीलोडेड 41 क्लब 224 ने बुधवार को दिशा इंटर कॉलेज और भोलेनाथ माता देवी विद्यालय में डिजिटल क्लासरूम स्थापित किया। फ्रीडम थ्रू डिजिटल एजुकेशन के समन्वयक आदित्य मूर्ति ने बताया कि दोनों स्कूलों में दो डिजिटल स्मार्ट क्लास रूम से नौ सौ विद्यार्थियों को लाभ होगा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रीनिवासु सारस्वतुला, एरिया 9 के अध्यक्ष डॉ. पीयूष अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, संदीप टंडन, प्रियांक खंडेलवाल, भरत अग्रवाल, अभिषेक कपूर, अभिनव अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, अल्पित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, मयूर गुप्ता, अभय जसोरिया, मयंक सिंह, आयुष अग्रवाल सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स कैंप में 165 किशोरियों ने लिया हिस्सा

बरेली, अमृत विचार : रेलवे स्टेडियम इज्जतनगर में साकार संस्था के कैंप में भोजीपुरा ब्लॉक के 20 गांवों की 165 किशोरियों ने प्रतिभाग किया। इसमें स्पोर्ट्स टीचर सपना साहू ने वालीबॉल प्रतियोगिता कराई, जिसे भोजीपुरा की टीम ने जीता। रिले रेस में फिजा की टीम ने प्रथम, 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान मंजू, दूसरा सपना और तीसरा जीनेश ने प्राप्त किया। इस दौरान नितिका पंत, वीरपाल, रिजवान, दीक्षा, सुनीता, बबीता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को मधुबन प्रकाशन दिल्ली ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला की। कार्यशाला में मृदुल जैन ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में 15 से 20 साल की चुनौती का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल परिपूर्ण करना होगा। प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, वाइस प्रिंसिपल शिवानी सूरी, कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता मौजूद रहे।

शिक्षा की दुकानों का हाल, बच्चे चार सौ से ज्यादा, शिक्षक चार

छात्र-शिक्षक अनुपात का पालन न करने पर 528 स्कूलों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: शिक्षा के अधिकार के तहत नियमों के अनुसार 30 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है। इसके विपरीत जिले के 528 विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। कई स्कूलों में मानक से आधे टीचर भी नहीं हैं। इसमें निजी व सरकारी दोनों स्कूल शामिल हैं। बीएसए ने निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर शिक्षकों की संख्या जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को यू डायस पोर्टल की निगरानी के दौरान पता चला कि करीब 528 निजी व सरकारी स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात मानकों के अनुसार नहीं है। इससे कई स्कूलों में पढ़ाई समेत अन्य व्यवस्थाएं सुचारू नहीं हो पाती है। इसमें सर्वाधिक छात्र-शिक्षक अनुपात यूपीएस करेली का कम है।

यूपीएस करेली में विद्यार्थियों की संख्या 1241 है, इन विद्यार्थियों पर 16 शिक्षक हैं। जबकि मानक के अनुसार 35 शिक्षक होने चाहिए। इस संबंध में बीएसए संजय सिंह ने बताया कि सभी निजी स्कूलों को जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात मानक के अनुसार नहीं है, उन्हें नोटिस देकर जल्द ही शिक्षकों की संख्या पूरी करने को लेकर निर्देशित किया है। वहीं सरकारी स्कूलों में शासन की ओर से नियुक्ति के बाद कमी को पूरा किया जाएगा।

इन विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात सबसे कम

विद्यालय	कुल विद्यार्थी	कुल शिक्षक	कमी
यूपीएस करेली	1241	16	19
सेंट मार्टिन स्कूल	828	12	12
एसबी पब्लिक स्कूल	718	9	12
शैली पब्लिक स्कूल	727	10	11
एसडीआरडी पब्लिक स्कूल	488	4	10

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से यू डायस पोर्टल पर समीक्षा के दौरान सामने आया मामला

उद्भव में विद्यार्थियों ने किया सामूहिक नृत्य

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव उद्भव के दूसरे दिन सामूहिक नृत्य और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय परिसर के प्रतिभागियों ने क्लासिकल और सेमी क्लासिकल थीम पर प्रस्तुतियां दीं।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विषय करेंट अफेयर्स: नेशनल एंड इंटरनेशनल विषय पर पांच अलग-अलग राउंड हुए। इसके बाद बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, शाहजहांपुर आदि क्षेत्रों के महाविद्यालयों के छात्रों को पांचाल संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया। डॉ. ज्योति पाण्डेय, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. छवि शर्मा, डॉ. प्रिया शर्मा, तपन वर्मा, डॉ. लक्ष्यलता, दीपांशी त्यागी, पलक चंद्रा आदि मौजूद रहे।

सीए फाउंडेशन कोर्स परीक्षा में बरेली के 50 विद्यार्थी पास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। इसमें बरेली से 50 से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए हैं, हालांकि आईसीएआई ने बरेली सेंटर से सफल परीक्षार्थियों की कोई सूची जारी नहीं की है।

बरेली से परीक्षा में ऋषभ गुप्ता (351), अभय शर्मा (344), वैभव मेहता (336) ने सबसे ज्यादा अंक पाए हैं। इसके अलावा अलंकृता कृष्ण, आरुषि गोयल, जसकीरत कौर, देवांशी भंसाली, सृष्टि अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, गरिमा आहूजा, नंदिनी शर्मा, नंदिता जैन, शुभ अग्रवाल, राघव अग्रवाल, सक्षम, राज पाठक, कृतिका अग्रवाल, आयशा खान, सम्यक शर्मा, वैष्णवी शर्मा, सिद्धि टंडन, आयुषी खंडेलवाल, वैष्णवी चौधरी, समृद्धि अग्रवाल, यश अग्रवाल, दिव्यांश श्रीवास्तव, तनीषा गुप्ता, गुनगुन वर्मा, श्रेया अग्रवाल, मोहम्मद अनस खान, अंश अग्रवाल, तरुषि अग्रवाल, टीशा अग्रवाल, वंशिका गुप्ता, ईशा, दिव्यांश कपूर, विशेष अग्रवाल, हसन, माधव भसीन, माधव अग्रवाल, स्वप्निल श्रीवास्तव, माधव मंगल, आयुष सक्सेना आदि। सीए अतुल अग्रवाल ने बताया कि उनके पास 42 सफल परीक्षार्थियों की जानकारी आई है। बताया कि 400 अंकों की इस परीक्षा में दिसंबर में एक पेपर और जनवरी में तीन पेपर हुए थे। उसका रिजल्ट अब आया है।

अभय शर्मा

वैभव मोहता

ऋषभ गुप्ता

स्काउट गाइड का राष्ट्र निर्माण में है महत्वपूर्ण योगदान

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने स्काउट गाइड के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पांच दिवसीय कैंप आयोजित किया। इसकी शुरुआत कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम ने की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्काउट गाइड के ध्येय वाक्य का अनुपालन करने की सीख दी। कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्य, प्रशिक्षक डॉ. पुष्पकांत शर्मा व जमुनावती, विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का स्वागत किया। कैंप संयोजक सहायक प्रो. राजेश चौहान, तुषारिका सक्सेना, सारंधा शर्मा, वैभव चौहान, लवी सिंह सहित विभाग के सभी प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

छात्रसंघ भवन के दरवाजे टूटे, फर्नीचर गायब

बरेली कॉलेज में दस साल से बंद छात्रसंघ भवन के दरवाजे टूट गए हैं और पंखे, फर्नीचर गायब हो गया है। सत्र 2012-2013 के छात्रसंघ चुनाव के बाद हुए छात्र संगठनों के बीच विवाद के बाद कॉलेज प्रशासन ने छात्रसंघ भवन में ताले लगा दिये। छात्र नेताओं ने छात्रसंघ चुनाव करवाने और भवन के ताले खुलवाने के लिए धरना प्रर्दशन भी किए लेकिन भवन नहीं खुला। अब फर्नीचर और पंखे गायब होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ● मोहित कुमार सिंह

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में दीक्षांत समारोह

बरेली, अमृत विचार : श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को 23वां दीक्षांत समारोह होगा। इसमें सत्र 2022-2023 के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक वितरित किए जाएंगे। इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय और एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।

फाइलेरिया रोधी दवा स्कूलों में 10 से खिलाई जाएगी

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। विकास भवन सभागार में बुधवार को सीडीओ जग प्रवेश ने बैठक में सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को निर्देश दिए कि बूथ लगवाकर अध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ को दवा खिलाएं। उन्होंने अभिभावकों को पहले से ही सूचित करने के लिए भी कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. देवकी सिंह ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। बैठक में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन मौजूद रहे।

रोज डे से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत, खूब बिका गुलाब

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: रोज डे से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो गयी। बुधवार को रोज डे पर फूलों की दुकानों पर गुलाब की खरीदारी सुबह से ही शुरू हो गयी। गुलाब खरीदने वालों में लड़कियों की तुलना में लड़कों की संख्या अधिक रही।

गुलाब की एक कली 30 से 40 रुपये में बिकी। गुलाबों के बुके की कीमत 400 रुपये से शुरू हुई। एक अनुमान के अनुसार करीब नौ हजार एकल गुलाबों की खरीदारी की गयी। युवक-युवतियों ने अपने दोस्तों, साथियों, माता-पिता व बच्चों को गुलाब भेंट कर रोज डे मनाया। गुलाबों में सबसे अधिक लाल गुलाब बिका, दूसरे नंबर पर पीले गुलाब की खरीदारी हुई।

बटलर प्लाजा में बुके खरीदतीं युवतियां।

शिक्षक ने छात्र के सिर पर मारा पेपर, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नपत्र बांटने को लेकर कक्ष निरीक्षक ने एक परीक्षार्थी के सिर में प्रश्नपत्र मार दिया। इस पर वहां मौजूद छात्र नेता और छात्रों ने हंगामा कर दिया।

आसपास के कक्ष से भी छात्र इकट्ठे हो गए। सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाकर मामला शांत किया। एलआईयू भी बरेली कॉलेज पहुंच गई। वहीं कुछ शिक्षकों का कहना है कि छात्र नेता ने नकल करने से रोकने पर हंगामा किया। एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई। एक कक्ष में शाहजहांपुर के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल भी परीक्षा दे रहे थे। उन्होंने कक्ष निरीक्षक से जल्दी प्रश्नपत्र देने को कहा तो इससे निरीक्षक ने नाराज होकर प्रश्नपत्र सिर पर मार दिया। इससे चश्मा टूटकर गिर गया। इससे वहां सपा के छात्र नेता और अन्य परीक्षार्थियों ने विरोध किया और हंगामा शुरू हो गया। चीफ प्राक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि प्रश्नपत्र बांटने के दौरान कक्ष निरीक्षक से कहासुनी हो गई थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया और प्रश्नपत्र बंटवाया। एलआईयू भी सूचना पर पहुंच गई। किसी ने सूचना दे दी थी कि परीक्षा छूटने के दौरान विवाद हो सकता है।

एलएलबी परीक्षा में हंगामे के दौरान मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा में प्रश्नपत्र जल्दी बांटने को लेकर हुई नोकझोंक

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्या वर्ल्ड स्कूल बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से बुधवार को विद्या भवन स्कूल में 28वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मंडल के चारों जिलों के करीब 160 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पूमसे, फाईट इंवेट के तहत खिलाड़ियों की वजन श्रेणी के अनुसार भिड़ंत हुई। प्रतियोगिता में विद्या वर्ल्ड स्कूल प्रथम, आल्मा मातेर को द्वितीय और द गंगा एकेडमी उझानी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेता खिलाड़ियों को प्रियांशी सक्सेना ने पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव देव मूर्ति रहे। विद्या वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर रवि प्रकाश अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. योहान कुंवर और उपप्रधानाचार्या डॉ संयोगिता चौधरी ने अतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता संयोजक शलभ अग्रवाल, बरेली जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अनिल कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

बच्चों ने गोला फेंक, लंबी-ऊंची कूद में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: हरुनगला उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को जनपदीय मिनी खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, कबड्डी में पूरे दमखम से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर, व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, केसी पटेल, पुष्प राज गंगवार ने की।

गोला फेंक बालक वर्ग में शेरगढ़ के मोहम्मद साहिल प्रथम, आलमपुर जाफराबाद के राजेश द्वितीय, क्यारा के सुमित तृतीय रहे। बालिका वर्ग में क्यारा की खुशी प्रथम, फरीदपुर की राधा द्वितीय व आलमपुर जाफराबाद की तमन्ना तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद बालक वर्ग में आलमपुर जाफराबाद के अरविंद प्रथम, भोजीपुरा के सैफ द्वितीय, दमखोदा के नदीम तृतीय रहे। बालिका वर्ग में शेरगढ़ की नेहा प्रथम, आलमपुर जाफराबाद की अंजली द्वितीय व नवाबगंज की अजरा तृतीय स्थान पर रहीं। ऊंची कूद में भुता के शादाब प्रथम, रामनगर के केशव द्वितीय व क्यारा के नितिन तृतीय स्थान पर रहे। बालिकाओं में भदपुरा की आरती प्रथम, क्यारा की दिव्या पाल द्वितीय, मझगवां की पूनम तृतीय स्थान पर रहेगी। चक्का फेंक में भुता के नीरज प्रथम, आलमपुर जाफराबाद के रामकिशोर द्वितीय, दमखोदा के साहिल तृतीय स्थान पर रहे।

बालिका वर्ग में शेरगढ़ की सानिया प्रथम, क्यारा की खुशी द्वितीय व आलमपुर जाफराबाद की गीता तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में महावीर प्रसाद, सुशील तंवर, हंस कुमार, सुंदर लाल, फूलन देवी, राखी सक्सेना, सरफराज खान, सिराजु हसन शामिल रहे। पवन कुमार सिंह, संतोष पांडे, पंकज, पवन कुमार, राजीव सिंह, राजवीर सिंह, सुमित, ममता सेठ, सोना रानी, अनवर हसनैन, अमित कुमार, रुपिंदर राठौर, सुहेल वारी, प्रसून गंगवार, मिथलेश यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

बेसिक शिक्षा विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता में ऊंची कूद में भाग लेता बच्चा। ● अमृत विचार

हरुनगला उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिनी खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

कबड्डी में विरोधी टीम की खिलाड़ी को दबोचे छात्राएं। ● अमृत विचार

वेतन न मिलने से शिक्षक परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बुधवार तक भी वेतन न मिलने से शिक्षक परेशान हैं। शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. वीपी सिंह ने बताया कि देर से वेतन मिलने से शिक्षकों को परेशानी हो रही है। मानव संपदा पोर्टल पर सभी शिक्षकों का डाटा अपलोड है, इसके बावजूद देरी क्यों की जा रही है।

Shri Ram Murti Smarak Trust
SRMS
The Chairman & Members of the Board of Governors
Welcome
Prof. (Dr.) Jai Prakash Pandey
Hon'ble Vice Chancellor
Dr. APJAK Technical University, Lucknow
Presiding Officer
Er. Mohammad Saif
Partner, Power & Utilities
Ernst & Young, Gurugram
(Alumnus, B.Tech. 1996 Batch)
Guest of Honour
Er. Nipun Kohli
Co-Founder
FinAGG Technologies Private Limited, Noida
(Alumnus, B.Tech. 1999 Batch)
Guest of Honour
on the occasion of
XXIII CONVOCATION
of
B.Tech. | M.Tech. | B.Pharm. | M.Pharm. | MBA | MCA
Shri Ram Murti Smarak College of Engineering & Technology, Bareilly
Shri Ram Murti Smarak College of Engineering, Technology & Research, Bareilly
(Approved by AICTE & Affiliated to Dr. APJAK Technical University, Lucknow)
Thursday, February 8, 2024 | 10.30 AM Onwards
Venue : Shri Ram Murti Centennial Auditorium, SRMSCET Campus, Ram Murti Puram, 13 Km. Bareilly-Nainital Road, Bareilly (U.P.)

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

मंदिर में चोरी कर कुटिया में लगाई आग

मंदिर के महंत गए हैं अयोध्या, बीडीसी सदस्य ने थाना कैंट में दी तहरीर

संवाददाता, कैंट

अमृत विचार : चोरों ने मंगलवार रात अभयपुर कैंप झील गौटया में मंदिर में चोरी कर महंत की कुटिया में आग लगा दी। वहां रखा सामान जलकर राख हो गया। गांव के बीडीसी सदस्य ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

बीडीसी सदस्य अर्जुन पाल ने बताया कि गांव के थान मंदिर के महंत अयोध्या गए हुए हैं। मंदिर में पूजा पाठ व साफ सफाई का कार्य गांव के भूरे गिरी कर रहे हैं।

आग से पूरी तरह जलकर राख में तब्दील हो गई कुटिया। ● अमृत विचार

मंगलवार रात करीब 11 बजे वह मंदिर में ताले डालकर घर सोने चले गए। रात में चोरों ने मंदिर और कुटिया से चांदी की मूर्तियां, कुर्सियां, तख्त, दानपात्र, घंटा, बर्तन आदि सामान चुरा लिया। साथ ही महंत की कुटिया में आग लगा दी। भूरे गिरी बुधवार सुबह मंदिर पर पहुंचे तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। मामले में थाने में तहरीर देने के साथ आईजीआरएस पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इस घटना से लोगों में आक्रोश है।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
मिलने का समय : सायं 5 से 8 बजे तक (नाइस क्लीनिक)
रेलवे फाटक सिसईया रोड, नियर मौर्य एग्री क्लीनिक केन्द्र, फरीदपुर, बरेली
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

ड्रॉप मोर क्रॉप पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

ड्राप मोर क्राप पर प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचारः उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना माइक्रोइरीगेशन (ड्रॉप मोर क्रॉप) के तहत बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र आईवीआरआई में कृषकों को विशेषज्ञों की ओर से कृषि सिंचाई योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। उनको इस प्रणाली के द्वारा जल संरक्षण के बारे में बताया। बताया कि गन्ने की फसल में ड्रिप प्रणाली काफी लाभदायक है। इससे उपज में वृद्धि होती है। इस दौरान कृषकों को लौकी, तरोई, खीरा, करेला, टमाटर प्याज के बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया।

उपनिदेशक उद्यान बरेली मंडल एसके गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक, नाबार्ड से डीके मिश्रा, एलडीएम वीके अरोरा, वैज्ञानिक डा. रंजीत सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डा. राजीव सिंह, वरिष्ठ तकनीकी सहायक मृदा विज्ञान वाणी यादव, मणिकांत कुमार, अजय कुमार, संदीप चौधरी, सुमित मोहन, हमपाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

एआरटीओ ने चार ओवरलोड वाहन किए सीज, 47 वाहनों के चालान

यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान काटते एआरटीओ।

बरेली, अमृत विचार : यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एआरटीओ राजेश कर्दम ने बताया कि बुधवार को शाही, शीशगढ़ रोड, बहेड़ी में चेकिंग के दौरान चार ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 47 लोगों के चालान किए गए।

सदर तहसील में नायब तहसीलदार विदेश सिंह को भोजीपुरा की जिम्मेदारी

बरेली, अमृत विचार : सीतापुर की महोली तहसील से स्थानांतरित होकर आए नायब तहसीलदार विदेह सिंह को सदर तहसील में भोजीपुरा की जिम्मेदारी दी गई है। नायब तहसीलदार निरंकार सिंह का पिछले दिनों तबादला बदायूं हुआ था। उसके बाद से पद खाली था। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने तैनाती की सूचना डीएम को भेज दी है।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

अपना दल बैठक में चुनाव की तैयारी पर दिया जोर

बरेली, अमृत विचार : अपना दल एस ने बुधवार को कचहरी पर प्रदेश महासचिव एडवोकेट अनुज कुमार गंगवार के विधि मंच के कार्यालय पर मासिक बैठक की। बैठक में रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष आनंद मोहन पटेल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर सभी गौरवान्वित हैं। प्रदेश सचिव विधि मंच एडवोकेट गजेंद्र पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव में जुटने पर बल दिया गया। गोपेंद्र पाल एडवोकेट ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बैठक में कृष्ण पाल पटेल, हर्षित पटेल, साबिर हुसैन, प्रशांत, प्रेम शंकर, राकेश गंगवार, पंकज, सनुज सक्सेना, ताहिर अंसारी, मनोज गंगवार, रामकृष्ण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महिलाओं के उत्थान में लगी रहीं रमाबाई

बरेली,अमृत विचारः राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने बुधवार को समाज सुधारक रमाबाई अंबेडकर की जयंती मनायी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु ने कहा कि रमाबाई ने सामाजिक मान्यताओं को तोड़ते हुए गैर ब्राह्मण से विवाह किया। वह महिलाओं के उत्थान के लिए सदैव कार्यरत रहीं। नरेंद्रपाल, राकेश मौर्य, रामकिशोर, तरुणा कपूर, चित्रा गंगवार, नीलम, रश्मि अग्रवाल, जेआर गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

युवक ने घर में फंदा लगाकर जान दी

बरेली, अमृत विचार : थाना बारादरी क्षेत्र के नवादा शेखान निवासी 28 वर्षीय विश्वदेव गंगवार ने बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदा लगाकर जान दे दी। वह प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विक्रय
राजेंद्र नगर (बरेली) के.के. हॉस्पिटल रोड पर कोठी 560 वर्ग गज
9690455551, 8630613646
किराए हेतु
कामर्शियल हाल राजेंद्र नगर (बरेली) के.के. हॉस्पिटल रोड 3000 वर्ग फिट भू-तल, 2500 वर्ग फिट प्रथम तल, 1800 वर्ग फिट निम्न भू-तल
9690455551, 8630613646

घर में पड्डे काटकर बेचने के तीन आरोपियों पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में घर पर पड्डे काटकर मीट बेचने वाले तीन भाइयों के खिलाफ पड़ोसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के कटीकुइयां निवासी तारीक कुरैशी ने बताया कि जुनैद की मीट की दुकान काजीटोला में है। जुनैद और उसका भाई शोवेज, नन्नू और जुबैर अपने घर में भैंस के पड्डे काटते हैं और उनका मीट अपनी दुकान पर बेचते हैं। करीब 10 दिन पहले भी इन लोगों ने घर पर पड्डा काटा था। तारिक ने पड्डा काटने के फोटो और वीडियो पुलिस को सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश विरोध करने पर मारपीट

दूसरे समुदाय का है आरोपी, देर शाम तक दर्ज नहीं की रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : दूसरे समुदाय के युवक ने नौवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर उसे पीटा। छात्रा के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि बुधवार को वह बाजार गया था। पत्नी पड़ोस में एक शादी समारोह में गई थीं। इस बीच बेटी घेर में पशुओं को पानी पिलाने गई थी। आरोप है कि गांव के ही दूसरे समुदाय के युवक ने छात्रा को घेर में दबोच लिया और खींचकर भूसे वाले कमरे में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर छात्रा का भाई मौके पर पहुंचा। यह देखकर आरोपी छत के रास्ते भाग गया। छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र दिया है। फिलहाल, देर शाम तक पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की थी।

सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने नहीं कराया मेडिकल

फरीदपुर, अमृत विचार: फरीदपुर टोल प्लाजा के पास सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने अपना मेडिकल परीक्षण नहीं कराया है। वहीं पीड़िता बयानों में सामूहिक दुष्कर्म होने की बात कह रही है। पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, जबकि मुख्य आरोपी भूरा अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

फरीदपुर के टोल प्लाजा के पास कपड़ा व्यापारी की पत्नी ने तीन लोगों पर 10 साल के बेटे के सामने झाड़ियों में खींचकर ले जाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

▸▸ दो आरोपियों को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ

आरोप लगाया कि इससे पहले उसके पति को शराब पिलाकर नशे में धुत कर दिया गया। महिला ने तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली फरीदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को तत्काल हिरासत में ले लिया जबकि एक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण करने के लिए बरेली भेजा लेकिन उसने अपना मेडिकल करने से इन्कार कर दिया।

> छात्रा के पिता ने युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> **राजकुमार शर्मा**, इंस्पेक्टर, आंवला।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौंसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. मेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

शरीयत के खिलाफ कोई कानून नहीं मानेंगे मुसलमान

बरेली, अमृत विचार: ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल पारित हो जाने पर प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि मुसलमान हर उस कानून को मानने के लिए तैयार हैं जिससे शरीयत का कोई टकराव न हो। अगर यूसीसी में शरीयत का लिहाज नहीं रखा गया है तो मुसलमान इसे मानने के लिए बाध्य नहीं हैं। यूसीसी कमेटी की अध्यक्ष रंजना देसाई ने छह महीने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हर धर्म के विद्वानों से बात करके कानून लाएंगे। मगर उनकी कमेटी ने मुस्लिम उलमा और मुस्लिम विद्वानों से बात नहीं की, सलाह-मशविरा नहीं लिया। इस तरह एकतरफा कानून बनाकर लागू करना संविधान के खिलाफ है। मौलाना ने कहा कि यह समान नागरिक संहिता नहीं है बल्कि सिर्फ मुसलमानों को भयभीत करने और परेशान करने के लिए कानून बनाया गया है।

लुईस खुर्शीद समेत दो के खिलाफ गैरजमानती वारंट

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: दिव्यांग उपकरण वितरण को मिले 71 लाख रुपये गबन मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए कोर्ट शाम्भवी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद और सचिव अतहर फारुखी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया। सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत की है। दोनों आरोपी वर्तमान में दिल्ली में रह रहे हैं।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा अनुसंधान संगठन के इंस्पेक्टर रामशंकर यादव ने 29 मई 2017 को थाना भोजीपुरा में धोखाधड़ी, गबन की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने ट्रस्ट को प्रदेश के जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण आदि वितरित किये जाने के लिए 71.50 लाख का अनुदान दिया था। ट्रस्ट ने बरेली, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, मैनपुरी, कासगंज, मेरठ समेत 17 जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण वितरित करने की आख्या मंत्रालय को प्रेषित की थी।

▸▸ दिव्यांग उपकरण वितरण के लिए मिले 71 लाख रुपये का गबन करने का मामला

इसके बारे में शिकायत पर जांच की गयी तो पता चला कि कैंप सिर्फ कागजों में ही लगाये गये। भोजीपुरा क्षेत्र में 21 दिव्यांगों को तीन लाख रुपये के उपकरण वितरित करना दिखाया था जो जांच में झूठा पाया गया। खंड विकास अधिकारी व जिला विकलांग अधिकारी के हस्ताक्षर भी फर्जी निकले।

लुईस खुर्शीद और अतहर फारुखी के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी का आरोप पत्र कोर्ट भेजा गया था। कोर्ट द्वारा लंबे समय से समन, जमानती वारंट जारी किये जा रहे थे मगर आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल, डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• निःशुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

पेट्रोल पंप मालिक की कार पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी चांद।

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में सतीपुर चौराहा के पास पेट्रोल पंप मालिक वरुण सूरी और मैनेजर अमित मौर्या पर फायरिंग करने वाले चांद अली निवासी फाईक एंक्लेव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

रामपुर गार्डन निवासी वरुण सूरी का नवाबगंज में पेट्रोल पंप है। वह 1 फरवरी की रात मैनेजर के साथ वापस आ रहे थे। सतीपुर चौराहे पर चांद ने उनकी कार पर फायरिंग कर दी। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही आरोपी की निशानदेही पर तमंचा भी बरामद कर लिया गया।

फर्जी वसीयत से प्लॉट पर कब्जे की कोशिश

बरेली, अमृत विचार : फर्जी वसीयत से वृद्धा के प्लाट पर कब्जे की कोशिश की गई। दबंगों ने दीवार भी तोड़ दी। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिटी हार्ट कालोनी निवासी पूनम दुआ ने बताया कि उनका प्लाट गुलमर्ग पार्क प्यारेलाल कालोनी में है। उनके प्लाट पर शिवम यादव, नन्हें यादव और पुत्तू सिंह ने दीवार तोड़कर कब्जे की कोशिश की। इन लोगों ने फर्जी वसीयत दिखाते हुए प्लाट को अपना बताया और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध पर पूनम और उनके बेटे के साथ मारपीट की। पूनम ने आईजी के यहां शिकायत की।

जंक्शन पर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार: बरेली जंक्शन जीआरपी ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ माधोपुर टांडा पीलीभीत निवासी कृष्ण को गिरफ्तार किया। एसएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

आईजीआरएस : निस्तारण में बरेली पुलिस प्रदेश में नंबर वन

बरेली, अमृत विचार : शासन की प्राथमिकता में शामिल ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने के मामले में बरेली पुलिस ने एक बार फिर से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बरेली पुलिस को 125 अंक में 125 अंक मिले हैं।

आईजीआरएस में जनवरी 2024 में बरेली ने शहर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न प्रकरणों का नियत समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिसम्बर 2023 में बरेली पुलिस 20वें स्थान पर थी लेकिन, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के लगातार मानिटरिंग से ये सुधार हुआ है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले थानों पर कार्यरत आईजीआरएस कर्मियों और कार्यालय के आईजीआरएस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या X7713201 जिसकी वैधता 12.06.2033 है, उसमें मेरा नाम भूलवश मोनिश दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम मो. मोनिश है। मो. मोनिश पुत्र श्री हसमुद्दीन निवासी ग्राम अंडरायन थाना जहानाबाद तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

लिंक क्लिक करते ही खाते से 59 हजार उड़े

आंवला, अमृत विचार : एक कंपनी ने लिंक भेजकर एक दुकानदार का मोबाइल हैक कर लिया। उसके क्रेडिट कार्ड से 59 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। रामनगर रोड निवासी रजत माहेश्वरी ने बताया कि वह फोटो स्टेट की दुकान चलाते हैं। एक कम्पनी की ओर से उनके मोबाइल पर एक लिंक आया था। लिंक ओपन करते ही मोबाइल हैक कर लिया गया। 18 दिसंबर को उसके क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर 59 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर अधिराज पावर एंड सेफ्टी मुजफ्फरनगर के एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दो उपकेंद्रों से आज पांच घंटे बाधित रहेगी बिजली

कैंट, अमृत विचार : क्षेत्र के दो विद्युत उपकेंद्र कांधरपुर और ठिरिया निजाबत खां से गुरुवार को पूर्वाह्न 11 से शाम 4 बजे तक क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र की 33 और 11केवी लाइन के आड़े आ रहीं पेड़ की टहनियों की छटाई की जाएगी।

आसरा : दबंगों को हटाकर आवास किए जाएंगे आवंटित

डीएम ने अपर नगर आयुक्त परियोजना को आवास आवंटन के दिए निर्देश

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : आसरा योजना के तहत बनाए गए आवासों को आवंटित करने की कवायद शुरू हो गई है। डीएम ने ईओ के पत्र का संज्ञान लेते कमेटी गठित कर अपर नगर आयुक्त परियोजना को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त ने एसडीएम से समय और स्थान निर्धारण करने को पत्र भेजा है।

गौरतलब है कि गौसगंज रेलवे क्रॉसिंग के समीप आसरा योजना के तहत 336 आवासों का निर्माण कराया गया था। कंस्ट्रक्शन डिजाइन सर्विसेज को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सत्यापन के दौरान लॉटरी माध्यम से 90 लाभार्थियों को आवास की चाबी



दी गई थी। अन्य आवास खाली पड़े रहे। धीरे-धीरे यह आवास जर्जर होने लगे। इस बीच दबंगों अधिकांश मकानों पर कब्जा कर लिया। वहीं पात्र आवास की आस में भटक रहे। इस संबंध में नगर पालिका के ईओ ने 20 सितंबर को डीएम को पत्र भेजा था। साथ ही आवास आवंटन के लिए पात्रों की सूची भेजी थी। डीएम ने मामले में कमेटी गठित कर अपर नगर आयुक्त परियोजना अधिकारी डूडा को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन के निर्देश दिए हैं। इससे उम्मीद जगी है कि जल्द ही लाभार्थियों को पक्की छत मिल जाएगी। जिन लोगों ने आवासों पर कब्जा कर रखा है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

लंबे समय से अटका है आवासों का आवंटन

लंबे समय से आवासों का आवंटत अटका है। योजना के तहत बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किए थे। सत्यापन के बाद लाभार्थियों की सूची तैयार की गई थी। बताते हैं कि अभी 26 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए जाएंगे। डीएम के स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद इस दिशा में आगे की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

ससुरालियों पर रुपये और जेवर छीनने का आरोप

आंवला, अमृत विचार : एक महिला ने ससुरालियों पर रुपये और जेबर छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला बाग बक्शी निवासी दीक्षा यादव ने बताया कि उसकी शादी उपेन्द्र यादव उर्फ बबलू निवासी असमोली जनपद संभल के साथ हुई थी। ससुराली दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। इसको लेकर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ससुराली मुकदमा वापस कराने के लिए दबाव बना रहे थे। बताया कि 15 नबंवर को वह पैतृक गांव राजपुर कलां से भाई सौरभ के साथ आंवला लौट रही थीं। बताया कि पति भी उसके गांव में रहता है। उसके ससुरालियों ने उसे कस्बे में यात्री स्टैंड पर रोक लिया और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर ससुराली उसके बैग से तीन हजार रुपये, सोने की झुमकी आदि जरूरी कागजात छीनकर ले गए।

मंडी में बदहाल मिलीं सड़कें गंदगी से अटे थे शौचालय

मंडी का निरीक्षण करते एसडीएम गोविंद मौर्य। ● अमृत विचार

आंवला, अमृत विचार : एसडीएम गोविंद मौर्य ने बुधवार को कस्बे में मंडी समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई और किसानों के लिए सड़क, प्रकाश, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देखा। कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

एसडीएम ने बताया कि मंडी परिसर में मुख्य सड़क काफी नीची है। बारिश में पानी मंडी में घुस जाता है। निरीक्षण के समय सड़कें बदहाली मिलीं। तार झूलते मिले और शौचालयों में भारी गंदगी

▸▸ एसडीएम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

थी। पानी की व्यवस्था भी खराब थी। टोंटी लगी थीं मगर पानी नहीं था। उन्होंने बताया कि इन सभी समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं। सड़कों की मरम्मत के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों और दुकानदारों को हर सम्भव सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

पीएम आवास दिलाने के नाम पर दलाल मांग रहे रुपये

आंवला,अमृत विचार : भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री आवास योजना में वसूली का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोविंद मौर्य को सौंपा है। संगठन के जिलाध्यक्ष अकबर अली के नेतृत्व में लोगों ने दिए ज्ञापन में बताया कि कस्बे में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत दो लाख पचास हजार रुपये की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना को लेकर कुछ दलाल काफी समय से सक्रिय हैं।

दलाल आवास दिलाने के नाम पर खुलेआम 25 से 50 हजार रुपये लोगों से वसूल रहे हैं। इससे पात्रों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दलालों ने तमाम अपात्रों को आवास दिलवा दिए। संगठन ने पालिका क्षेत्र में आवंटित आवासों की जांच कराने की मांग की है। जफर अली खां, रिंकू, प्रदीप, राजकुमार, रामाधीन सागर आदि मौजूद रहे।

छात्रों को मिल में चीनी बनाने की विधि बताई

मीरगंज, अमृत विचार : अनुबिस आईटीआई के छात्रों ने बुधवार को धामपुर बायो ओर्गेनिक्स लिमिटेड मीरगंज की इंड्रस्टियल विजिट की। मिल के यूनिट हेड संजय कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को गन्ने से चीनी बनाने की विधि बताई। अरविंद गंगवार कार्मिक और प्रशासनिक हेड ने छात्रों को कॉरपोरेट सेक्टर में होने वाले रिक्रूटमेंट के बारे में बताया। प्रधानाचार्य शरद सक्सेना, चेयरमैन देवेंद्र सिंह ने कहा कि छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उन्हें इंडस्ट्रियल विजिट कराई गई है। सचिव सत्येंद्र सिंह, ट्रस्टी जितेंद्र सिंह, शेषनाथ यादव, नवीन,संजय सिंह, जितेंद्र गंगवार, गौतम सिंह आदि मौजूद रहे।

ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदान के प्रति किया जागरूक

रिटौरा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देजनर गांव बरकापुर में बुधवार को ईवीएम का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लोगों को ईवीएम से वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में जानकार दी गई। प्रधान गायत्री देवी, प्रधानाध्यापिका शिवानी वर्मा, कुलदीप गंगवार, दीप्ति, प्रीति सचिव अजयवंश, मनोज, महेंद्र, गीता देवी, रोजगार सेवक राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू

कैंट, अमृत विचार : बुखारा मोड़ बदायूं रोड स्थित वृद्धाराम में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू हो गया। कथाव्यास आचार्य वृषभानु दास महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सुनाई। कांता गंगवार, रचना चौहान, कमला शंकर तिवारी, पंडित ज्ञानी, गीता पटेल, राजेंद्र पटेल, निहारिका, प्रेमलता, हरविंदर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

बच्चों ने स्पून और मेढक दौड़ में प्रतिभाग किया

बरेली, अमृत विचार : हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था की ओर से बुधवार को प्राथमिक विद्यालय घुरा राघवपुर क्यारा में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा एक से पांच के बच्चों ने स्पून, स्नैक और मेढक दौड़, रस्सी कूद में प्रतिभाग किया। प्रधानाध्यापिका सीमा मलिक, सहायक अध्यापक रजनी, रिफा नाज, सुमैया, तैयब नूरी, फौजिया नबा, प्रीति शर्मा मौजूद रहे।

हादसे में युवक की मौत, शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

भमोरा, अमृत विचार : सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तमाम कोशिश के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मंगलवार देर रात एक व्यक्ति बरेली बदायूं मार्ग पर नकटपुर मोड़ की ओर जा रहा था। इस बीच वाहन ने उसे टक्कर मार दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ परमेश्वरी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

दबंगों ने महिला को पीटकर किया घायल

क्योलड़िया : क्योलड़िया निवासी भगवान देई पत्नी खेमकरन अपनी जगह में मकान का निर्माण कर रही थीं। गांव के ही सूरजपाल, संजीव आदि महिला की जगह में जबरन निकास का रास्ता लेना चाह रहे हैं। आरोप है कि इसका विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर पड़ोसियों ने उन्हें बचाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजगार मेले में 13 अभ्यर्थियों का चयन

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : आईटीआई, कौशल विकास मिशन और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर ब्लाक परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 37 में से 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र पटेल ने किया। यहां पुखराज हेल्थ केअर, पिलप कार्ड, विन्स हैबिट प्लेसमेंट, एलआईसी ऑफ इंडिया और वीपी सॉफ्टवेयर समेत पांच कंपनियों के प्रतिनिधि आए थे। इन प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया था। मेले में प्रधानाचार्य आईटीआई बहेड़ी एसी कटियार आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर महिला पर किया हमला, रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : गांव कांधरपुर मीठी चौक की सुशीला पत्नी राम सिंह ने बताया कि वह 18 नवंबर की शाम परगवां टंकी के पास अपनी गाय चरा रही थीं। इसी बीच गांव के सूरजपाल, अभि कश्यप, प्रेमपाल ने उसकी गाय के बछड़े को पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां दीं। आरोप है कि अगले दिन रात में करीब 8 बजे तीनों आरोपी अपने साथियों के साथ उनके घर में घुस आए और मारपीट की। ईंट और पत्थर बरसाए। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। पुलिस से शिकायत की मगर सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवक को जान से मारने की कोशिश

कैंट, अमृत विचार : तीन लोगों ने एक युवक हमला कर जान से मारने की कोशिश की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिशारतगंज क्षेत्र के गोकुलपुर निवासी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि वह वर्तमान में सद्भावना कॉलोनी में किराए पर रहते हैं। 5 फरवरी को सुबह उनका बेटा रामपुर गार्डन स्थित स्कूल जा रहा था। इसी बीच सद्भावना कॉलोनी मोड़ पर निशांत गुर्जर निवासी सद्भावना कॉलोनी व उसके दो दोस्त गुरविंदर जाट व मोहित गुर्जर ने उसे घेर लिया। निशांत ने उनके बेटे के गले में तार का फंदा डालकर जान से मारने की कोशिश की। राहगीरों ने उसे बचाया। डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। मामले में पुलिस को तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएससी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राहत : तहसीलों में 153 नए लेखपालों की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लंबे समय से लेखपालों की कमी से राजस्व कार्यों को समय से निपटाने में आ रही समस्या जल्द दूर होने वाली है। शासन स्तर से भर्ती प्रक्रिया के बाद जिले को डेढ़ सौ से ज्यादा नए लेखपाल मिल गए हैं। सभी की तैनाती अलग-अलग तहसीलों में कर दी गई है। नए लेखपालों की तैनाती के बाद लंबित कार्यों में तेजी आएगी। पहले से तैनात लेखपालों पर काम का बोझ भी कम होगा।

दरअसल, जिले की सभी तहसीलों में लेखपालों की बड़ी कमी थी। एक लेखपाल के पास कई काम थे जिसकी वजह से तय समय पर कार्य नहीं हो पा रहे थे। जरूरतमंदों को तहसीलों और लेखपालों के चक्कर काटने पड़ते थे। इस समस्या को देखते हुए पिछले दिनों लेखपालों की भर्ती कर सभी जिलों में तैनाती की गई है। बरेली को 153 लेखपाल मिले। डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर एडीएम प्रशासन दिनेश की ओर से सभी लेखपालों की तैनाती कर दी गई है। बहेड़ी, फरीदपुर तहसील में 30-30 लेखपाल मिले हैं, जबकि नवाबगंज में 27, मीरगंज में 19, आंवला में 28, सदर में 19 लेखपालों की तैनाती की गई है। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि सभी को सर्किल वितरित करते हुए जिम्मेदारी दी जा रही है।

इन कार्यों में आएगी तेजी

लेखपाल का काम भूमि रिकॉर्ड बनाना, सर्वेक्षण, राजस्व रिपोर्ट तैयार करने के अलावा पैमाइश, तूदाबंदी, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों की जांच कर रिपोर्ट लगाना है। वारिसान प्रमाण पत्र, आईजीआरएस के मामलों की जांच की जिम्मेदारी भी लेखपालों पर होती है।

गोदाम से सिलेंडर चुराते दो आरोपियों को दबोचा

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे में लोगों ने गैस गोदाम से सिलेंडर चुराते समय दो चोरों को पकड़ लिया। बाद में उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आंबेडकर पार्क के समीप भारत गैस का गोदाम है। मंगलवार शाम गोदाम का चौकीदार होटल पर खाना खाने गया था। इस बीच चोर दीवार के सहारे गोदाम में घुस गए। करीब 16 सिलेंडर दीवार के बाहर फेंक कर ले जाने लगे। गोदाम के पास रहने वालों ने चार में दो आरोपियों को पकड़ लिया। गैस एजेंसी स्वामी को सूचना दी। दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। इनमें एक गुलशन नगर बस्ती तो दूसरा आरोपी बालाजी मंदिर के पास रहता है। सिलेंड के रुपये देकर समझौता करने में जुट गए। देर शाम तक पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की थी। दो दिन पूर्व चोरों ने स्टेशन मार्ग स्थित इंडेन गैस एजेंसी के बाहर खड़े दो ट्रकों की बैट्रियां चुरा ली थीं।

सड़कें बनीं दलदल, घरों से निकलना मुश्किल

गांव पीपल गौटिया में जलनिकासी का नहीं कोई इंतजाम, लोग गिरकर हो रहे चोटिल

हरपाल साहू , कैंट

अमृत विचार : गांवों में विकास के दावे किए जा रहे हैं, मगर जमीनी हकीकत इससे जुदा है। ग्राम पंचायत क्यारा के मझरा पीपल गौटिया को ही ले लीजिए, यहां सड़कें दलदल बन चुकी हैं। आए दिन बच्चे, बड़े और बुजुर्ग गिरकर घायल हो रहे हैं। न केवल मुख्य मार्ग बल्कि गलियां भी मरम्मत की राह देख रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नेता चुनाव के समय आते हैं, वादे करते हैं और फिर जीतने के बाद गांव की ओर मुड़कर नहीं देखते हैं। गांव में अधिकांश घरों में शौचालय तक नहीं है। जलनिकासी का कोई इंतजाम नहीं है। ग्रामीण तमाम परेशानी झेल रहे हैं, इस आस में कि शायद गांव के दिन बहुरेंगे, मगर कब...!

गांव में हर गली बजबजा रही है। लोग कीचड़ के बीच रहने को मजबूर हैं। यहां के महिला और पुरुषों से गांव की समस्याओं पर बात की तो उनका दर्द छलक पड़ा। कहा कि अगर उनकी समस्याएं दूर नहीं हुईं तो इस बार चुनाव का बहिष्कार करेंगे। यहां एक जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार रहते हैं। नाम न छापने की शर्त पर उन्होंने कहा है कि वह कई बार अपने रिश्तेदार जनप्रतिनिधि को समस्याएं बता चुके हैं मगर अभी तक दिक्कतें दूर नहीं हुई हैं। उनके रिश्तेदार जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र से विधायक और सांसद भी रह चुके हैं।

बच्चों को जूते हाथ में पकड़कर स्कूल जाना पड़ता है: पीपल गौटिया और जगतपुर में कुल 1500 वोटर हैं, जो दलदल और कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में हालात और भी ज्यादा खराब हो जाते हैं। पीपल गौटिया में कोई विद्यालय नहीं है। बच्चे क्यारा में पढ़ने जाते हैं।

इन बच्चों की जूते मोजे उतारकर हाथ में लेना और कीचड़ से गुजर कर स्कूल जाना मजबूरी है। महिलाओं ने बताया कि कहीं भी पानी का निकास नहीं है। घरों का सारा पानी गलियों और मुख्य रास्तों में भर जाता है। कीचड़ में होकर गुजरने से पैरों में चर्म रोग हो गया है। मच्छर अधिक पनपते हैं। गंदे पानी से दुर्गंध उठने से सांस लेने भी दिक्कत होती है।

पीपल गौटिया में मुख्य मार्ग पर जलभराव के चलते लोगों को आवाजाही में होती है दिक्कत। ● अमृत विचार

पीपल गौटिया में गांव के गंदे पानी का बाहर निकलने का रास्ता नहीं है। पेयजल के लिए हो रहे ओवरहेड टैंक निर्माण की जगह पर भी गांव का पानी भर जाने से निर्माण कार्य को रोकना पड़ा है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रास्तों पर मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है। **–ओमप्रकाश– बीडीओ, क्यारा**

गांव के अंदर गली में भी कीचड़ फैला हुआ है। फिसलन के कारण लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।



गांव में शौचालय बनवाने के नाम लोगों से वसूली की गई, लेकिन आज तक शौचालय नहीं बन पाए। विकास के दावे कागजों तक ही सीमित हैं। **–मुकेश– ग्रामीण**

▸▸ ग्रामीण तमाम समस्याओं से जूझ रहे, अफसर नहीं दे रहे ध्यान

▸▸ अधिकांश घरों में नहीं शौचालय विकास के दावे दम तोड़ रहे

जहां ओवरहेड टैंक बन रहा है, वहां भी जलभराव हो गया है।

नेता वोट लेने के समय आते हैं। वाद में कोई यहां झांकता तक नहीं। गांव की बदहाली को देखकर रोना आता है, मगर जनप्रतिनिधि और अफसर भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। **–देशराज– ग्रामीण**

गांव में गंदगी की वजह से संक्रामक रोगों का प्रकोप बना रहता है। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की वजह से योजनाओं, शौचालय आदि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। **– छोटी– ग्रामीण**



गांव के रास्तों से कीचड़ और दलदल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इतना पैसा नहीं है कि दूसरी जगह मकान बनाकर रहने लगें। यहां रहना बदकिस्मती है।" **रामदास– ग्रामीण**

सार-संक्षेप

सफाई उपकरण किट उपलब्ध कराई जाए

भोजीपुरा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने सफाई उपकरण किट उपलब्ध कराने और सांड़ को पकड़ने में सफाई कर्मियों की ड्यूटी न लगाने की मांग की है। बुधवार को ब्लॉक अध्यक्ष हरनारायन राजपूत के नेतृत्व में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने दो सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी कमल कुमार श्रीवास्तव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत शशांक सक्सेना को सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्व ग्रामों में तैनात ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जल्द सफाई उपकरण किट मुहैया कराई जाए। जब तक संसाधनों की समुचित व्यवस्था न हो जाती, तब तक सफाई कर्मियों को सांड़ पकड़ने में ड्यूटी न लगाई जाए।पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री सर्वेश कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष महेश पटेल, ब्लॉक मंत्री महेश बाबू वाल्मीकि, संजीव कुमार, राजेश कुमार मौर्य, राकेश कुमार, धर्मपाल सागर, संजय मौर्य, रोहतास कुमार, इन्द्रपाल सागर, संतोषी देवी, शिवानी, आशा रानी, नीलम, लक्ष्मी देवी मौजूद रहीं।

आर्य समाज अनाथालय में फल और मिष्ठान बांटे

बरेली, अमृत विचार : मां गंगा बचाओ वेलफेयर सोसायटी, ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल, वेलफेयर सोसायटी ने बुधवार को आर्य समाज अनाथालय में फल और मिष्ठान बांटे। इस मौके पर संस्थापक डॉ. रजनीश सक्सेना, संरक्षक सीएल शर्मा, अनुपम कपूर, डॉ. डीसी शर्मा, कनिष्क शर्मा, जीतेश राज नक्श, अखिलेश शर्मा, संजीव सक्सेना, ऋषि रंजन सिंह, डॉ. सरताज हुसैन, मनीष रस्तोगी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रेम और समर्पण ही संत से जुड़ने का मार्ग

भोजीपुरा, अमृत विचार : स्वामी दिव्यानंद आश्रम में संत कृपाल सिंह महाराज के जन्म दिवस पर सत्संग एवं भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर आध्यामिक गुरु देवेंद्र मोहन ने कहा कि हृदय प्रेम से आच्छादित होता है। प्रेमभाव से ही संत किसी जीव को अपने साथ जोड़ता है। ऐसे जीव जिनके हृदय में प्रेम एवं समर्पण की भावना है, उन्हें संत महापुरुष अपना सबकुछ देने को तैयार रहते हैं। प्रेम और समर्पण ही संत से जुड़ने का मार्ग है। जब हम किसी गुरु की बात को हृदय में धारण करते हैं, उसकी एक एक बात पर अमल करना शुरू करते हैं। गुरु को ही अपना सब कुछ मानते हैं तो मनमुखता कमजोर पड़ती जाती है। उन्होंने बताया कि यहां कुछ दिन पहले कई लोगों ने इस पावन काम में व्यवधान डालने का प्रयास किया था। उनकी मंशा थी कि यहां सत्संग और भंडारा न हो। गेंदन लाल, आरपी गंगवार, प्रीतम लाल , शंकरलाल, हरपाल, भगवान दिन, महेश, प्रेम शंकर आदि मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

बहेड़ी : बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी रहे पदाधिकारियों को बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सिविल जज (जूनियर डिवीजन) विजय शंकर गौतम ने शपथ ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि श्रीश मेहरोत्रा, बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित, स्थानीय बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकील अहमद, सूरज पाल गंगवार, कोषाध्यक्ष रीत राम मौर्य, पाती राम गंगवार साबिर रजा, दीपचंद पांडे, महेंद्र प्रताप सिंह, राजू गंगवार, ल ईक अहमद व राजीव सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

मुसाहिब रजा मिस्टर और आफिया बनीं मिस फेयरवेल

बहेड़ी, अमृत विचार : मिशन एकेडमी मंडनपुर में छात्रों ने फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। इसमें मुसाहिब रजा को मिस्टर और आफिया नूरी को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। 12 वीं के छात्रों को रोचक टाइटिल दिए गए। अंग्रेजी के अध्यापक अरुनवीर ने गीत प्रस्तुत किया। प्रबंधक एमएस गंगवार, एमडी शेखर गंगवार, प्रधानाचार्य चंद्रशेखर गंगवार, स्वाति गंगवार,पूनम गंगवार, ओमवती गंगवार, प्रशासक आदेश गंगवार, बाबू राम ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रदीप गंगवार, राजीव सक्सेना, रीता कोठारी पांडे, ओमवीर सिंह,परविंदर सिंह, रुचि मिश्रा मौजूद रहीं। संचालन पूजा सिंह ने किया ।

दुष्कर्म के मामले में दस वर्ष कारावास

बदायूं, अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म करने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने आरोपी को दोषी करार दिया है। आरोपी के खिलाफ दस साल की कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। जुर्माने की राशि जमा न कराने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आवेदन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा की ओर से 25 जुलाई को थाना अलापुर में तहरीर दी गई थी। इसमें उन्होंने बताया कि गांव में उनका पड़ोसी धर्मपाल 8 मई को उनके घर में घुस आया। जहां उनकी 16 साल की बहन सो रही थी। धर्मपाल ने उनकी बहन को पकड़ लिया। उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और भाग गया। न्यायालय में धर्मपाल के खिलाफ किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया है। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी धर्मपाल को दोषी पाते हुए दस वर्ष की सजा सुनाई। जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मंदिर में मांग भर छात्रा से बनाए संबंध, गर्भपात करा छोड़ दिया

शेरगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धुनकी के शिक्षक ने की हरकत

बीसलपुर (पीलीभीत)

- आरोपी शाहजहांपुर निवासी शिक्षक समेत तीन के विरुद्ध दुष्कर्म, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा को बरेली के शेरगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धुनकी में तैनात सहायक अध्यापक ने पहले अपने प्रेमजाल में फंसाया। पिछले साल पीलीभीत के शनि मंदिर में उसकी मांग भरी और बतौर पत्नी की तरह शारीरिक संबंध बनाए। इस बीच आरोपी शिक्षक छात्रा को परिवार से स्वीकृति लेकर पूरे रीति रिवाज से जल्द विवाह करने का झांसा देता रहा। छात्रा गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसका गर्भपात करा दिया। अब आरोपी पीड़िता से शादी करने से इनकार कर रहा है। पीड़िता ने आरोपी शाहजहांपुर निवासी शिक्षक के विरुद्ध सीओ से शिकायत की। सीओ के निर्देश पर छात्रा से दुष्कर्म, छेड़छाड़ समेत अन्य आरोपों में कोतवाली पुलिस ने आरोपी शिक्षक समेत तीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली बीसलपुर में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री नगर में किराए पर कमरा लेकर केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की तैयारी कर रही थी। बरेली जिले के शेरगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धुनकी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत शाहजहांपुर जनपद के बंडा क्षेत्र के ग्राम कमलापुर निवासी रजनीश भारती उसकी बेटी की सहेली का मौसेरा भाई है। रजनीश की उसकी बेटी के साथ मुलाकात हुई। शादी का झांसा देकर आरोपी शिक्षक ने उसकी पुत्री को प्रेमजाल में फंसा लिया। 10 नवंबर, 2023 को पीलीभीत के शनि मंदिर में उसके साथ विवाह कर लिया। तब आरोपी ने कहा था कि परिवार से स्वीकृति लेने के बाद जल्द विवाह करेगा। झूठा दिलासा देकर एक साल तक शारीरिक संबंध बनाए। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई। आरोप है कि शिक्षक ने बहाना बनाकर गर्भपात करा दिया और शादी से मुकर गया। आरोपी के दो साथी अवनीश व गौरव ने भी पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की सीओ के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पांच हजार लाख की जीएसटी वसूली नहीं,127 व्यापारियों को दिए नोटिस

बदायूं, अमृत विचारः जीएसटी संग्रह करने के लिए बरेली मंडल के सभी जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है। बरेली में जीएसटी विभाग की ओर से जारी किए नोटिस का विरोध हो रहा है। अब बदायूं जिले में जीएसटी जमा कराने के लिए विभाग की ओर से 127 व्यापारियों को नोटिस जारी की गयी है। व्यापारियों पर आरोप है कि इन सभी ने समय पर जीएसटी रिटर्न जमा नहीं किया है, इसलिए व्यापारियों को दो सौ रुपये प्रतिदिन रिटर्न का 0.5 प्रतिशत हिस्सा टैक्स के रूप में जमा करना होगा।

करीब पांच हजार लाख रुपये जीएसटी के रूप में जमा होना है तो अभी तक विभाग वसूल नहीं कर सका है। विभाग में सात हजार से छोटे बड़े व्यापारी पंजीकृत हैं। जो जीएसटी जमा करते हैं। बदायूं में वार्षिक लक्ष्य 12 हजार 740 लाख का है। इसमें से अब तक सात हजार 344 लाख की वसूली ही हुई है। जिले में पहले जीएसटी देने वाले व्यापारियों की संख्या छह हजार थी।

जांच में दोषी मिली स्कूल स्टाफ को धमकाने वाली शिक्षिका निलंबित

बदायूं, अमृत विचारः ब्लॉक सालारपुर के प्राथमिक स्कूल में कार्यरत स्टाफ के साथ व्यवहार सही न करना एवं अवकाश के दिन स्कूल खोलकर उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना शिक्षिका को महंगा पड़ गया। शिकायत पर बीईओ ने जांच की तो आरोपों की पुष्टि हुई। आरापों पर बीएसए ने सहायक अध्यापिका को

निलंबित कर दिया है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के साथ मिलकर स्कूल स्टाफ ने बीएसए से शिकायत करते हुए कहा था कि 14 जनवरी को अवकाश के दिन स्कूल खोलकर शिक्षिका अनुपम लता ने रजिस्टर पर 30 दिसंबर के हस्ताक्षर किए गये। यहां तक 16 जनवरी को इनके द्वारा अन्य स्टाफ को अनुपस्थित दर्शाकर अपने हस्ताक्षर कर दिए। शिक्षिका अनुपम लता का यह मूल गांव है। इनकी तैनाती इसी गांव विलहत में होने के कारण स्कूल स्टाफ को परिजनों की मदद से धमकाने का आरोप है।अक्सर स्कूल से गायब रहती हैं।

शादी समारोह में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, दो घायल

उझानी (बदायूं), अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र में शादी समारोह में ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। मंगलवार की रात बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह था। मोहल्ला साहूकारा निवासी हिमांशु स्टेज के गुब्बारे व जोकर में हवा भरने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर लाए थे। सिलेंडर के नोजल में कुछ कमी आ गई थी। हिमांशु उसे ठीक रहे थे। तभी छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। दो लोग घायल हो गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत रहपुरा गनीमत, विकास खण्ड दमखोदा, जिला बरेली।

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहपुरा गनीमत की अनुपूरक स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 23-24 के अनुसार पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हैं :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
1.	रज्जाक के घर से पंचायत भवन तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	90x3 मीटर	3,45,000.00

उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री कय हेतु जिसमे ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी आदि सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनाक 15-02-2024 तक अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनाक 16-02-2024 को अपरान्ह 12 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय पर खोली जाएंगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-श्रीमती अनीता पटेल — सचिव-रोहिताश कुमार

कार्यालय ग्राम पंचायत कुनिया रायपुर वि.ख. दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं.नि./2023-24 — दिनांक : 03.02.2024

विज्ञप्ति

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्न कार्य हेतु उसके सम्मुख अंकित सामग्री की कार्यस्थल पर पहुंचती व चट्टी लगी समस्त टैक्स सहित आवश्यकता है अत: सम्बन्धित फर्म अपने टेण्डर/कुटेशन दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक स्वयं अथवा डाक से बन्द लिफाफे में इस कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जो कि उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा खोले जायेंगे। टेण्डर/कुटेशन को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

कार्य का नाम	क्रमांक	सामग्री का नाम
01. राजेश के घर से दिनेश के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण	01.	सीमेन्ट
02. प्राथमिक विद्यालय कुनिया रायपुर से मेन सड़क तक सी.सी. व नाली निर्माण।	02.	कोर सैण्ट
03. ग्राम पंचायत कुनिया रायपुर के मजरा शाहजहाँपुर में पशु शेड निर्माण कार्य।	03.	फाईन सैण्ट
	04.	पत्थर गिटटी
	05.	सरिया
	06.	35 एम.एम. प्लाई
	07.	ईट की रोड़ी
	08.	अब्बल ईट
	09.	चटका ईट
	10.	टीन
	11.	एंगल

सीमा देवी प्रधान — हरीश वाजपेयी सचिव

बरेली की टीम ने वालीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल जीता

करौंदा में विजेता टीम को ट्राफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार : मोहम्मदी ब्लॉक क्षेत्र के करौंदा गांव में खेले गए डे नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में बरेली ने रिछा की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया है।

करौंदा के खेल मैदान पर हुए डे नाइट टूर्नामेंट में करौंदा, बंजरिया, मूड़ानिजाम, कोरोकुइंया, खुटार, दियोरिया, रिछा, बरेली समेत कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल मैच बेस्ट ऑफ 3 के बीच खेले गए। पहला सेमीफाइनल रिछा और कोरोकुइयां के बीच खेला गया, जिसमें रिछा की टीम ने कोरोकुइयां को हराकर 2-1 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच बरेली और अमेठी के बीच हुआ, जिसमें बरेली की टीम विजयी रही।

फाइनल बरेली और रिछा के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बरेली ने रिछा की टीम को 2-0 से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। कमेटी की ओर से विजेता टीम को 8100 रुपये और उपविजेता टीम रिछा को 5100 का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। ग्राम प्रधान मशीउल्ला खान, सफीउल्ला खान, पूर्व प्रधान रवि सिंह कुशवाहा, कमेंटेटर सफी अहमद, रेफरी महमुदुद्दीन आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े चार बदमाश एक गोली से घायल

पूरनपुर (पीलीभीत), अमृत विचारः किराना व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख की डकैती डालने वाले डकैतों को नौ दिन बाद भी पुलिस की चार टीमें पकड़ नहीं सकीं लेकिन डकैती के बाद से हो रही फजीहत से बचने के लिए पुलिस ने चार बदमाशों को मुठभेड़ में पकड़ा है। एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस का दावा है कि चारों लूट की योजना बना रहे थे। बदमाशों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

मंगलवार देर रात करीब 2 बजे कोतवाल प्रवीण कुमार, दरोगा प्रदीप कुमार मलिक, प्रद्युमन कुमार, प्रकाश चंद्र शर्मा, विकास कुमार, जसवीर सिंह आदि ने गैरतपुर जप्ती गांव में पुलिया के पास दबिश दी। आरोप है कि पुलिस को देखते ही पहले से मौजूद बदमाशों ने एक-एक कर दो फायर किए। हमले में पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ में चार आरोपी मोहल्ला ढका निवासी अंसार, नफीसुल हसन, नफीस और मोहल्ला अहमदनगर निवासी तालिब को पकड़ लिया।

ट्रैक्टर की पटिया में बांध प्रधान के बेटे की खेत में घसीटकर हत्या

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- क्रूरतापूर्वक तरीके से की गई वारदात, खून से लथपथ शव गन्ने के खेत में मिला
- पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः घाघरा नदी के पार मंगलवार को खेत में पटेला लगाने गए ईसानगर के गांव मिर्जापुर के प्रधान नंद किशोर के बेटे अंकित भार्गव की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई। हत्यारों ने पहले उसकी पिटाई की फिर ट्रैक्टर की पटिया में बांधकर गेहूं, गन्ना समेत अन्य फसलों के करीब 50 बीघा खेत में कई बार घसीटा था। बुधवार सुबह परिजन ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे तो गन्ने के खेत में अंकित का मिट्टी और खून से लथपथ शव पड़ा मिला।

धौरहरा और ईसानगर पुलिस के साथ सीओ पीपी सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने हत्या के पीछे चुनावी और जमीनी रंजिश बताई। प्रधान ने अपने परिवार के ईसानगर के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख समेत दो को नामजद करते हुए चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रधान नंद किशोर के मुताबिक मंगलवार को वह पटेला लगाने के लिए अपने 25 वर्षीय बेटे अंकित भार्गव के साथ ट्रैक्टर-ट्राली लेकर घाघरा नदी के पार अपने खेत पर गए थे। अंकित को खेत पर छोड़ वह घर आ गए।

> तहरीर के आधार पर ईसानगर के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख कमलेश कुमार समेत दो लोगों को नामजद कर दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके से सबूत जुटाए जा रहे हैं।
>
> –नैपाल सिंह, एएसपी पश्चिमी

देर रात तक अंकित घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने सोचा कि वह गन्ना बेचने क्रेशर पर चला गया होगा, लेकिन सुबह तक घर नहीं आया तो खेत पर पहुंचे तो अंकित की हत्या की जानकारी हुई। प्रधान ने परिवार के ही ईसानगर के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख कमलेश कुमार पर चुनावी रंजिश और जमीनी विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया है।

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक कासगंज

मु.सं. 51 सन् 1979 धारा 229B/176 जमीदारी विनाश अधीनियम मौजा जखेरा महेशपुर वनवारी लाल बनाम वुधा सिंह आदि

13. श्यामा सिंह पुत्र मूलाराम नि. जनकपुरी महोली रोड, मथुरा 14. नरेश बाबू 15. कैलाश चन्द्र 16. भूपेन्द्र सिंह पुत्रगण नाथूराम निवासीगण मिरोना पर, तह. व जिला कासगंज 17. श्रीमती सुमित्री देवी पत्नी रिषीपाल सिंह नि. भीकमपुर तहसील व जिला अलीगढ़ 18. लीलावती पत्नी तेज सिंह नि. ग्राम महेशपुर मौजा जखेरा महेशपुर पर., तह. व जिला कासंगज

हरगाह मुद्दई ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत 229ठ176 जा.वि.विद्युति अदालत हाजा में गुजरानी है लिहाजा आपको सूचित किया जाता है कि आप तारीख 13 माह 02 सन् 2024 ई. को वक्त 10 बजे दिन के अदालत हाजा में हाजिर होकर असालतन या वकालत अपना उजर पेश करो, वरना आपकी गैर हाजरी से मुकदमा की समाअत एक तरफा आपको खिलाफ की जावेगी। आज व तारीख 02 माह 02 सन् 2024 ई. को मेरे दस्तखत व अदालत मोहर से जारी किया गया।

जज

आमतौर पर न्यायालय अपर सिविल जज प्रथम (सी.डि.) बरेली इजराय वाद सं. 02/2023

राधेश्याम चन्द्रा व्यस्क पुत्र स्व. मूलचन्द्र निवासी मोहल्ला जाटवपुरा बरेली हाल निवासी ए-108, राजेन्द्र नगर, बरेली बनाम श्री विजय आदि बनाम 1. विजय व्यस्क पुत्र स्व. गंगाराम नित्र. म.नं. 114-बी वर्तमान 113 मोहल्ला जाटवपुरा, बरेली 2. श्रीमती शारदा देवी पत्नी स्व. गंगाराम निवासी ग्राम रेवती तह. आंवला, बरेली 3. छत्रपाल व्यस्क 4. लालाराम व्यस्क 5. सूरजपाल व्यस्क 6. लल्लू व्यस्क 7. अशोक व्यस्क 8. पप्पू व्यस्क 9. श्रीमती आशा व्यस्क पत्नी स्व. गंगासिंह निवासी ग्राम उसैता तह. आंवला, बरेली समस्त पुत्रगण स्व. राजपाल निवासीगण ग्राम रेवती आंवला जिला बरेली 10. श्रीमती राजेश्वरी पत्नी स्व. लक्ष्मी राय निवासी ग्राम मिर्जापुर तह. चंदौसी , सम्भल 11. श्रीमती कान्ती देवी पत्नी विद्याराम पुत्री स्व. गंगाराम निवासी ग्राम परसिया तहसील बिसौली जिला बदायूँ। चूंकि डिग्रीदार ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निस्तरण के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 10.2.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

अपर सिविल जज प्रथम (सी.डि.) बरेली

कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 154/प्र.वि./2023-24 — दिनांक : 07.02.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा 15वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत आई.वी.आर.आई. के मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल लगाने हेतु अनुभवी फर्मो से उनकी श्रेणी के अनुसार ई-निविदाएं द्वि-बिड पद्धति के अन्तर्गत प्रस्तावित हैं। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं. -4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-05 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+GST ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी तथा एफ.डी.आर. प्रभारी प्रकाश , नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	07-02-2024 - (01:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	07-02-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	15-02-2024 - (02:00 PM)
तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय	15-02-2024 - (03:00 PM)
वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय	तकनीकी बिड खुलने के पश्चात

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्रभारी प्रकाश,
नगर निगम, बरेली

ज्योत्सना राय के स्थान पर सिविल जज जूनियर डिवीजन बनीं मनाली चंद्रा

बदायूं, अमृत विचारः सिविल जज ज्योत्सना राय के निधन के बाद मनाली चंद्रा को सिविल जज जूनियर डिवीजन बनाया गया है। मनाली चंद्रा अब तक जेएम सेकेंड थीं। उनके स्थान पर सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय पंकज पांडे को जेएम सेकेंड बनाया गया है। समृद्धि मिश्रा जेएम प्रथम पंकज पांडे के स्थान पर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय बनाई गई हैं।

अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन चतुर्थ राखी भदौरिया को समृद्धि मिश्रा के स्थान पर जेएम प्रथम बनाया गया। अपर सिविल जज जूनियर डिविजन चतुर्थ का न्यायालय रिक्त है।

हत्या में दो भाइयों, पिता-पुत्र समेत पांच को उम्रकैद

शाहजहांपुर कार्यालय

- सात वर्ष पहले दिनदहाड़े हुई थी वारदात

अमृत विचारः करीब सात साल पहले हुई हत्या में दोष सिद्ध होने पर दो सगे भाइयों और पिता-पुत्र समेत पांच अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सभी अभियुक्तों ने मिलकर वर्ष 2017 में दिनदहाड़े 18 वर्षीया विकास की हत्या कर दी थी। मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम पंकज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने दोषी करार देने के साथ सजा सुनाई।

अभियुक्तों पर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि को प्रतिकर के रूप में मृतक के वारिसान को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जलालाबाद के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी रूबी गुप्ता ने जलालाबाद थाना प्रभारी को तहरीर देकर बताया था कि 6 जनवरी 2017 की सुबह 10 बजे वह और मां सरोजनी गुप्ता, भाई सचिन गुप्ता, विकास गुप्ता को मोहल्ले के ही अंजु उर्फ अनुज गुप्ता ने अपने भाई रंपत गुप्ता और आशीष राठौर, तारिक के साथ मिलकर मारा पीटा था। जिससे हम लोगों को काफी चोटें आईं। अंजु गुप्ता ने जान-बूझकर झगड़ा कराया और आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी। इस घटना के अगले दिन यानी 7 जनवरी 2017 को विकास गुप्ता छोटी सब्जी मंडी में स्थित दुकान पर सुबह 10:30 बजे बैठा था। उसी समय महेश राठौर, राहुल राठौर, अन्जु उर्फ अनुज गुप्ता, रम्पत गुप्ता, आशीष राठौर व एक बाल अपचारी वहां आ धमके और विकास गुप्ता पर चाकू और ईट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में विकास गुप्ता की मौत हो गई। विकास के भाई सचिन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप पत्र न्यायालय में आने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम पंकज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में सुनवाई हुई। पत्रावली का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर अन्जु उर्फ अनुज गुप्ता, रम्पत गुप्ता, आशीष राठौर, राहुल राठौर, महेश राठौर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सजा पाने वालों में अनुज गुप्ता और रंपत गुप्ता सगे भाई हैं और महेश राठौर और पुत्र आशीष शामिल हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों के हित में कर रहा काम

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : कस्बे में बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान ने कहा कि पूरे प्रदेश में सिर्फ प्राथमिक शिक्षक संघ ही मान्य संगठन है, जो निरंतर शिक्षकों के हितों की मांगें उठाता रहता है। शिक्षकों के पदोन्नति की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं की गई है। इस संबंध में संगठन के उच्च पदाधिकारी लखनऊ में अधिकारियों से वार्तालाप कर रहे हैं। कहा कि कुछ एआरपी स्कूलों में जाकर अध्यापकों को परेशान करते हैं और उनपर रौब दिखाते हैं।

श्रीमान न्यायालय परगनाधिकारी महोदय पीलीभीत

मु.नं. T202212560101464 सन् 2019

1. गोपी कृष्ण 2. गया प्रसाद पुत्रगण राम प्रसाद निवासी ग्राम शाही परगना जहानाबाद तहसील व जिला पीलीभीत मो.8476069380 बनाम 1. देवदत्त पुत्र रामचरन 2. महीपाल पुत्र रामचरन 3. मदनलाल पुत्र इन्द्रजीत 4. प्रेमपाल पुत्र इन्द्रजीत 5. नकी रजा खां पुत्र नवी रजा खां 6. मुस्तफा खां पुत्र नवी रजा खां 7. श्रीमती शम्मो बेगम पत्नी स्व. नवी रजा खां 8. शफी उद्दीन उर्फ चांद मियां पुत्र अहसुद्दीन 9. अब्दुल रहीद पुत्र अब्दुल वशीर 10. नरगिस जहां पत्नी शफी उद्दीन 11. पंचम लाल पुत्र हेमराज 12. उमा चरन पुत्र हेमराज 13. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम शाही परगना जहानाबाद जिला पीलीभीत धारा-24 उ.प्र. राजस्व संहिता ग्राम शाही पर. जहानाबाद तहसील सदर जिला पीलीभीत वाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिश दफा दायर की है अतः आप दिनांक 12 माह 02 सन् 24 वबक्त बजे दिन असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नींज दस्तावेज जिनकी शहादत पर आपव ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी सआप आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 05 माह 02 सन् 24 मेरे दस्तखात् व मोहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय उपजिलाधिकारी, पीलीभीत

कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहाँपुर

पत्रांक : सी-571/जि.पं.ला.लि./2023-24 — दिनांक : 06.02.2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, शाहजहाँपुर द्वारा जनपद शाहजहाँपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में (नगर क्षेत्र व विनयमित क्षेत्र की सीमा को छोड़कर) विज्ञापनपट, क्योस्क एवं दीवार प्रचार-प्रसार तथा अन्य प्रचार कार्य हेतु लाइसेंस अवधि वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक (31 मार्च 2027 तक तीन वर्ष) हेतु निविदा के माध्यम से मुहरबन्द दरें दिनांक 15.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत शाहजहाँपुर में निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदादाता को निविदा के साथ पैन कार्ड, चरित्र, हैसियत, आधार कार्ड एवं GST पंजीकरण के प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.02.2024 से कार्यालय में 1200/- (मय GST) रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदादाता द्वारा कार्यालय द्वारा मागे जाने पर वांछित मूल अभिलेख/प्रपत्र प्रस्तुत न किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में 10,000/- राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंकड्राफ्ट/एन.एस.सी. जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, शाहजहाँपुर के पक्ष में बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम निविदादाता को निविदा की समस्त धनराशि जिला पंचायत शाहजहाँपुर में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी/ शर्तें कार्यालय के कार्य दिवस में देखी व जानी जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहाँपुर

मारपीट में दूसरे पक्ष ने भी लिखाई रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : मारपीट के मामले में पुलिस ने अब दूसरे पक्ष की भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बा निवासी शिवम चौधरी ने बताया कि वह घर से केक लेने जा रहे थे। कस्बे के रिशू गुप्ता, दीनानाथ, मनोज गुप्ता,अमन गुप्ता,हरिओम गुप्ता ने उसपर हमला कर दिया। आरोप है कि डिम्पल ने फायर किया, लेकिन वह बाल बाल बच गए। इस पर आरोपी ने चाकू से हमला किया, जो हाथ में लगा गया। बाद में लाठी डंडों से उन्हें पीटा। उनकी चैन छीन ली। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। कस्बा इंचार्ज विजय पाल सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मारपीट के मामले में एक पक्ष पहले ही शिवम चौधरी व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज करा चुका है।

किसान की संदिग्ध हालात में मौत

आंवला, अमृत विचार : शराब की दुकान के समीप एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बताया जाता है कि किसान शराब पीने आया था। मोहल्ला कच्चा कटरा होली चौक निवासी सभासद सुनील यादव ने बताया कि उनका चचेरा भाई वीरेश (38) खेती किसानी करता था। बुधवार को अपराह्न तीन बजे वह पुरैना स्थित देसी शराब की दुकान पर शराब पीने गया था। देर शाम करीब सवा सात बजे शराब की दुकान के समीप खोका के पीछे वह अचेत अवस्था में पड़ा था। उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जीआरपी की पैरवी पर चोरी के आरोपी को सजा

बरेली, अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस द्वारा जेल में बंद अपराधियों के मामले में पैरवी कर उन्हें सजा दिलवाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में बरेली जंक्शन जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह द्वारा एसीजेएम एनआर बरेली की कोर्ट में प्रबल पैरवी के चलते चोरी के आरोपी साहिल पुत्र इरशाद निवासी नहरकोटी थाना फरीदपुर को तीन माह के कारावास व छह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

आटो खाई में पलटा आठ लोग घायल

आंवला, अमृत विचार : बिसौली आंवला रोड पर आटो अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। उसमें सवार आठ लोग घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने आटो को सीधा किया और सवारियों को बाहर निकाला। पुलिस ने आटो को कब्जे में लेकर थाने ले आई। बदायूं के गांव मुड़िया सतासी निवासी नन्हे कश्यप ने बताया कि बुधवार को वह बगरैन से आटो में बैठकर आंवला आ रहे थे। आटो में आठ अन्य सवारियां भी थीं।

आरोप लगाया कि चालक ने आटो स्वयं न चलाकर अन्य व्यक्ति को दे दिया। कसूमुरा गांव के समीप ऑटो खाई में पलट दिया। सभी सवारियां घायल हो गईं। मामले में नन्हें ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, जिला-पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/न.पं.गु.भि./2023-24 — दिनांक : 6.02.2024

नोटिस

(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम, 1916)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित विवरण के अनुसार कालम सं.-4 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा के द्वारा हस्तान्तरण के आधार पर कॉलम-5 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया है। यदि कॉलम सं. 5 में अंकित व्यक्ति के नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर सकता है।

क्रम संख्या	सम्पत्ति का विवरण	हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता	रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता का नाम व पता	प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उक्त सम्पत्ति को गृहकर हेतु दर्ज किये जाने है।	हस्तांतरण का आधार
1	2	3	4	5	6
1.	एक दुकान/मकान गाटा सं. 84 मि. का 65.52 वर्ग मी. पर निर्मित	नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड नं. 2 तह. अमरिया जिला पीलीभीत	श्री कर्मजीत सिंह पुत्र श्री रंधीर सिंह नि. ग्राम क्लोलरा परगना जहानाबाद जिला पीलीभीत	श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश नि. ग्राम भिण्डारा पीलीभीत हाल निवासी भिण्डारा रोड वार्ड2 गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत	रजिस्टर्ड बैनामा
2.	2 दुकानें व मकान गाटा सं.-134 रकबा 0.0162 हे. पर निर्मित का ½ भाग	नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड नं 2 तह. अमरिया जिला पीलीभीत	श्री कैलाश नाथ गुप्ता पुत्र श्री तुलसीराम नि. गुलड़िया भिंडारा मझोला, पीलीभीत	श्री महेशचन्द्र गुप्ता श्री कैलाश नाथ गुप्ता निवासी वार्ड-07 गुलड़िया भिंडारा जिला पीलीभीत	वसीयतनामा के आधार पर

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गुलड़िया, भिण्डारा
पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पंचायत गुलड़िया, भिण्डारा
पीलीभीत

कार्यालय नगर निगम, बरेली

पुनः ई-निविदा सूचना

पत्रांक : 189/का.अधी./न.नि.ब./2023-24 — दिनांक : 07.02.2024

नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के माध्यम से कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति नग कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट http:/nagarnigambareilly.com पर देखा जा सकता है। निविदा मूल्य+जी.एस.टी. के माध्यम से नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ. डी.आर. के माध्यम से देय होगी। तथा एफ.डी.आर. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य RTGS के माध्यम से ई-टेण्डर नगर निगम, बरेली के नाम देय होगी।

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	08-02-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	08-02-2024 - (04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	22-02-2024 - (10:00 AM)
तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	23-02-2024 - (12:00 PM)
वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	तकनीकी मूल्यांकन के बाद

क्र. सं.	कार्य का नाम	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य+18% GST	अवधि
1	नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने हेतु कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित करने के सम्बन्ध में।	1,05,000.00	5000+900 = 5900	15 दिवस

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

कार्यालय अधीक्षक
नगर निगम, बरेली।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।

संपादकीय

भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्रः समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वत : टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है,वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता(के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है,वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है,जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें,जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो,उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए,उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का,जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही,काम चलाऊ ही सही,शायद यही विकल्प हो।

प्रसंगवश

महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता ।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा।

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

सोशल फोरम

त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत आईएएस

-फेसबुक वॉल से

विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

एक नजर

तमिलनाडु: मलबे में दबकर छह महिला श्रमिकों की मौत

उधगमंडलम (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में एक निर्माण स्थल पर रेत और मलबे के नीचे दबने से छह महिला निर्माण श्रमिकों की बुधवार को मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि घटना में दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जब 17 मजदूर लवडेल में एक परिसर की दीवार को गिराने के लिए रेत हटाने जैसे काम में लगे हुए थे, तभी पास की एक इमारत ढह गई और रेत एवं मलबे का ढेर उन पर गिर गया जिसमें 10 मजदूर पूरी तरह से दब गए। दमकल विभाग के कर्मियों ने मलबे में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाला। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने श्रमिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

पंजाब : 20 कुत्तों ने महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला जिले के पासन कदीम गांव में लगभग 20 आवारा कुत्तों ने 32 वर्षीय एक महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम सुल्तानपुर लोधी में हुई जब महिला अपने मवेशियों को चराने के लिए खेतों में गई थी। पुलिस ने बताया कि जब महिला घर नहीं लौटी तो उसके पति ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में उसका शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान परी देवी (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आवारा कुत्तों ने उसी गांव की एक अन्य महिला पर भी हमला किया और उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने कहा कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया करायेगा।

आरएसएस के प्रचारक सत्यनारायण का निधन

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण का मंगलवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और वह पिछले दो महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। सवाई मान सिंह अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को भारती भवन से चांदपोल मोक्षधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में संघ के वरिष्ठ प्रचारक शंकर लाल, क्षेत्र संघचालक डॉ रमेश चन्द्र अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, प्रांत कार्यवाह गेंदालाल, प्रांत प्रचारक बाबुलाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। आरएसएस के जयपुर विभाग प्रचार प्रमुख अशोक शर्मा ने बताया कि श्री सत्यनारायण 1947 में संघ के स्वयं सेवक बने और 1961 में संघ के प्रचारक हो गए।

डॉक्टर ने नर्स पर चलाई दो गोलियां, गिरफ्तार

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में बुधवार को एक अन्य पुरुष के साथ संबंध की आशंका को लेकर हुई बहस के बाद एक पुरुष डॉक्टर ने 27 वर्षीय नर्स पर दो गोलियां दाग कर उसे घायल कर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रियंका शुक्ला ने बताया कि आरोपी की पहचान डॉ. संदीप सोनी (34) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने की आशंका को लेकर नर्स पर दो गोलियां चलाने के आरोप में सोनी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि नर्स का डॉक्टर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। हालांकि, हाल ही में उसकी अपने पुराने दोस्त के साथ नजदीकियां बढ़ीं। अधिकारी ने कहा, "डॉक्टर को इसके बारे में पता चल गया। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई और आरोपी ने गुस्से में देसी तमंचे से उस पर गोली चला दी।

सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण डकैती के समान, ड्रोन के जरिए की जाए निगरानी

दिल्ली हाईकोर्ट ने निजामुद्दीन की बावली के पास अनधिकृत निर्माण पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को डकैती के समान बताते हुए बुधवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से निगरानी बनाए रखने के लिए ड्रोन और उपग्रह छवियों जैसी तकनीक का उपयोग करने को कहा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की एक पीठ ने केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों निजामुद्दीन की बावली और बाराखंभा मकबरे के पास एक अनधिकृत निर्माण पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि अधिकारियों द्वारा कर्तव्य निर्वहन में गंभीर चूक की गई जिन्होंने पुलिस और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सूचना के बावजूद जमीन पर काम नहीं किया।

पीठ ने कहा कि ड्रोन और उपग्रह छवियों जैसी नई तकनीक का उपयोग करें। अतिक्रमण निर्माण का सबसे खराब रूप है। यह डकैती करने जैसा है। जनता जमीन गंवा रही है। राज्य संपत्ति खो रहा है।

अदालत ने कहा कि जब भी कोई अनधिकृत निर्माण होता है तो उन निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए, जो अंततः इसे खरीद सकते हैं और बाद में इसके दुष्परिणाम भुगत सकते हैं।

न्यायमूर्ति ने कहा-एमसीडी व डीडीए के बीच कुछ गड़बड़

न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि न तो एमसीडी और न ही दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की, जो कि पहले से ही सील किए गए एक गेस्टहाउस की ऊपरी मंजिल पर हुआ है, जिसका निर्माण स्मारकों के पास डीडीए की जमीन पर अवैध रूप से किया गया था। उन्होंने कहा, दोनों प्राधिकारियों के बीच कुछ गड़बड़ है। अदालत ने गेस्टहाउस के मालिक से भी सवाल किया कि पहले से ही सील की गई संपत्ति पर तीन मंजिलों का निर्माण करने का उसके पास दुस्साहस कैसे हुआ। अदालत ने कहा कि वह कानून अपने हाथ में ले रहा है। लोगों को लगेगा कि कोई कानून नहीं है... और किसी कानून का पालन करने की जरूरत नहीं है। अदालत ने सुनवाई में मौजूद एमसीडी अधिकारी को फाइल देखने के बाद गुरुवार को भी पेश होने को कहा। अदालत ने संबंधित डीडीए अधिकारी को पेश होने के लिए भी कहा। एमसीडी अधिकारी ने कहा कि मामले में डीडीए और एमसीडी दोनों को कार्रवाई करनी चाहिए थी। अदालत ने कहा, इन अधिकारियों के खिलाफ कुछ कार्रवाई की जानी चाहिए। ये चीजें किसी के समर्थन के बिना नहीं हो सकतीं। यदि समर्थन नहीं है, तो मिलीभगत की कोई रणनीति अपनाई गई है।

अदालत एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) जामिया अरबिया निजामिया वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी की एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

उक्त याचिका में दावा किया गया था कि बावली गेट के पास खसरा संख्या 556 जियारत गेस्टहाउस, पुलिस बूथ के पास हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर अवैध और अनधिकृत निर्माण किया जा रहा है।

पत्नी ने लगाई फांसी, एक घंटे बाद पति की मौत, दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार

ललितपुर, एजेंसी

▸▸ **ललितपुर का मामला, दिव्यांग बेटे की बीमारी से परेशान थे**

ललितपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौत के एक घंटे बाद ही उसके पति की हालत भी बिगड़ गई। उपचार के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति की हार्ट अटैक से मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर घरवालों को सौंप दिया। बुधवार सुबह गांव में पति-पत्नी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। घरवालों ने बताया कि दंपती का अपने दिव्यांग बेटे के इलाज में काफी पैसा खर्च हो रहा था, जिस कारण वे लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। मामला कोतवाली महरौनी का है।

गांव पड़वां में छुट्टन कुशवाहा अपनी पत्नी सोना और 8 साल के दिव्यांग बेटे देव के साथ रहता था। सोना मंगलवार शाम 4 बजे खेत से लौटकर घर आई थी। उसी वक्त छुट्टन बेटे देव का इलाज कराकर टीकमगढ से घर लौटा था। इस दौरान पति-पत्नी में बेटे के इलाज को लेकर थोड़ी देर

छुट्टन कुशवाहा अपने दिव्यांग बेटे के साथ।

बात हुई। इसके बाद छुट्टन कमरे में चला गया।

कुछ देर बाद वह जब दूसरे कमरे में गया, तो वहां उसकी पत्नी सोना फंदे पर लटकी थी। छुट्टन ने तुरंत घरवालों की मदद से पत्नी को नीचे उतारा और महरौनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तभी अचानक छुट्टन की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां थोड़ी ही देर में उसकी भी मौत हो गई। बुधवार सुबह 10 बजे गांव में पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार कर किया गया।

सीओ महरौनी आर के मिश्रा ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। पत्नी की मौत के बाद पति की भी मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

बेटे के इलाज में समाप्त हो गया था सारा पैसा

घरवालों ने बताया कि ग्राम भोड़ी की रहने वाली सोना की शादी 10 साल पहले छुट्टन के साथ हुई थी। इस दौरान दोनों के यहां एक बेटा और एक बेटी का जन्म हुआ। बेटा देव बचपन से ही दोनों पैरों से दिव्यांग है। बेटे के इलाज के लिए छुट्टन दिन-रात मजदूरी कर रहा था। उसके इलाज में ही पूरा पैसा खर्च हो रहा था। जिसके चलते वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था। छुट्टन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी कर परिवार चला रहा था।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोनवानी समेत कई पर केस

रायपुर, एजेंसी

▸▸ **परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में कसा शिकंजा**

छत्तीसगढ़ के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों (ईओडब्ल्यू) द्वारा लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य अधिकारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

गृह (पुलिस) विभाग द्वारा महानिदेशक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर को अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा वर्ष 2021 जो 170 पदों के लिए ली गई थी और जिसके परिणाम 11 मई 21 को जारी किए जाने के बाद राज्य लोकसेवा आयोग पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ननकीराम कंवर व अन्य के माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुई थी।

जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि छत्तीसगढ़ आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष सोनवानी, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक एवं शासन तथा आयोग में तत्समय पदस्थ संलिप्त लोकसेवकगण अपने-अपने पद का दुरुपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की चयन प्रक्रिया वर्ष 2020 एवं 21 तथा असिस्टेंट प्रोफेसर चयन परीक्षा में नियम विरूद्ध तरीके से आपराधिक षड़यंत्र करते हुये अपने पुत्र, पुत्री व रिश्तेदारों को कई पात्र योग्य अभ्यार्थियों के बदले इनका चयन शासकीय पदों पर किया।

ताज के दीदार के लिए...



आगरा, अमृत विचार। विश्वप्रसिद्ध ताजमहल में शाहजहां के 369 वें उर्स के दूसरे दिन बुधवार को कब्र पर चंदन-केवड़े की लेप लगाई गई। इस दौरान ताजमहल में पर्यटकों और जायरीन की भीड़ रही। खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष हाजी ताहिरउद्दीन ताहिर ने बताया कि अपराह्न दो बजे कब्रों को गुस्ल कराया गया और फिर चंदन-केवड़े की लेप लगायी गई। फातिहा पढ़ी और मिलाद शरीफ सुनाया गया।

पत्नी की हत्या कर सीने से निकाला दिल, 5 गिरफ्तार

प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज में बिटोला देवी की हत्या उसके पति ने ही की थी। बुधवार को पति समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पति ने तंत्र-मंत्र की क्रिया के लिए वारदात को अंजाम दिया। इसमें उसके साथी तांत्रिक भी शामिल थे। पूछताछ में उसने बताया कि पत्नी को हंसिए से मार डाला। फिर उसका दिल निकालकर उसमें तंत्र क्रिया की। इसके बाद लाश को नदी के किनारे बालू में गाड़ दिया और दिल लेकर चले गए।

मामला 3 फरवरी का है, जबकि महिला की लाश 4 फरवरी को मिली थी। बिटोला नीबी भतकार गांव में रहती थी। उनके बेटे भारत निषाद ने बताया, 3 फरवरी को मां गंगा कछार में सरपत काटने गई थी। काफी देर होने के बाद भी मां जब नहीं लौटी, तो हम लोगों ने खोजबीन शुरू की।

झूंसी थाने के इंचार्ज उपेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तंत्र-मंत्र की बात सामने आई है। जल्द ही पूरी घटना का खुलासा किया जाएगा।

मोबाइल की कॉल डिटेल के जरिए मिले सुराग

पुलिस को गिरफ्तार किए लोगों ने अलग-अलग बातें बताई हैं। इससे साफ हो गया है कि महिला की हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में ही की गई है। पुलिस पति और तांत्रिकों के कॉल डिटेल भी निकलवा चुकी है। इसमें खुलासा हुआ है कि हत्या वाली रात एक से तीन बजे तक पति व तांत्रिकों के बीच कई बार बातचीत भी हुई है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मुर्मू ने पहली बार मेट्रो ट्रेन में सफर किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुर्मू दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाली भारत की दूसरी सेवारत राष्ट्रपति हैं। वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी मेट्रो में सफर किया था।

राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की और यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों से बातचीत की। इसने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वाले आगंतुकों के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन (गेट नंबर 4) और अमृत उद्यान (गेट नंबर 35) के बीच एक शटल बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाई, जो सुबह 9.30 बजे से शाम पांच बजे तक हर 30 मिनट में चलती है।

अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर यात्रा की, जो कि कश्मीरी गेट

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों के साथ मेट्रो ट्रेन में यात्रा की। ● एजेंसी

▸▸ **स्कूली बच्चों से की बात, यात्रा को बताया सुखद**

और फरीदाबाद में राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) के बीच संचालित होती है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन में सवार हुईं और नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की तथा फिर केंद्रीय सचिवालय वापस आ गईं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के साथ थे। कुमार ने राष्ट्रपति को डीएमआरसी के कामकाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और निर्माण परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रपति ने एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) रुपे कार्ड का इस्तेमाल करके यात्रा की। मुर्मू ने आगंतुक पुस्तिका में की गई अपनी टिप्पणियों में दिल्ली मेट्रो की सराहना की और यात्रा को सुखद बताया।

रामलला के बाद मोदी आज कृष्ण भक्तों के बीच

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: पश्चिम बंगाल में भले ही भारतीय जनता पार्टी को विजय श्री न मिली हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां के लोगों से मोह भंग नहीं हुआ है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब वह गुरुवार को दिल्ली में पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्तों को संबोधित कर अपनी भावनाओं से अवगत कराएंगे।

कार्यक्रम का आयोजन 1918 में श्री चैतन्य मठ की स्थापना करने वाले श्रील प्रभुपाद के 150वें जन्मदिवस पर विश्व भर में 66 मठों में सक्रिय पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्तों द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से गौडीय मठों के सैकड़ों कृष्ण भक्त पश्चिम बंगाल के कोने-कोने से दिल्ली आ चुके हैं और विभिन्न कार्यक्रमों को अंजाम दे रहे थे। गुरुवार को उनका मुख्य कार्यक्रम प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम के

सबसे बड़े सभागार में होगा जिसमें पश्चिम बंगाल सहित देश-विदेश के कई प्रखर वक्ता भी अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम का नाम दिया गया है "विश्व वैष्णव सम्मेलन"।

कृष्ण भक्तों को न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे, बल्कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी सहित भाजपा के कई अन्य नेता भी होंगे।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में इस तरह का पहला बड़ा कार्यक्रम दिल्ली में होने जा रहा है, जिसमें कृष्ण भक्तों के साथ-

▸▸ **पश्चिम बंगाल के गौडीय मठ का स्थापना दिवस समारोह प्रगति मैदान में आज**

▸▸ **विश्व वैष्णव सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए देश-विदेश के कई साधु सन्यासी पहुंचे दिल्ली**

साथ देश-विदेश के वैष्णववाद का प्रचार-प्रचार करने वाले विचारकों, साधु संन्यासियों को भी आमंत्रित किया गया है। गौडीय मिशन कोलकाता के अध्यक्ष बस सन्यासी महाराज बताते हैं कि 531 वर्ष पूर्व चैतन्य महाप्रभु ने समाज के कमजोर वर्गों पर असहिष्णुता, सांप्रदायिकता, धार्मिक हठधर्मिता और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई थी और हमें वर्गहीन समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया था। वैष्णव दर्शन को विश्व भर में फैलाने के लिए ही विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक सनातन धर्म पर आधारित विश्व वैष्णव सम्मेलन जैसे कई कार्यक्रम लोकसभा चुनाव से पहले पहले विभिन्न राज्यों की राजधानी या बड़े शहरों में आयोजित कराए जाएंगे। इन आयोजनों के पीछे अब मथुरा कृष्ण जन्मभूमि एवं बनारस ज्ञानवापी की चर्चा होगी।

प्रगति मैदान में आज होने वाले सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्त निश्चित वैष्णव वाद का कोई संदेश लेकर जाएंगे, जिसका लाभ अप्रत्यक्ष रूप से लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा को मिलेगा। क्योंकि चैतन्य मठ का केंद्र बिंदु बाग बाजार, कोलकाता है और उसके अनुयाई पूरे पश्चिम बंगाल में फैले हुए हैं।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से भक्ति प्रमोद पुरी महाराज, श्रीपाद न्यासी महाराज, श्रीपाद संता महाराज, श्रीपाद अभधूत महाराज, श्रीपाद परजातक महाराज, श्रीभक्ति दीपक श्रीधर महाराज, श्रीपाद गोबिंदा महाराज व श्रीपाद निमी महाराज की मुख्य भूमिका होगी।

ओडिशा में भाजपा-बीजद का गठजोड़ : राहुल गांधी

राउरकेला (ओडिशा),एजेंसी

▸▸ **कांग्रेस नेता ने राउरकेला में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भाजपा पर लगाए आरोप**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच गठजोड़ है तथा कांग्रेस आदिवासियों समेत राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है। राहुल ने यहां ओडिशा के इस्पात शहर के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर शुरू की।

राजगंगपुर और सुंदरगढ़ में जनसभा में राहुल गांधी ने कहा, आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी की साझा सरकार है। दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा का समर्थन करती है। बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान

राउरकेला में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने समर्थकों का अभिवादन किया। ● एजेंसी

करते हैं। राहुल ने दावा किया कि अकेली कांग्रेस पार्टी ही ओडिशा के लोगों के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध कर रही है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि तेलंगाना में भी यही स्थिति है जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भाजपा का समर्थन करती है और केंद्र से संरक्षण प्राप्त कर रही है।

न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण बने ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

कटक (ओडिशा)। न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने बुधवार को ओडिशा उच्च न्यायालय के 34वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने यहां उड़ीसा उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नये मुख्य न्यायाधीश को पद की शपथ दिलाई। 20 जनवरी, 1963 को जन्में न्यायमूर्ति सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय (कैंपस लॉ सेंटर) से कानून की डिग्री पूरी करने के बाद 1990 में एक वकील के रूप में नामांकित हुए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उन्हें वर्ष 1998 में केंद्र सरकार में अतिरिक्त स्थायी अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया और अक्टूबर 2001 तक वह इस पद पर बने रहे। सूत्रों के मुताबिक, सिंह ने बिहार में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में भी काम किया।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा -पद नहीं छोड़ेंगे

पटना, एजेंसी

▸▸ **प्रदेश की नवगठित राजग सरकार ने चौधरी के खिलाफ पेश किया है अविश्वास प्रस्ताव**

बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे । प्रदेश की नवगठित राजग सरकार ने चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता ने जोर देकर कहा कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले त्यागपत्र नहीं देंगे । इसी दिन विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।

चौधरी ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं। मैं 12 फरवरी को विधानसभा में रहूंगा और नियमों के मुताबिक सदन की कार्यवाही चलाऊंगा। उन्हें बताया गया कि महागठबंधन से प्रदेश में सत्ता छीनने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लंबित होने पर कोई भी अध्यक्ष कुर्सी पर नहीं रह सकता। उन्होंने उत्तर दिया, नियमों के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव नोटिस मिलने के 14 दिन के भीतर निर्णय करना चाहिये । यह नोटिस मुझे आज ही मिला है। राजग के पास मामूली बहुमत है और मुख्य विपक्षी दल के अध्यक्ष की अध्यक्षता में होने वाले शक्ति परीक्षण से सावधान है। हालांकि, भाजपा के नेता ने कहा, चौधरी को यह पता होना चाहिये कि सदन के नेता के तौर पर, मुख्यमंत्री के पास यह तय करने की शक्ति है कि सदन के एजेंडे में पहले कौन सा काम शामिल किया जाए।

ऋण लेने की सीमा तय करने के मुद्दे पर केंद्र ने न्यायालय में कहा

राज्यों के कर्ज से देश की क्रेडिट रेटिंग पर असर

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यों के लिए ऋण लेने की सीमा निर्धारित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि राज्यों द्वारा अनियंत्रित उधार लेने से समूचे देश की क्रेडिट रेटिंग और वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी। कर्ज सीमा तय करने के खिलाफ केरल की याचिका पर दाखिल जवाब में केंद्र ने यह भी कहा कि राज्य की राजकोषीय स्थिति में कई खामियां पाई गई हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष दाखिल हलफनामे में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने दलील दी कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन एक राष्ट्रीय मुद्दा है।

वेंकटरमानी ने कहा कि यदि राज्य गैर उत्पादक व्यय या खराब लक्षित सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अनियंत्रित तरीके से उधार लेते हैं तो यह निजी उधार को बाजार से बाहर कर देगा। हलफनामे में बताया गया कि राज्यों के ऋण देश की क्रेडिट रेटिंग को प्रभावित करती है। इसके अलावा यदि कोई राज्य कर्ज चुकाने में विफल रहता है तो प्रतिष्ठा संबंधी समस्याएं पैदी होगी और इससे पूरे भारत की वित्तीय स्थिरता खतरे में पड़ेगी। अर्टानी जनरल ने कहा कि अनियंत्रित ऋण से निजी उद्योगों की ऋण लागत बढ़ जाएगी और इससे बाजार में वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन और आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

विकास में आएगी बाधा

हलफनामे के मुताबिक, अधिक ऋण लेने के परिणामस्वरूप राज्य की ऋण भुगतान देनदारियों में वृद्धि होगी और विकास कार्यों के लिए धन की उपलब्धता कम हो जाएगी, जिससे लोगों का विकास बाधित होगा और राज्य की आय को हानि पहुंचेगी। इससे राष्ट्रीय आय की भी हानि होगी। विभिन्न सामाजिक और अन्य समस्याएं भी पैदा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अनुमति देते समय पूरे देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता के समग्र उद्देश्यों को ध्यान में रखती है और अनुच्छेद 293(4) के तहत इसकी अनुमति मांगने वाले राज्य के लिए उधार लेने की सीमा तय करती है।

अटॉर्नी जनरल ने कहा कि राज्यों की उधार सीमा वित्त आयोग की सिफारिशों द्वारा निर्देशित गैर-भेदभावपूर्ण और पारदर्शी तरीके से तय की जाती है। शीर्ष अदालत ने केरल सरकार की एक याचिका पर केंद्र से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा था, जिसपर अटॉर्नी जनरल ने सरकार का पक्ष रखा। केरल सरकार ने याचिका में आरोप लगाया कि राज्य की ऋण सीमा तय कर केंद्र ने वित्त को विनियमित करने की उसकी 'विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों' के प्रयोग में हस्तक्षेप किया है। शीर्ष अदालत ने 12 जनवरी को केरल सरकार की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा था।

जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

लखनऊ, अमृत विचार : रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इससे इन ग्राम पंचायतों में रोजगार की प्रगति शून्य रही। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

अपहरण के बाद कारोबारी के इकलौते बेटे की हत्या, आरोपियों ने पुलिस पर भी चलाईं गोलियां

व्यापारियों ने बाजार बंद कर किया प्रदर्शन, मुठभेड़ के बाद दो हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता, नोएडा

▸▸ **आरोपियों ने कबूला वैभव की हत्या करके नहर में बहा दिया शव**

अमृत विचार : ग्रेटर नोएडा में कारोबारी के इकलौते बेटे की अपहरण के बाद हत्या कर दी गयी। 11 वीं का छात्र वैभव सिंघल सात दिन से लापता था। मुठभेड़ में दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद वैभव की हत्या का खुलासा हुआ। व्यापारी और सामाजिक संगठन पिछले सात दिन से वैभव की बरामदगी के लिए पुलिस पर दबाव बनाये हुए थे। पुलिस अभी तक वैभव का शव बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है कि दोनों हत्यारोपी छात्र के दोस्त थे।

छात्र वैभव सिंघल।

एसीपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बिलासपुर में रहने वाले अरुण सिंघल ने 30 जनवरी को थाना दनकौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाला उनका बेटा वैभव सिंघल लापता है। बुधवार शाम को थाना दनकौर पुलिस लापता वैभव की तलाश में छानबीन कर रही थी, तभी सूचना मिली कि उसे अगवा कर उसकी हत्या करने के दो आरोपी धनोरी से सक्का गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर हैं। पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। पुलिस से अपने आप को घिरा देख आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। अपर उपायुक्त ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक आरोपी माज पठान निवासी कस्बा बिलासपुर के पैर में लगी है। उसकी उम्र 19 वर्ष है, जबकि इसका साथी नाबालिग था। उसे भी पुलिस ने पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से देसी तमंचा, कारतूस तथा वैभव का एप्पल मोबाइल फोन बरामद हुआ है। दोनों ने वैभव की हत्या करने की बात कबूल की। हत्यारोपियों ने पुलिस को बताया कि वेभव और माज पठान आपस मे दोस्त थे। इनके बीच एक महिला की फोटो को सोशल मीडिया पर साझा करने को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने वैभव की हत्या कर उसके शव को खेरली नहर में फेंकने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

सोलह वर्षीय वैभव सिंघल के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने बुधवार को स्थानीय पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया और बिलासपुर शहर के कई व्यापारियों ने घटना के खिलाफ दुकानें बंद कर दीं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वैभव की हत्या के बाद वैश्य संगठनों में पुलिस के प्रति रोष है। गुरुवार को नोएडा वैश्य संगठन, वैश्य एकता मंच आदि कई जिलों के संगठनों ने भी नोएडा पहुंचकर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

लखनऊ, अमृत विचार : पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे। इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे। बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी।

सार-संक्षेप

बंदरों के हमले में महिला की छत से गिरकर मौत

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में एक ही दिन में छत पर कपड़े सूखा रही महिला व छत पर खेल रहे बालक पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें महिला की छत से गिरकर मौत हो गई जबकि बालक गंभीर रुप से घायल हो गया। महिला की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जबकि बालक का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के गांव खासपुर निवासी अशोक की पत्नी अनीता 45 वर्षीय मंगलवार की दोपहर में कपड़े सुखाने छत पर गई थी। अचानक बंदरों के झुंड ने आकर अनीता पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से बचने के लिए अनीता शोर मचाते हुए छत से नीचे की ओर भागने लगी और छत पर बनी चारदीवारी से गिरकर गंभीर घायल हो गई। शोर को सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में उपचार के अनीता को निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन अनीता का शव लेकर घर आ गए और बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

विवाद के बाद पत्नी को तीसरी मंजिल से नीचे फेंका

आगरा, एजेंसी : आगरा में मंटोला थाना क्षेत्र के ढोलीखार में विवाद होने पर पति ने पत्नी को कथित तौर पर तीसरी मंजिल की छत से नीचे फेंक दिया, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने पीड़िता के पिता मुंडापाड़ा निवासी हाजी इलियास के हवाले से बताया कि उन्होंने करीब तीन साल पहले बेटी का निकाह ढोलीखार निवासी मौहम्मद सैफ के साथ किया था। इलियास का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए उनकी बेटी का उत्पीड़न कर रहे थे और दो बच्चे होने के बाद भी यह सिलसिला नहीं थमा। उन्होंने आरोप लगाया है कि मंगलवार रात को पति, ननद और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उनकी बेटी को छत से फेंक दिया।वह पड़ोसी के टीनशेड पर गिरी। घायल बेटी को पड़ोसियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। मंटोला थाना के निरीक्षक सत्यदेव शर्मा ने बुधवार को बताया कि महिला को छत से फेंका गया है, यह जांच का विषय है।

डबल लॉक के हवाले मदरसा बोर्ड प्रश्न पत्र

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के प्रश्न पत्र 48 घण्टे बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के हवाले होंगे। ये डबल लॉक की सुरक्षा में रहेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि सभी जिलों के डीएमओ को बुलाया गया है, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी परीक्षा संपन्न होने तक जारी रहेगी। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में इस वर्ष 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें छात्रों की संख्या 71 हजार 702 है। जबकि छात्राओं की संख्या 69 हजार 413 है। 13 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर जिले के सभी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को मदरसा दारूल उलूम वारसिया में बुलाया गया है।

संपत्ति का ब्योरा देने पर ही मिलेगी डॉक्टरों को प्रोन्नति

लखनऊ, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड एक चिकित्सकों को मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा। जो डॉक्टर ब्योरा नहीं देंगे, उन्हें एक जनवरी 2024 के बाद में होने वाली विभागीय प्रोन्नति में शामिल नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ .राजा गणपति ने प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत सभी अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 11 फरवरी तक सभी चिकित्साधिकारियों को विवरण अपलोड करना है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिनस्थ चिकित्साधिकारियों की संपत्ति का ब्योरा अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करायें।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हो ज्यादा भागीदारी: पांडेय

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी जरूरी है। प्रदेश प्रभारी बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए न्याय यात्रा के पांचों न्याय-युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय व भागीदारी न्याय को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। सभी नेताओं ने न्याय यात्रा को हर संभव सफल बनाने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

लखनऊ व दिल्ली से सीधे नेपाल के लिए चलेंगी बसें

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ से सीधे नेपाल जाने के लिए उप्र परिवहन निगम द्वारा परिवहन सेवाएं जल्द ही शुरू होंगी। इससे नेपाल के साथ पर्यटन व व्यापारिक सम्बंधों को बढ़ावा मिलेगा। प्रथम चरण में नेपालगंज से लखनऊ के लिए पांच तथा नेपालगंज से दिल्ली के लिए पांच बसे रोजाना उपलब्ध होंगी। इसके लिए बसों के परमिटों को नेपाल से स्वीकृत कराया जा चुका है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बुधवार को बताया कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शन करने आ रहे हैं। सरकारी बस सेवा शुरू होने से नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा होगी। साथ ही भारत से भी श्रद्धालु नेपाल स्थित जानकी मंदिर एवं अन्य तीर्थस्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

दुष्कर्म के झूठे मुकदमे दर्ज करा मुआवजा प्राप्त करने की प्रथा को रोकने की जरूरत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामलों में झूठे मुकदमे दाखिल करने वालों पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि उन पीड़ितों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जानी चाहिए जो आईपीसी, पाक्सो अधिनियम और एससी/ एसटी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराते हैं और सरकार से मुआवजा राशि प्राप्त करने के बाद तथा मुकदमा शुरू होने के बाद वे बचाव पक्ष में शामिल हो जाते हैं और अपने बयानों से मुकर जाते हैं।

ऐसे मामलों की जांच में जांचकर्ता और कोर्ट दोनों के समय तथा संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः इस प्रकार की प्रथा को रोकने की आवश्यकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी अमन द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर विचार करते हुए की। याची के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ पाक्सो अधिनियम और एससी-एसटी एक्ट के तहत थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले के सभी तथ्यों और पक्षकारों के तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची जमानत पर रिहा होने का हकदार है, क्योंकि मेडिकल जांच से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं होती है।

सूरीनाम के सांसदों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए बुधवार को दक्षिण अमेरिका स्थित सूरीनाम देश के लोकसभा सभापति के नेतृत्व में सात सदस्यीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल रामलला के दर्शन किए। इसके बाद सरयू नदी में नौका विहार भी किया।

भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के निमंत्रण पर सूरीनाम से आए सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में स्पीकर मरिनस बेई, सांसद महेंद्र कुमार योगी, निशा झकरी, मांगरो, आशीष गयादीन, मोहन, रेश्मा म्हात्रे व परमेश्वर शामिल रहे। दर्शन पूजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया।

घटिया इंजेक्शन और दवा बनाने वाली कंपनियों पर हो कड़ी कार्रवाई: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घटिया दवाओं और इंजेक्शन के वितरण मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि घटिया दवाएं स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ता को उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया तथा गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं होती है।

ऐसे में वे एक्सपायर्ड और घटिया उत्पादों को अनजाने में इस्तेमाल कर लेते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उपचार विफल हो जाता है। अतः ऐसी नकली, मिलावटी और घटिया

ब्रांड की दवाएं तथा इंजेक्शन तैयार करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है, जो आर्थिक लाभ के लिए आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने केशव कुमार और दो अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता हेल्थ केयर बिजनेस से जुड़ा है। उसने दवाओं की कंपनी वीएडीएसपी फार्मास्यूटिकल्स से 2000 इंजेक्शन खरीदे थे। इन इंजेक्शनों का प्रयोग बच्चों में एंटीबायोटिक विकसित करने के लिए किया जाता है। इंजेक्शन को रस्तोगी अस्पताल, रेलवे रोड, देवबंद तथा अन्य दवाखानों में पहुंचाया गया, लेकिन उपयोग के बाद डॉक्टरों ने इंजेक्शनों को लेकर शिकायत की। इसके बाद शिकायतकर्ता ने तुरंत अपने वितरकों और अस्पतालों से पूरा स्टॉक वापस मंगा लिया और इस संबंध में आरोपियों को सूचित किया।

पाक बार्डर से पहुंचे रामभक्त, भक्तिपथ पर गूंजा राम भजन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामोत्सव के रंग के बीच अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं का आगमन अनवरत जारी है। यहां बुधवार को आस्था स्पेशल ट्रेन से पाकिस्तान बार्डर से 1400 रामभक्तों का जत्था पहुंचा। दोपहर 12 बजे से एक घंटे के लिए हनुमानगढ़ी पर दर्शन बंद होने के दौरान श्रद्धालु भक्तिपथ पर बैठ कर राम भजन गाने लगे।

दर्शन सुलभता से हो जाएं इसके लिए कोई कतार से नहीं हटा। भक्तिपथ पर मौजूद इन रामभक्तों ने लगातार जय श्रीराम के उद्घघोष से

पाकिस्तान बार्डर से आए रामभक्त भक्तिपथ पर जयश्रीराम का उद्घोष करते हुए।

क्षेत्र गुंजायमान कर दिया। रामलला के दर्शन के साथ यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु हनुमंत लला के दरबार में भी शीश नवा रहे हैं। एससबी के जवान भक्तिपथ पर दर्शनार्थियों की लाइन लगवाकर बारी - बारी से दर्शन करने के लिए भेज रहे है। एससबी के एसआई ओम प्रकाश ने बताया भीड़ को कंट्रोल करने के लिए 67 जवान रोज की तरह आज भी सुबह आठ बजे से लाइन लगवाकर दर्शन करवा रहे है। देर रात तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। जत्थे का नेतृत्व कर रहे छगन लाल गहलोत ने बताया कि हम लोगों के ठहरने से लेकर भोजन की व्यवस्था कराई गई है। ऐसा पहली बार है जब रामभक्तों को इतना सत्कार दिया जा रहा है। सुरक्षा और अयोध्या धाम की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। मुरादाबाद और अमरोहा से आए कुनाल ने कहा हम 12 लोग कल अयोध्या आए हैं।

एनेक्सी भवन के तीसरे तल पर आग लगने से मची भगदड़

लखनऊ, अमृत विचार : हजरतगंत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) भवन में बुधवार को आग लगने से भगदड़ मच गई। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। एनेक्सी भवन में यह आग मुख्यमंत्री के कार्यालय के ठीक नीचे के फ्लोर में लगी।

सीएफओ (मुख्य अग्निशमन अधिकारी) मंगेश कुमार के मुताबिक, लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) के तीसरे तल में आग लग गई थी, आग लगते ही एनेक्सी में मौजूद फायर अलार्म बजने लगा। जिसके चलते कार्यालय में मौजूद कर्मी व अधिकारी भवन से बाहर निकले। इसके बाद लोगों ने फौरन दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर आग लगने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकल कर्मी चार फायर टेंडर लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सीएफओ ने बताया कि हाइड्रोलिक की मदद से दमकर्मी कर्मी तीसरे तल पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया। प्रथम दृष्टिया में सामने आया कि ऑयल हीटर या ब्लोअर में शॉर्ट सर्किट हुआ और वहां रखे सोफे में आग लग गई।

उत्तराखंड

साढ़े 12 हजार के लिए 327 किमी दूर मिलेगा रोजगार

हल्द्वानी, अमृत विचार : निजी कंपनी की ओर से आईटीआई में अप्रेंटिस के लिए युवाओं की भर्ती की गई। आईटीआई में डिप्लोमा धारक युवाओं को काफी भीड़ रही है। बेरोजगारी का आलम यह है कुछ हजार मानदेय के लिए युवाओं को घर से दूर का सफर करना पड़ रहा है। अशोक लेलैंड कंपनी ने अप्रेंटिस के लिए युवाओं की भर्ती के लिए शिविर लगाया। एक साल तक अप्रेंटिस करने को मिलेगी। इसमें साढ़े 12 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। अशोक लेलैंड कंपनी में रुद्रपुर में अप्रेंटिस का मौका मिलेगा। धारचूला इसे रुद्रपुर की दूरी करीब 327 किमी है।

उत्तराखंड की तरह अन्य राज्यों को भी लागू करना चाहिए यूसीसी: तोगड़िया

संवाददाता, किच्छा

▸▸ **अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष बोले- अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनना आस्था का सम्मान**

अमृत विचार: राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण से हिंदुओं के पुनर्जागरण की शुरुआत हो गई है। करीब 500 वर्षों बाद अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था का सम्मान हुआ है। उन्हें अपने आराध्य देव की पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

नगर के बाईपास स्थित एक आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए डॉ. तोगड़िया ने कहा कि 500 वर्षों पुराना हिंदुओं का सपना आज सरकार हो गया है और करीब 8 करोड़ सनातन प्रेमियों के दिए गए सहयोग के चलते राम मंदिर का भव्य निर्माण संभव हो पाया है। करोड़ों लोगों द्वारा दिए गए बलिदान, श्रम एवं सहयोग राशि से भव्य श्री राम मंदिर आज विश्व पटल पर उभर कर सामने आया है। साथ ही सैकड़ों सालों से बिखरे हुए सनातन धर्म की एकजुटता बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि अभी और कई ऐसे धार्मिक स्थल जीर्ण स्थिति तथा विवादित पड़े हुए हैं जिनका जीर्णोद्धार किया जाना हिंदू धर्म के लिए आवश्यक है। उन्होंने उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पेश किए गए यूनिफॉर्म सिविल कोड का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार की सराहना की। कहा कि देश के अन्य राज्यों को भी समाज में एकरूपता एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए समान नागरिक संहिता कानून लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता सरकारों की तरफ वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत यूसीसी कानून को जल्द लागू करने के लिए आशा भरी निगाहों से देख रही है। इस दौरान डॉ. प्रवीण तोगड़िया का भाजपाइयों एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

भर्ती घोटाले में निलंबित दरोगा बहाल, जांच बाकी

हल्द्वानी, अमृत विचार : हरीश रावत सरकार में भर्ती हुए 339 दरोगाओं पर भाजपा सरकार में गाज गिरी। पहले एसटीएफ और विजिलेंस की जांच रिपोर्ट पर 20 दरोगाओं को निलंबित कर दिया गया। अब धामी सरकार में ही सभी निलंबित दरोगाओं की बहाली का आदेश आ गया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आरोपियों की क्लीन चिट मिल गई है। क्योंकि इस मामले की जांच और न्यायालय का आदेश आना अभी बाकी है। बहाली के आदेश तब जारी किए गए हैं, जब पुलिस मुख्यालय ने इस बात की पुष्टि कर ली कि अब आरोपी मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर पाएंगे।

पौड़ी के 10 गांवों में रात का कर्फ्यू

संवाददाता, पौड़ी (गढ़वाल)

अमृत विचार : पौड़ी गढ़वाल जिले के 10 गांवों में 9 फरवरी तक रात का कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह कर्फ्यू शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि को कोई भी ग्रामीण आवाजाही नहीं कर पाएगा। कर्फ्यू 7 फरवरी शाम 6 बजे से प्रभावी होगा।

गुलदार और बाघ के निरंतर हमलों को देखते हुए जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने यह आदेश जारी किया है। कर्फ्यू का निर्णय उपजिलाधिकारी श्रीनगर और उप वन संरक्षक पौड़ी की संस्तुति के क्रम में किया गया। जिलाधिकारी पौड़ी के आदेश के मुताबिक नाइट कर्फ्यू श्रीनगर शहर से सटे ग्राम

▸▸ **बाघ के पुन : हमलों की आशंका के चलते उठाया कदम**

श्रीकोट समेत ढिकवाल गांव, सरणा, बुघाणी, जलेथा, भटोली, ग्वाड़, रैतपुर, कोठगी, खिर्सू में लागू रहेगा। जिलाधिकारी के पात्र के मुताबिक इन क्षेत्रों में गुलदार/बाघ के पुनः हमलों की आशंका है। लिहाजा, वन विभाग की ओर से कर्फ्यू के दौरान गुलदार/बाघ को पकड़ने के लिए तमाम उपाय किए जाएंगे। इस तरह की फौरी व्यवस्था के साथ ही गुलदार और बाघ के हमलों से नागरिकों को बचाने के लिए ठोस प्रयास भी करने होंगे।

क्लास में अचानक चीखने लगीं छात्राएं

संवाददाता, चमोली

▸▸ **घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं**

अमृत विचार : जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गौचर में क्लासेज चल रही थीं, तभी कई छात्राएं एक साथ चीखने और चिल्लाने लगीं।

एक के बाद एक कई छात्राओं की चीख-पुकार से पूरा स्कूल गूंज उठा। छात्राएं अजीब हरकतें भी कर रही थीं। ये देख टीचर और स्कूल स्टाफ घबरा गए। वहीं परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो वो स्कूल की तरफ दौड़ पड़े। स्कूल में अजीबो-गरीब स्थिति बन गई थी। छात्र और शिक्षक खौफ में थे। वहीं कई छात्राएं बेहोश भी हो गई थीं। मामला इस कदर बिगड़ा कि आनन फानन में स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। अभिभावकों ने बताया कि वो अपनी बेटियों को बेहोशी की हालत में घर लाए, कई बच्चियों को रास्ते में रोते-बिलखते देखा गया।

जीजीआईसी गौचर की अध्यापिका के मुताबिक, छात्राएं क्लास रूम से बाहर निकल रही थी। तभी एक बालिका जोर-जोर से चिल्लाने लगी। देखते ही देखते क्लास की अन्य बालिकाएं भी चिल्लाने लगी। बाद में अभिभावकों को सूचना दी गई। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। बच्चियों के परिजन मामले को भूत-प्रेत से जुड़ा बता रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई साल पहले इस स्कूल में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, विद्यालय परिवार ने घटना के भूत-प्रेत से जुड़ा होने से इनकार किया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कई बार कुछ बालिकाएं कक्षा में बेहोश हुई हैं, लेकिन पूरे स्कूल की छात्राओं के एक साथ चिल्लाने की यह पहली घटना है। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

लालकुआं थाने में फिल्म लव ब्लड की शूटिंग

लालकुआं, अमृत विचार : बॉलीवुड की फिल्म लव ब्लड की शूटिंग के दौरान बुधवार को कोतवाली लालकुआं में अभिनेता आर्य बब्बर, दया शेट्टी, अभिनेत्री इंदु सोलंकी और पायल बनर्जी ने अभिनय किया। लालकुआं कोतवाली में दोपहर बाद जैसे ही बॉलीवुड के कलाकार पहुंचे तो देखने वालों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। लालकुआं कोतवाली में महज 1 मिनट का सीन था।

कैंची क्षेत्र में हेलीपैड के लिए नहीं मिल रही जमीन

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित सुप्रसिद्ध कैंची धाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुविधाओं के लिए प्रस्तावित हेलीपैड के लिए उपयुक्त जमीन नहीं मिल पा रही है। राजस्व विभाग की टीम लगभग आधा दर्जन से अधिक जमीनों का निरीक्षण भी कर चुकी है पर जमीन मानक में खरा नहीं उतर रही। राजस्व उपनिरीक्षक शकील अहमद के अनुसार कई जगह जमीनों का निरीक्षण किया जा चुका है पर उपयुक्त भूमि नहीं मिल सकी है। राजस्व उपनिरीक्षक के अनुसार

हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम में हेली सेवा के लिए ट्रायल करते अधिकारी।

तलाश तेज की गई है। उपयुक्त जमीन मिलने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएंगी।

हाईवे पर स्थित सुप्रसिद्ध कैंची धाम में रोजाना देश-विदेश से सैकड़ो बाबा भक्त पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सरकार भी गंभीरता से कदम उठा रही है इसी के तहत कैंची धाम को मंदिर माला मिशन से जोड़ तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल में उतारने की तैयारी तेज हो गई है।

पिथौरागढ़, मुनस्यारी चम्पावत के लिए हेलीसेवा का ट्रायल

हल्द्वानी। हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेली सेवा का ट्रायल हो गया है। उम्मीद है कि जल्द ही कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी से सीमांत जिलों के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। उड़ान योजना के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़ व चम्पावत जिले के लिए हेली सेवा शुरू की जा रही है। इसके लिए प्रशासन ने गौलापार स्थित हेलीपैड पर बुनियादी सुविधाएं विकसित की और जरूरत के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया।

दे दो केवल पांच गांव..से फूंका चुनावी महाभारत का बिगुल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सुनाई महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृष्ण की चेतावनी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : महाकवि रामधारी सिंह दिनकर ने कृष्ण की चेतावनी रचते समय कभी नहीं सोचा होगा कि एक दिन इसके जरिए काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान की विवादित भूमि लेने का संदेश गूंजेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बुधवार को दे दो केवल पांच गांव.. से चुनावी महाभारत में संघ और विहिप के 35 साल पुराने दांव आजमाने का भी संकेत दे दिया। जाके प्रिय न राम वैदेही..के जरिए अयोध्या न जाने वालों को वोट बैंक का लालची ठहराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भरे सदन में काशी और मथुरा की मांग करने वाला संकेत यूं ही नहीं दिया। राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भाजपा, संघ और विहिप के जिम्मेदार नेता कहते थे कि अभी काशी-मथुरा पर कोई बात नहीं होगी। सिर्फ भव्य और दिव्य राममंदिर निर्माण ही एक मात्र

लक्ष्य है। मगर, प्रभु रामलला की अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए काशी-मथुरा का मुद्दा गरमाने की तैयारी है।

राममंदिर आंदोलन के दौरान हिंदुत्व के फायरब्रांड नेता के रूप में चर्चित रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सदन में काशी और मथुरा का जिक्र करना बड़ा राजनीतिक संकेत है। भाजपा की रणनीति मथुरा और काशी के जरिए लोकसभा चुनाव में पुराना दांव आजमाने की कोशिश है। लगता है कि मोदी की गारंटी के बाद अब हिंदू और मुसलमान के बीच वोटों का ध्रुवीकरण मिशन-80 की पूर्ण सफलता की गारंटी बनने वाला है।

मुख्यमंत्री योगी समेत भाजपा के रणनीतिकार जानते हैं कि उत्तर-प्रदेश में मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही होगा, ऐसे में पीडीए के जरिये हिंदू वोटों का बिखराव रोकने का एक मात्र आसरा राममंदिर के बाद काशी और मथुरा है। भाजपा और संघ को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद माहौल और अवसर भी साथ दिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या की उपेक्षा, कर्फ्यू, गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट, कारसेवकों की हत्या, परिक्रमा पर प्रतिबंध, रामनामी धारण करने वालों की पिटाई आदि तमाम शब्दों के जरिए सपा पर जमकर निशाना साधा। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की बात कहते हुए अयोध्या की भव्यता-दिव्यता से देश-दुनिया में बढ़ी धमक गिनाई।

वोट बैंक के लिए विदेशी लुटेरों का साथी ठहराया : लोकसभा चुनाव को देखते हुए सदन में मुख्यमंत्री ने सपा समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों व नेताओं को मुस्लिम परस्त साबित करने की पूरी कोशिश की गई। यहां तक कहा कि भारत में आए विदेश आंक्राताओं ने केवल धन-दौलत ही नहीं लूटी, बल्कि आस्था पर भी हमले किए। लेकिन वोट बैंक के लिए लोग आक्रांताओं को महिमामंडित करते हैं।

सपा ने सदन से किया वाकआउट

लखनऊ, अमृत विचार : विधान परिषद में बुधवार को सपा विधायकों ने किसानों की समस्याओं का मुद्दा जोर-शोर से उठाया और सरकार विरोधी नारे बाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। जवाब में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाया जा चुका है, निजी नलकूपों के बिल माफ कर दिये गये हैं। किसानों की आय, खेती से दोगुनी हो जाए बल्कि इसके लिए अन्य अनेक योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रहीं हैं। सुबह कुंवर मानवेंद्र सिंह के सभापतित्व में प्रश्न प्रहर सामान्य रूप से चला। सपा के सदस्यों ने प्रदेश के किसानों को लागत के अनुरूप उपज का लाभ दिलाने व उनकी आय दोगुनी करने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। डॉ. मान सिंह यादव ने कहा इस सरकार में किसानों की तकलीफें और बढ़ गयी है। शाहनवाज खान ने कहा गन्ना मूल्य सरकार ने 20 रूपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है जबकि किसानों की लागत लगभग 24 सौ रूपये आ रही है। यूरिया की बोरी का 10 किग्रा वजन कम कर दिया गया। मार्केटिंग की व्यवस्था न होने से जैविक खेती नहीं हो रही है। सरकार की ओर से पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने छुट्टा जानवरों के विषय में कहा ये जानवर छुट्टा नहीं हैं, बल्कि दूध प्राप्त करने के बाद छोड़े गये पशु हैं। पहले कसाईयों की वजह से किसान पशुओं को अंदर बंद रखता था, वर्तमान में निश्चिंत होकर खुले में छोड़ दे रहा है।

अखिलेश की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री ने किया प्रहार

लखनऊ, अमृत विचार : महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रहार करते हुए समूचे विपक्ष को नसीहत दे डाली। बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर आभार ज्ञापन के दौरान योगी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष ने टिप्पणी की थी। सपा का रवैया महिलाओं के प्रति क्या है उसका उदाहरण हमने सदन में महिला राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिखा। राज्यपाल एक संविधानिक प्रमुख हैं इतनी वरिष्ठ हैं। उनके एक घंटे से अधिक के उनके अभिभाषण के दौरान सपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति उसके वास्तविक चरित्र को प्रदर्शित करता है। वहीं, योगी ने सदन में आश्वासन दिया कि 2025 के महाकुंभ को 2019 से भी अधिक भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। योगी ने कहा कि हम 2025 के महाकुंभ को भव्य दिव्य रूप में संपन्न कराएंगे। 2019 में जब प्रयागराज कुंभ था, तब काशी, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य और विंध्यवासिनी का धाम इस रूप में नहीं था। हमारा अनुमान है कि 19 के कुंभ की तुलना में दोगुना श्रद्धालु यहां आएंगे। अयोध्या राम मंदिर का भी जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 दिन में 36 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट ने दर्शन किया। मंगलवार को ही नेपाल के सांसद और बुधवार को फिजी और सूरीनाम के लोग वहां आ रहे हैं।

ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाना विवाद की सुनवाई अब 12 को होगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाना विवाद से संबंधित मामले में हिंदू पक्ष ने बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान दावा किया कि तहखाने के अंदर पूजा-अनुष्ठान कभी रुका ही नहीं। वर्ष 1993 में जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया, तब भी पूजा होती रही। हालांकि साल में केवल एक बार ही ऐसा होता था, लेकिन ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने कभी इस पर आपत्ति नहीं जताई। मस्जिद समिति का तहखाने पर कभी कोई कब्जा नहीं था। वे पूजा-अनुष्ठानों पर आपत्ति नहीं कर सकते हैं। यह दलील अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान दी। समयाभाव के कारण तर्क पूरे नहीं हो सके, इसलिए मामले को 12 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

मुस्लिम पक्ष की याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। वादी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में देवताओं की पूजा और तहखाने के दक्षिणी हिस्से के रिसीवर के रूप में जिला मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की मांग को लेकर जारी आदेश को सही ठहराते हुए अधिवक्ता जैन ने कहा कि उनकी पहली प्रार्थना (रिसीवर की नियुक्ति) के लिए 17 जनवरी को अनुमति दी गई जबकि कुछ चूक के कारण उनकी दूसरी प्रार्थना व्यास तहखाने में प्रार्थना करने की अनुमति नहीं मिली थी, लेकिन 31 जनवरी को पूजा करने की अनुमति भी मिल गई। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने अपने तर्कों को उचित ठहराने के लिए 1800 दशक के विभिन्न दस्तावेजों को रिकॉर्ड में रखा कि व्यास परिवार का तहखाना पर कब्जा था। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि वर्ष 1993 में जब बैरिकेडिंग की गई तो व्यास परिवार ने वहां पूजा करने का अपना अधिकार छोड़ दिया था। यह सत्य है कि मुसलमानों ने तहखाने में कभी नमाज नहीं पढ़ी, लेकिन यह समिति के कब्जे में था।

सार-संक्षेप

भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लाक प्रमुख

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने समारोहपूर्वक भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। श्री चौधरी ने शामिल होने वाले नेताओं से विश्वास जताया कि भाजपा की अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों, लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

पीएनबी के शाखा प्रबंधक, फील्ड अफसर गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई। सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी। यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में बीस हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

प्रवक्ताओं की हुई पदोन्नति, बने प्रधानाचार्य

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्य बनाए गए 13 शिक्षकों को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बधाई दी प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त पड़े थे। इन विद्यालयों में काफी लंबे समय से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को 2004 की नियमावली के तहत प्रधानाचार्य बनाया गया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण बुधवार को समाज कल्याण निदेशालय पहुंचे और कहा कि प्रवक्ताओं के प्रधानाचार्य बनने से शिक्षण गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि जल्द अन्य विद्यालयों को भी स्थायी प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। इस दौरान समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत, उप निदेशक सिद्धार्थ मिश्र आदि मौजूद रहे। ये बने प्रधानाचार्य : राधे श्याम चौधरी, नरेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार, बलराज सिंह, डॉ. वंदना त्रिवेदी, नविता यादव, वंदना त्रिपाठी, निर्मल चंद्र बाजपेयी, मान सिंह, सुशील दत्त, कालिका मौर्य, कमल राज पाल।

तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने तीन आईपीएस अफसरों को बदल दिया है। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिशनरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

19 को धरातल पर उतरेगा 10 लाख करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। कानून व्यवस्था अच्छी और सरकार की नियत साफ हो तो देश और दुनिया के निवेशक निवेश के लिए आना चाहते हैं। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है।

विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए

योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

महिलाओं को साधने के लिए शक्ति संवाद पर फोकस

लखनऊ, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा इस बार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा समाज के हर वर्ग से संवाद कर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में लगी है। शक्ति वंदन अभियान के तहत शक्ति संवाद कर महिलाओं को केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को पार्टी से जोड़ने और उसे वोट में बदलने के लिए भाजपा ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। भाजपा स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क करेगी। साथ ही उनके अध्यक्ष एवं सचिव से बात करेगी। 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 और 12 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह होंगे। 12 से 21 फरवरी तक मंडल में सक्रिय स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से संपर्क किया जाएगा। 22 फरवरी को हर मंडल में प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा।

रालोद की भाजपा से बढ़ रहीं नजदीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा डैमेज कंट्रोल में जुटी, जयंत चौधरी को मनाने का जिम्मा शिवपाल यादव को मिला

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल के भाजपा से नजदीकियां बढ़ाने की चर्चाओं के बीच मुजफ्फरनगर सीट से गठबंधन में टिकट के दावेदार पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अखिलेश यादव ने लखनऊ बुलाया है।

सपा प्रमुख की मलिक से अगली राजनीतिक रणनीति पर मंत्रणा होगी। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह से बातचीत करने का जिम्मा सौंपा गया है। दोनों के बीच शीघ्र ही बात हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सपा और रालोद के गठबंधन में बड़ा मतभेद मुजफ्फरनगर सीट को लेकर है। माना जा रहा है कि यह सीट रालोद के कोटे की है, लेकिन अखिलेश यादव यहां से हरेंद्र मलिक को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। रालोद ने इस पर नाराजगी जताई। एक तरफ हरेंद्र मलिक और उनके बेटे चरथावल से विधायक पंकज मलिक लोगों के बीच पहुंचकर चुनाव की तैयारी में जुट गए और दूसरी तरफ रालोद में उनके नाम पर सहमति नहीं बनी। भाजपा से इसी दौरान रालोद की बातचीत हुई और समीकरण बदल गए।

कुछ पक अवश्य रहा है

लखनऊ। रालोद की राजनीतिक गतिविधियां बता रहीं हैं कि कुछ पक अवश्य रहा है। रालोद का फिलहाल चौधरी चरण सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम टल गया है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी की जगह 24 फरवरी को अब होगा। वहीं, रालोद के सभी विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दर्शन करने भी जाएंगे।

31 छात्रावास जर्जर अब 230 में ही चलाओ काम

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 20 हजार छात्रों के गुजर बसर को छात्रावासों के कमरे हुए और कम
- प्रदेश में अब सिर्फ 230 छात्रावासों का हो रहा है संचालन
- एक छात्रावास की क्षमता 40 से 100 छात्रों की

अमृत विचार : घर का सुख चैन छोड़कर जीवन को नया आयाम दे परिवार को बुलंदियों पर ले जाने का सपना संजोए आने वाले छात्रों की गुजर-बसर अब थोड़ा मुश्किलों भरी होगी।

वैसे ही छात्र सीमित संसाधन का उपभोग कर रहे थे। अब अचानक जर्जर 31 छात्रावासों पर ताला लटकने से उनके सामने रिहाइश की नई समस्या खड़ी हो गई। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन जर्जर छात्रावासों को बंद कर दिया गया है। ऐसे में 230 छात्रावासों में ही फिलहाल 20 हजार छात्रों को रहना पड़ेगा। विभाग जब तक छात्रावास को सुधारेगा नहीं तब तक उनकी सुविधाएं बहाल नहीं हो पाएंगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 261 छात्रावास का संचालन किया जा रहा था। इसमें 187 बालक और 74 बालिका छात्रावास हैं।

इसमें 70 प्रतिशत अनुसुचित जाति के लिए, 20 प्रतिशत ओबीसी के लिए और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को आवंटन होता है। छात्रावास में सिर्फ रहने की व्यवस्था होती है जबकि छात्र को नाश्ते से लेकर भोजन तक की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ती है। छात्रावासों की क्षमता 40 से लेकर 100 छात्रों की है। 30 छात्रावास बदहाल होने के कारण बंद कर दिए गए हैं। छात्रावास बंद होने से छात्रों की परेशानी और बढ़ गई है। बंद हुए छात्रावासों के छात्रों को अब दूसरी जगह समायोजित किया गया है।

छात्रावासों का बनेगा डाटा बेस

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 231 छात्रावासों में लगभग 20 हजार छात्र प्रवास कर रहे हैं। छात्रावास का अब डाटा बैंक बनाने की तैयारी है। साथ ही एक वेबसाइट भी बनाई जाएगी। जिससे छात्रावास का पूरा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगा। जरूरतमंद छात्र ऑनलाइन जानकारी लेने के बाद अपनी सुविधानुसार छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

वर्ग पहेली-336

बाएं से दाएं

1.1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।

3.1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।

4.1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।

6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।

8.1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

ऊपर से नीचे

2.1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।

3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।

5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।

7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



वर्ग पहेली - 335 का हल

	1 मँ				2 ढि
3 ष	ड	रि	4 पु		ला
	वा		रो		ना
		5 सं	हि	ति	
6 द	ढ़ी	भू	त		7 श
		त			फ़ी
8 शि	फा		9 त	पा	क

सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5			7		3		
8			2				7	4
		7		1		6		
6								9
	7	2				8		
				6				1
		3		2		5		
9	4				7			2
		6		9			8	

सुडोकू - 52 का हल

2	5	3	8	4	1	6	9	7
6	4	8	2	9	7	3	5	1
1	7	9	3	6	5	4	8	2
8	2	6	7	5	4	1	3	9
9	3	4	6	1	2	8	7	5
5	1	7	9	8	3	2	4	6
4	8	2	1	7	9	5	6	3
7	6	1	5	3	8	9	2	4
3	9	5	4	2	6	7	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

कर्क — आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

सिंह — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

कन्या — आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

तुला — आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

वृश्चिक — आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होंगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

धनु — आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर — आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

कुंभ — आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

मीन — आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 09.00
- गद्दार — रात : 09.00

SONY SMAX
- मलंग — सुबह : 10.44
- पीकू — रात : 07.00

Ullu Gold
- वीरता द पॉवर — दोपहर : 12.15
- कलंक — रात : 06.45

ZEE CINEMA
- हीरो — सुबह : 07.10
- दिवार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कभी खुशी कभी गम — सुबह : 08.24
- राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1405, सचिन 1420, सूरज 1430, अवसर 1500, राग गोल्ड 1500, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1595, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500–14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6950–7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा: आईईए

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

बेतुल (गोवा), एजेंसी

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरत: नडेला

मुंबई। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

नीति आयोग ने की एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर**

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000–48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,300
चांदी आभूषण	72,200।

डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी**

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

भारत यूएसजीबीसी की वैश्विक सूची में तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली। भारत ऊर्जा और पर्यावरण डिजाइन लीडरशिप (एलईईडी) प्रमाणन के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 देशों और क्षेत्रों की वार्षिक सूची-2023 में तीसरे स्थान पर है। इस सूची को अमेरिकी ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (यूएसजीबीसी) ने तैयार किया है। अमेरिका को सूची में शामिल नहीं किया गया है। एलईईडी हरित इमारतों की रेटिंग प्रणाली है। प्रमाणन पर्यावरण के स्तर पर उपलब्धि को बताता है। यूएसजीबीसी ने बयान में कहा कि रेटिंग प्रणाली लगभग सभी प्रकार की इमारतों के लिए उपलब्ध है।

जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।

राष्ट्रीय

एक नजर

लोकसभा में अंतरिम बजट पारित

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को 2024–25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा का जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024–25 में घटाकर 5.1 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।

नीतीश कुमार ने की नरेंद्र मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख कुमार के विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का पिछले महीने साथ छोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर बिहार में सरकार बनाने के बाद, दोनों नेताओं की पहली मुलाकात थी। कुमार ने दोहराया कि वह अब फिर राजग का साथ नहीं छोड़ेंगे। मोदी के साथ अपनी बैठक के बाद, कुमार ने गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की तथा माना जाता है कि उन्होंने बिहार से संबंधित कई शासन और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर–मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा–गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आम आदमी पार्टी को दी गई

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगाया आरोप**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में निविदा के जरिए भ्रष्टाचार से मिली रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आम आदमी पार्टी (आप) को दी गई।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि डीजेबी से जुड़े कथित धन शोधन मामले में मंगलवार की छापेमारी के बाद 1.97 करोड़ रुपये मूल्य का सामान और चार लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। इसने कहा कि छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी जब्त किए गए। हालांकि, बयान में विभिन्न बरामदगी के विशिष्ट स्थान का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने अपने बयान में कहा कि अगर डीजेबी अधिकारियों या उसके ठेकेदारों द्वारा किया गया कोई भी गलत काम सच साबित होता है तो वे इसकी निंदा करते हैं। वहीं, पार्टी ने ईडी पर उसके नेताओं के खिलाफ झूठे आरोप लगाने का दावा किया। पार्टी ने कहा-हम ईडी के इस सरासर झूठे आरोप की भी निंदा करते हैं कि उसके नेताओं का इस मामले से कोई लेना-देना है। आप नेताओं के पास से एक भी पैसा या सबूत बरामद नहीं हुआ है, जिन पर कल ईडी ने छापा मारा था। ईडी ने अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार, आप के राज्यसभा सदस्य एनडी. गुप्ता और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली थी।

भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक गिरफ्तार

जम्मू। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू कश्मीर में धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के निवासी अग्रवाल को 200 करोड़ रुपये की कथित ऋण धोखाधड़ी की जांच के तहत मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने विशेष लोक अभियोजक अश्वनी खजूरिया के माध्यम से बुधवार को जम्मू में विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निरोधक (सीबीआई मामले) बाला ज्योति की अदालत में एक अर्जी दाखिल की और आरोपी का 7 दिन का रिमांड हासिल किया है।

शरद गुट की पार्टी का नाम हुआ राकांपा शरदचंद्र पवार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **निर्वाचन आयोग ने तीन विकल्पों में से एक आवंटित किया**

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को 3 नाम-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया।

संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट ने एकतरफा फैसलों के लिए एनजीटी को लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने एक असामान्य आदेश में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को बार-बार ''एकतरफा निर्णय लेने'' के लिए फटकार लगाई है और आगाह किया है कि न्यायाधिकरण को औचित्य की अनदेखी से बचने के लिए सावधानी से काम करना चाहिए।

ये कड़ी टिप्पणियां न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने दिल्ली के एक उद्यम द्वारा दायर अपील पर अपने फैसले में कीं। उद्यम की ओर से दायर अपील में एनजीटी के दो आदेशों को चुनौती दी गई थी, जिसमें पर्यावरण को प्रदूषित करने के लिए स्वतः संज्ञान के बाद की गई कार्यवाही और बिना सुनवाई का अवसर दिए कंपनी पर जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने 30 जनवरी को यह आदेश दिया था जो बुधवार को अपलोड किया गया। पीठ ने कहा-एनजीटी द्वारा बार-बार एकतरफा निर्णय लेना एक प्रचलित मानदंड बन गया है। न्याय के लिए अपनी उत्साही खोज में, अधिकरण को औचित्य की अनदेखी से बचने के लिए सावधानी से काम करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि एकतरफा आदेशों का चलन और करोड़ों रुपये का हर्जाना लगाना, पर्यावरण सुरक्षा के व्यापक मिशन में एक ''प्रतिकूल शक्ति'' साबित हुआ है। पीठ ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि एनजीटी के इन आदेशों को लगातार शीर्ष अदालत से रोक का सामना करना पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप सदस्यों, वकीलों और अन्य हितधारकों द्वारा किए गए सराहनीय प्रयासों की पोल खुल गई है।

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए अन्याय को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में उसके साथ अन्याय किया गया है।

बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

राज्य स्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

लखनऊ, अमृत विचार: राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

अगले दो मैचों से बाहर रह सकते हैं कोहली

नई दिल्ली, एजेंसी

बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट मैच से भी बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उनका धर्मशाला में 7 से 11 मार्च तक होने वाले अंतिम टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है लेकिन बीसीसीआई इस बारे में नहीं सोच रहा है, क्योंकि यह मैच एक महीने बाद शुरू होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 से 19 फरवरी के बीच राजकोट में जबकि चौथा मैच 23 से 27 फरवरी के बीच रांची में खेला जाएगा।

कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब चैनल पर खुलासा किया था कि यह बल्लेबाज दूसरी बार पिता बनने वाला है और इसलिए वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पा रहे हैं। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि परिवार के मामलों में बोर्ड क्रिकेटर का साथ देता है। विराट कब वापसी चाहते हैं यह उनका फैसला होगा। सबसे बड़ा सवाल बुमराह के कार्यभार प्रबंधन का है। उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच में 33 ओवर किए और 9 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। तीसरे टेस्ट मैच का परिणाम अहम भूमिका निभा सकता है। राजकोट के मैच में बुमराह को विश्राम देना आसान नहीं होगा। हालांकि रांची के मैच में विश्राम दिया जा सकता है। केएल राहुल की तीसरे मैच में वापसी तय है और ऐसे में रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा जबकि श्रेयस अय्यर को मौका मिलना सुनिश्चित है। रविंद्र जडेजा भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं लेकिन उनके राजकोट में खेलने की संभावना कम है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में विश्राम दिया गया था और वह तीसरे टेस्ट मैच में वह मुकेश कुमार की जगह अंतिम एकादश में शामिल होंगे।

खेल डायरी

बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

ढाका, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गई थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

एफआईएच प्रो लीग: भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से हारी

भुवनेश्वर, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को कलिंग स्टेडियम में खेली जा रही एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में आस्ट्रेलिया से 0-3 से हार गई। यह मेजबान टीम की लगातार तीसरी हार है। आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान ग्रेस स्टेवर्ट (19वें मिनट), टाटम स्टेवार्ट (23वें) और कैटलिन नोब्स (55वें) ने गोल दागे। भारत ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन मेहमान टीम की गोलकीपर जो न्यूमैन ने इसे बचा लिया। आस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर में दबाव बनाया लेकिन भारतीय रक्षण मजबूत बना रहा। दूसरे क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टेवर्ट की मदद से पहला गोल किया। भारतीय टीम ने मौके बनाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे टाटम स्टेवार्ट ने गोल में बदलकर टीम को पहले हाफ में 2-0 से बढ़त दिला दी। नोब्स ने चौथे क्वार्टर में तीसरा गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। भारत अब शुक्रवार को अमेरिका से भिड़ेगा।

आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी। इस महीने ग्वालियर में होने वाली अंडर-15 और 20 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि कुछ राज्य संघों ने इतने संक्षिप्त नोटिस में इसमें भाग लेने में असमर्थता जाहिर की। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का काम देख रही तदर्थ समिति ने राज्य संघों की मांग पर यह फैसला लिया। ग्वालियर में 11 से 17 फरवरी तक अंडर-20 और 15 फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप होना था। डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा ने कहा कि कुछ राज्य कुश्ती संघों के अंडर-20 और 15 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप को पुनर्निर्धारित के प्रतिनिधित्व प्राप्त हुए। उन्होंने मांग की कि इतने कम समय में वे टीम भेजने में असमर्थ हैं क्योंकि इसके लिए अभी तक ट्रायल्स नहीं हुए हैं।

शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

रैंकिंग	खिलाड़ी	रेटिंग
1	जसप्रीत बुमराह	881
2	कगिसो रबाडा	851
3	आर अश्विन	841
4	पैट कमिन्स	828
5	जोश हेजलवुड	818
6	प्रभात जयसूर्या	783
7	जेम्स एंडरसन	780
8	नाथन लियॉन	746
8	रवींद्र जडेजा	746
8	ओली रॉबिन्सन	746

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब

खिलाड़ियों से संवाद को हम दे रहे हैं प्राथमिकता: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।

नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है

जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में पहुंचा

अल-रेयान (कतर), एजेंसी। याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा।

नहीं रहे पूर्व क्रिकेटर नीरू कपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के क्रिकेटर नीरू कपूर (81) ने बुधवार सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक जताया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर होगा। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से बीमार थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हुई। श्वास की दिक्कत से उन्हें तीन दिन पहले मेदांता में भर्ती कराया गया था।

वह बेहतरीन क्रिकेटर के अलावा शानदार खेल प्रशासक व चयनकर्ता रहे। वह 16 वर्ष की आयु में उस समय सुर्खियों में आए, जब उन्होंने 7 रणजी क्रिकेटरों वाली टीम मार्निंग स्टार क्लब के खिलाफ शतक जड़ा। लखनऊ के डीवाईए क्लब में शामिल होने के बाद उनका सफर शुरू हुआ। उन्होंने क्लब और लखनऊ के लिए कई शानदार पारियां खेलीं। बाबू स्टेडियम में ऑल इंडिया सर फ्रैंक वॉरेल टूर्नामेंट में 4 घंटे में दोहरा शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया था। 1964 में रणजी खेलने वाली यूपी की टीम में उन्हें मौका मिला। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका 7 वर्ष का कॅरियर रहा। वह 15 वर्षों तक यूपी टीम के चयनकर्ता रहे। उन्होंने भारतीय महिला टीम के चयनकर्ता के रूप में भी काम किया।

पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताया शोक

बॉलीवुड हलचल

'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा

मुंबई, एजेंसी। नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायाण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत

कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में

जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

संघर्ष विराम से इनकार पूर्ण विजय तक चलता रहेगा युद्ध: नेतन्याहू

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह हमास के साथ बीते चार महीने से जारी युद्ध में 'पूर्ण विजय' तक संघर्ष विराम का प्रस्ताव नहीं मानेंगे। पीएम नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल इस युद्ध को तब तक लड़ेगा जब तक हमास का समूल विनाश नहीं कर देता। आतंकी संगठन हमास को नेस्तनाबूंद करने की कसम खा चुके पीएम नेतन्याहू ने किसी भी तरह के अंतर्राष्ट्रीय दबाव में झुकने से इनकार कर दिया है।

उन्होंने कहा है कि इजराइली सेना हमास के आतंकी आकाओं को ढेर करने तक चैन से नहीं बैठेगी। बीते चार महीने से जारी हिंसक संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में अभूतपूर्व मानवीय संकट भी पैदा हुआ है। दोनों तरफ से संघर्ष में अब तक 27 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीजा

भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीजा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीजा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीजा जारी किया गया था।

40% आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट

- भारतीयों को वीजा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीजा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीजा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीजा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीजा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीजा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।



बिलिंग में दो दिन तक लापता शवों की रक्षा करता रहा कुत्ता

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश की पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बिलिंग घाटी में पुलिस ने युवक-युवती के शव बरामद किए हैं। बुधवार को अधिकारियों ने बताया कि एक पालतू कुत्ता दो दिनों से शवों के पास ही बैठा रहा और जंगली जानवरों से शवों की रक्षा करता रहा। बता दें, एक महिला समेत दो पर्यटक रविवार को लापता हो गए थे।

पुलिस के अनुसार, तलाश में जुटी टीम ने मंगलवार को कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनी, आवाज का पीछा करते हुए पैराग्लाइडर बिंदु से तीन किमी नीचे से शवों को बरामद किया। अल्फा नाम का कुत्ता लगभग दो दिनों तक शवों की रक्षा करता रहा। पुलिस ने कहा-मृतक की पहचान अभिनंदन गुप्ता (30) निवासी पठानकोट और उसकी दोस्त पुणे की रहने वाली प्रणिता (26) के रूप में हुई है।

एक नजर

ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

लंदन। भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



बर्फबारी से 400 सड़कें जाम, 12 तक मौसम साफ होने की उम्मीद

शिमला/मनाली। हिमाचल प्रदेश में कई दिनों से जारी बर्फबारी के बाद बुधवार को धूप निकली तो पारा माइनस में होने के बाद भी मनाली, शिमला, धर्मशाला, कुल्लू में कई पर्यटक उमड़ रहे हैं। हालांकि बर्फबारी के कारण अभी भी राज्य की 400 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 12 फरवरी तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। वहीं अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर 5 फीट बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। एक सप्ताह के भीतर दोनों छोर में बर्फ के ढेर लग गए हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे से बनाया पहाड़

बर्लिन। जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

पड़ोसी देश में मतदान आज, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्तान में निवेश करने के इच्छुक हैं।

6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं : जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी : पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

24.15 करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

5,121 प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

4,806 पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

12.8 करोड़ मतदाता
- 266 सांसद बनेंगे

167 रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

90,582 पोलिंग स्टेशन पूरे देश में

किस धर्म के कितने वोटर

96.28%	मुस्लिम
1.59%	ईसाई
1.6%	हिन्दू
0.58%	अन्य

चुनाव से एक दिन पहले दहला बलूचिस्तान, विस्फोट में 40 मरे

पिशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

मुंबई, एजेंसी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी। हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

यूएई में मंदिर...

अबू धाबी : बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी



चिंताजनक यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े

वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

ब्रिटेन: भारतीय धर्मों की शिक्षा को कोर्स में किया गया शामिल

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के स्कूलों में पहली बार भारतीय धर्मों की शिक्षा को कोर्स में शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध धर्म की शिक्षा का कोर्स कक्षा 4 से शुरू होगा। ब्रिटेन में धार्मिक शिक्षा का कोर्स - दसवीं कक्षा तक अनिवार्य है।

अभी ईसाई धर्म की शिक्षाएं ही कोर्स में शामिल हैं। ब्रिटेन में अब तक विश्व हिंदू परिषद यूके और वैदिक शिक्षा संगठन (वॉयस) जैसे संगठन भारतीय परिवारों के बच्चों के लिए धार्मिक शिक्षा का वोकेशनल कोर्स कराते हैं। बता दें, अब भारतवंशी बच्चों को स्कूली कोर्स में ही भारतीय धर्मों की शिक्षा का मौका मिल सकेगा। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय परिवार और अन्य संगठन काफी समय से धार्मिक शिक्षा का

▸▸ सुनक ने दिए निर्देश, अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से होगा लागू

कोर्स शुरू करने की मांग उठा रहे थे।

अब ब्रिटेन के स्कूलों में पढ़ने वाले 88 लाख श्वेत अन्य अन्य मूल के छात्रों और भारतीय मूल के लगभग 82 हजार छात्रों को भारतीय धर्मों की शिक्षा का कोर्स पढ़ने को मिलेगा। सुनक सरकार ने भारतीय धार्मिक शिक्षा के कोर्स को लागू करने के लिए पहली किस्त जारी की है। हाउस ऑफ कामंस ने फंड को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। हर 10 में से 5 भारतीय छात्रों की धर्म के आधार पर बुलीइंग, श्वेत बच्चों में भ्रांतियां: इनसाइट यूके नामक संगठन के एक सर्वे के अनुसार ब्रिटेन के स्कूलों में पढ़ने वाले हर दस पर बुलीइंग होती है।

चीन ने भारतीय रसायन पर डंपिंग रोधी शुल्क 5 साल के लिए और बढ़ाया

बीजिंग। चीन ने भारत से आयातित 'ओ-क्लोरो-पी-नाइट्रोएनिलीन' रसायन पर अगले पांच साल तक डंपिंग रोधी शुल्क बरकरार रखने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को की गई घोषणा के अनुसार, शुल्क को 13 फरवरी से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। चीन ने पहली बार 12 फरवरी, 2018 को 31.4-49.9% की दर से पांच साल के लिए यह शुल्क लगाया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एमओएफसीओएम की जांच में पाया गया कि भारत के पास इसकी मजबूत उत्पादन क्षमता है। इसका दो-तिहाई हिस्सा विदेशी बाजारों में निर्यात पर निर्भर है। इस रसायन का इस्तेमाल मुख्य रूप से रंगों में किया जाता है। मंत्रालय के अनुसार, भारत ने 2018 और सितंबर 2022 के बीच भी चीन को डंपिंग के जरिए, ओ-क्लोरो-पी-नाइट्रोएनिलिन' का निर्यात किया।